
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 98 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 16 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट का ममता सरकार को नोटिस



समाज जागरण

सुप्रीम कोर्ट ने पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के कार्यालय और सह-संस्थापक प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी से जुड़े ईडी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल पुलिस को निर्देश दिया है कि वे छापेमारी से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित रखें।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और डीजीपी राजीव कुमार पर छापेमारी के दौरान कार्रवाई में बाधा डालने का आरोप लगाया है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री स्वयं आरोपी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने डीजीपी की मौजूदगी में व्यक्तिगत रूप से चोरी की, जबकि डीजीपी की भूमिका इसमें सहयोगी की थी। दलीलें सुनने के बाद जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की बेंच ने पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर रोक लगाई।

## ईरान पर ट्रंप ने और प्रतिबंध ठोके

नई दिल्ली/वाशिंगटन. ईरान में जारी प्रदर्शनों के बीच अमेरिका ने तेहरान की गर्दन पर अपनी पकड़ और मजबूत कर दी है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने गुरुवार को ईरान के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों की एक नई खेप जारी की. अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की वेबसाइट के मुताबिक, इस बार निशाना ईरानी शिपिंग, ट्रेडिंग, एनर्जी कंपनियों और उन 11 रसूखदार लोगों पर है, जो ईरान सरकार की रीढ़ माने जाते हैं.

# PLI योजना के असर से भारत के स्मार्टफोन निर्यात ने 30 अरब डॉलर का रिकॉर्ड छुआ

### एप्पल आईफोन ने कुल निर्यात का 75 प्रतिशत हिस्सा लिया, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता बन चुका

नई दिल्लीः सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना ने भारत के स्मार्टफोन निर्यात को नई ऊंचाई तक पहुंचा दिया है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में भारत से स्मार्टफोन का निर्यात करीब 30 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। यह पिछले पांच वर्षों में हुए कुल स्मार्टफोन निर्यात का लगभग 38 प्रतिशत है।

विशेष रूप से, इस अवधि में कुल निर्यात का 75 प्रतिशत हिस्सा एप्पल के आईफोन का रहा, जिसकी कीमत 22 अरब डॉलर से अधिक आंकी गई है। 2025 में निर्यात में 47 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 20.45 अरब डॉलर था।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस हफ्ते बताया कि भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो




गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाने के नए कारखाने शुरू होने से आने वाले समय में निर्यात और रोजगार दोनों में वृद्धि होगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन लगभग 11.3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। 2025 में पहली बार एप्पल आईफोन का निर्यात 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक हुआ, जो 2024 के मुकाबले लगभग 85 प्रतिशत अधिक है। देश में एप्पल के कुल पांच आईफोन असेंबली प्लांट हैं, जिनमें तीन टाटा ग्रुप और दो फॉक्सकॉन द्वारा संचालित हैं।

**"भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निमार्ता। 99% मोबाइल फोन अब मेड इन इंडिया हैं।"**




इस उपलब्धि के साथ ही भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निमार्ता देश बन चुका है। देश में बिकने वाले 99 प्रतिशत से ज्यादा मोबाइल फोन अब मेड इन इंडिया हैं।

PLI योजना मार्च 2026 में समाप्त होने वाली है, लेकिन सरकार इसे आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है। नए नियमों के अनुसार, कंपनियां छह साल की अवधि में किसी भी लगातार पांच वर्षों तक इस योजना का लाभ ले सकती हैं।

## शिक्षा मात्र आजीविका नहीं, समाज और राष्ट्र की सेवा का भी साधनः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

### गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों को मार्गदर्शन, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर

समाज जागरण

नई दिल्ली / अमृतसरः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को पंजाब के अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत की और छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि औपचारिक शिक्षा पूरी करने के बाद छात्र विभिन्न दिशाओं में अपनी यात्रा शुरू करेंगे।

राष्ट्रपति ने बताया कि कुछ छात्र सरकारी या निजी क्षेत्र में सेवा करेंगे, कुछ उच्च शिक्षा या अनुसंधान करेंगे, जबकि कई अपना व्यवसाय स्थापित करेंगे या शिक्षण के क्षेत्र में योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग योग्यताओं और कौशल की आवश्यकता होती है, लेकिन कुछ गुण हर क्षेत्र में सफलता के लिए समान रूप से आवश्यक हैं।

इन गुणों में सीखने की निरंतर इच्छा, कठिन परिस्थितियों में नैतिक मूल्यों और ईमानदारी का पालन, परिवर्तन को अपनाने का साहस, असफलताओं से सीखने का संकल्प, टीम वर्क और सहयोग की भावना, समय और संसाधनों का अनुशासित उपयोग शामिल हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों को याद दिलाया कि इन क्षमताओं और ज्ञान का उपयोग केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए होना चाहिए।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये गुण छात्रों को न केवल अच्छा पेशेवर बनाएंगे, बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनाएंगे। उन्होंने छात्रों से यह अपेक्षा व्यक्त की कि वे समाज के विकास में पिछड़े लोगों के उत्थान में योगदान दें।

उन्होंने पंजाब में बढ़ती मादक द्रव्यों की समस्या का भी जिक्र किया और विश्वविद्यालयों से युवाओं का सही मार्गदर्शन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने भविष्य की योजना पर जोर देते हुए कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में अगले दो दशक महत्वपूर्ण हैं, और भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करेगा जो वैज्ञानिक सोच, जिम्मेदारी और निस्वार्थ भाव से सेवा की भावना रखते हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंच से छात्रों को संबोधित करती हुई

### युवा और उद्यमशीलता

"पिछले दशक में भारत ने प्रौद्योगिकी, एंटरप्रेन्योरशिप और उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज कृषि, अक्, रक्षा और अंतरिक्ष में युवाओं के लिए अनेक अवसर हैं।"

## यूपी-बिहार वालों को 'गाली' देना पड़ा महंगा, ठाकरे ब्रदर्स को घर में मिली मात

देश सबका है... ऐसा लगता है कि यह बात मुंबई के लोगों ने ठाकरे ब्रदर्स को समझा दी है. मुंबई महानगर पालिका चुनाव के एग्जिट पोल के आंकड़े आ गए हैं, जो साफ इशारा कर रहे हैं कि बीजेपी-शिंदे गुट का अलायंस जबरदस्त जीत दर्ज करने जा रहा है. सबसे भरोसेमंद माने जाने वाले Axis My India के एग्जिट पोल को देखें तो साफ है कि यूपी-बिहार वालों को बाहरी बताकर निशाना लगाने वाले ठाकरे ब्रदर्स को घर में ही करारी शिकस्त मिलती दिख रही है.न तो उन्हें मराठियों ने पूरा प्यार दिया और ना ही बाहरी लोगों का वोट मिला. उत्तर भारतीयों और अन्य राज्यों के मतदाताओं ने एकतरफा होकर बीजेपी के पक्ष में वोटिंग की है.




### दक्षिण भारतीयों का भी बीजेपी पर भरोसा

सिर्फ उत्तर भारतीय ही नहीं, दक्षिण भारतीय समाज ने भी मुंबई के विकास के लिए बीजेपी को अपना किंग चुना है. 61% दक्षिण भारतीय वोटरों ने बीजेपी अलायंस का बटन दबाया, जबकि UBT को सिर्फ 21% वोट मिले.यह दिखाता है कि मुंबई का कॉस्मोपॉलिटन यानी महानगरीय वोटर अब क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय पार्टी और विकास के एजेंडे के साथ जाना पसंद कर रहा है.

आंकड़े साफ गवाही दे रहे हैं कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की उत्तर भारतीय विरोध की राजनीति उन पर भारी पड़ गई है. एग्जिट पोल के मुताबिक 68% उत्तर भारतीयों ने बीजेपी शिवसेना (शिंदे)



की लीडरशिप वाले महायुति को वोट दिया है. वहीं उद्धव और राज ठाकरे वाले अलायंस को उत्तर भारतीयों के सिर्फ 19% वोट मिले. यह आंकड़ा साफ दिखा रहा कि किस तरह उत्तर भारतीयों का ध्रुवीकरण बीजेपी के पक्ष में हो गया. यूपी-बिहार के लोगों ने एकजुट होकर उस पार्टी को चुना जिसने उन्हें सुरक्षा और सम्मान का वादा दिया. 'गाली' और 'बाहरी' का ठप्पा लगाने की राजनीति ने इस वोट बैंक को पूरी तरह से बीजेपी की गोद में डाल दिया है.



# कैंटीन में बिकता धीमा जहर

आजकल दोनों माता-पिता वर्किंग हैं। सुबह का समय इतना व्यस्त होता है कि टिफि न तैयार करना और बच्चों का पूरा ध्यान रखना चुनौती बन जाता है। ऐसे में माता-पिता अक्सर मोटी फीस देकर नामी स्कूल चुनते हैं, यह सोचकर कि उनका बच्चा न सिर्फ.अच्छी शिक्षा पाएगा, बल्कि स्कूल की कैंटीन में मिलने वाला खाना भी सुरक्षित और पौष्टिक होगा।

लेकिन हकीकत यह है कि कई स्कूलों में वही पैकेट में बंद ह्यहेल्दीह्व दिखने वाले स्नैक्स बिकते हैं, जो पाम ऑयल, रिफाइंड ऑयल, रिफाइंड व्हीट फ्लोर (मैदा) और व्हाइट शुगर से बने होते हैं। इन पैकेट्स में कभी-कभी फलों या अनाज का छोटा सा हिस्सा मिला दिया जाता है लगभग 10-25 प्रतिशत और बाकी का हिस्सा वही पुराना, पाम आयल या रिफाइन आयल उस-ाके साथ preservatives or enhancer होते है जो हानिकारक केमिकल होते है।

जिनको वो ह्नहेल्दीह्व फूड दिख-ाकर बेचते है ।कुछ बच्चे स्कूल टिफि न लेकर भी कैंटीन की ओर खिंचे चले जाते हैं। इसका कारण केवल स्वाद या जिज्ञासा नहीं, बल्कि दोस्तों की देख-देखी और सभी दूसरे बच्चे ले रहे हैं तो मैं भी लूँ की आदत होती है। वहीं, कई स्कूल पैकेज ऑफर देते हैं। कूपन या मॉर्निंग-ब्रेक पैक, जिसमें टिफि न के साथ-साथ पैक्ड स्नैक और फ्लेवर्ड ड्रिंक भी शामिल होते हैं। इससे बच्चे बिना सोचे-समझे इन जंक फूड्स की ओर बढ़ जाते हैं।

पोषण विशेषज्ञ बताते हैं कि पाम ऑयल में लगभग 50 प्रतिशत सैचुरेटेड फैट होता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है। रिफाइंड ऑयल और मैदा पोषण खो चुके होते हैं और मोटापा, सूजन और मेटाबॉलिक समस्याएँ बढ़ाते हैं। वहीं व्हाइट शुगर बच्चों को कम उम्र में ही मीठे की लत लगाती है और भविष्य में डायबिटीज तथा हार्ट डिजीज का खतरा पैदा करती है।

शहरी भारत में लगभग 25 प्रतिशत बच्चे ओवरवेट या मोटापे की श्रेणी में पहुँच चुके हैं। बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले 5झ्7 वर्षों में बच्चों में फैटी लिवर, हाई कोलेस्ट्रॉल और प्री-डायबिटिक लक्षण दोगुनी बढ़ गए हैं। और सबसे हैरानी की बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या उन बच्चों की है जो तथाकथित अच्छे और महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं।

जमीनी सच्चाई यह है कि महँगी फीस वाले स्कूलों की कैंटीनों में 70-80 प्रतिशत बिक्री पैकेट फूड, बेक्ड स्नैक्स और शुगर-युक्त ड्रिंक्स से होती है। फल, अंकुरित अनाज या मिलेट्स आधारित ताजा भोजन या तो बहुत सीमित होता है या सिर्फ दिखावे के लिए रखा जाता है।

अब सवाल उठता है-जिम्मेदार कौन है?

सरकारः स्कूल कैंटीन के लिए सख़्त और स्पष्ट नियम बनाये जाएँ। पाम ऑयल, रिफाइंड ऑयल, मैदा और व्हाइट शुगर पर सीमा तय हो और हेल्दी शब्द के इस्तेमाल की निगरानी हो।

स्कूल प्रबंधनः कैंटीन केवल मुनाफे का साधन नहीं है। स्कूल मैनेजमेंट ओर स्कूल हेड को हेल्थी प्रोडक्ट ही कैंटीन में रखने चाहिये ओर निश्चय करना चाहिए कि बच्चों की थाली में क्या जा रहा है।

माता-पिताः महँगी फीस और स्कूल के नाम पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं। कैंटीन मेनू पर सवाल उठाएँ, सामग्री की सूची देखें, और बच्चों को भी सिखाएँ कि क्या चुनना सुरक्षित है। उसके ingredients को पैकेट में देखे।

विशेषज्ञ कहते हैं कि यह अब व्यक्तिगत पसंद या स्वाद का मुद्दा नहीं रहा। यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों का शरीर और दिमाग मजबूत होना चाहिए, उसी उम्र में अगर बीमारी की नींव रख दी गई, तो इसका असर पूरी ज़िंदगी पर पड़ेगा।

अब समय आ गया है कि स्कूल-कॉलेज कैंटीन को कमाई का केंद्र नहीं, बल्कि सेहत का केंद्र बनाया जाए। दिखावे वाले हेल्दीपन से आगे बढ़कर सच्चे पोषण की ओर कदम उठाना ही भविष्य की पीढ़ी को बचाने का एकमात्र रास्ता है।



दीप्ति डांगे, मुम्बई

## वीरों का कैसा हो वसंत

सुभद्राकुमारी चौहान

आ रही हिमालय से पुकार
है उदधि गरजता बार बार
प्राची पश्चिम भू नभ अपार;
सब पूछ रहें हैं दिग-दिगन्त
वीरों का कैसा हो वसंत

फूली सरसों ने दिया रंग
मधु लेकर आ पहुंचा अनंग
वधु वसुधा पुलकित अंग अंग;
है वीर देश में किन्तु कंत
वीरों का कैसा हो वसंत

भर रही कोकिला इधर तान
मारू बाजे पर उधर गान
है रंग और रण का विधान;
मिलने को आए आदि अंत
वीरों का कैसा हो वसंत

गलबाहें हों या कृपाण
चलचितवन हो या धनुषबाण
हो रसविलास या दलितत्राण;
अब यही समस्या है दुरंत
वीरों का कैसा हो वसंत

कह दे अतीत अब मौन त्याग
लंके तुझमें क्यों लगी आग
ऐ कुरुक्षेत्र अब जाग जाग;
बतला अपने अनुभव अनंत
वीरों का कैसा हो वसंत

हल्दीघाटी के शिला खण्ड
ऐ दुर्ग सिंहगढ़ के प्रचंड
राणा ताना का कर घमंड;
दो जगा आज स्मृतियां ज्वलंत
वीरों का कैसा हो वसंत

भूषण अथवा कवि चंद नहीं
बिजली भर दे वह छन्द नहीं
है कलम बंधी स्वच्छंद नहीं;
फिर हमें बताए कौन हन्त
वीरों का कैसा हो वसंत




### कुपोषित बचपन संकट के नए संदेश।

# जहरीला पानी गंभीर लापरवाही की निशानी।

बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। इन्हीं नौनिहालों के कंधों पर आने वाले कल की जिम्मेदारी टिकी होती है। पर यदि देश का बचपन ही कुपोषण, बीमारी और कमजोरी से जूझ रहा हो, तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना केवल नारा बनकर रह जाती है। आज भारत इसी गंभीर और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है, जहाँ बाल कुपोषण एक विकराल राष्ट्रीय समस्या का रूप ले चुका है। यह केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, प्रशासनिक संवेदनशीलता और भविष्य की सुरक्षा का सवाल है।

सरकारी आंकड़े स्वयं इस भयावह स्थिति की गवाही देते हैं। देश के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 35 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, जिनमें से करीब 50 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं और लगातार बीमारियों से जूझ रहे हैं। यह आंकड़ा किसी एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैली एक गहरी बीमारी की ओर इशारा करता है। महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और मध्यप्रदेश जैसे आर्थिक रूप से सक्षम और बड़े राज्यों में कुपोषित बच्चों की संख्या सबसे अधिक होना, व्यवस्था पर सीधा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

विडंबना यह है कि एक ओर देश में हर साल बाल दिवस बड़े उत्सव और करोड़ों के खर्च के साथ मनाया जाता है, वहीं दूसरी ओर वही बच्चे कुपोषण और भूख से जूझ रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय जैसे अलग मंत्रालय की मौजूदगी के बावजूद यदि बच्चों का पोषण सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं की विफलता है। मलेरिया, टीबी और अन्य बीमारियों पर अरबों रुपये खर्च किए जाते हैं, जो निस्संदेह आवश्यक है, परंतु यदि देश की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले बच्चे ही कमजोर रहेंगे, तो ये सारी योजनाएँ अधूरी साबित होंगी।

कोरोना महामारी ने इस संकट को और गहरा कर दिया। लॉकडाउन, स्कूलों का बंद होना, आंगनबाड़ी सेवाओं में बाधा और गरीब परिवारों की आय में गिर-ावट–इन सबका सीधा असर बच्चों के पोषण पर पड़ा। परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में कुपोषण और उससे होने वाली बाल मृत्यु की आशंका और बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग 18 लाख बच्चे अत्यधिक कुपोषित हैं और 16 लाख बच्चे अल्प कुपोषण की स्थिति में हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं हैं, बल्कि हर आंकड़े के पीछे एक कमजोर शरीर, एक अधूरा बचपन और एक अनिश्चित भविष्य छिपा है।

वैश्विक स्तर पर स्थिति और भी शर्मनाक है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2021 के अनुसार भारत 116 देशों में 101वें स्थान पर पहुँच गया है। वर्ष 2020 में भारत 94वें स्थान पर था, यानी हर साल स्थिति और खराब होती जा रही है। यह स्थिति तब और पीड़ादायक हो जाती है जब भारत अपने पड़ोसी देशों–पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान–से भी पीछे दिखाई देता है। यह साफ संकेत है कि कुपोषण से निपटने के प्रयास पर्याप्त और प्रभावी नहीं हैं।

राज्यों की स्थिति भी अलग-अलग होते हुए भी समान रूप से चिंताजनक है। पोषण ट्रैकर के अनुसार केवल महाराष्ट्र में ही 6 लाख कुपोषित बच्चे दर्ज किए गए हैं, जिनमें से बड़ी संख्या गंभीर कुपोषण से पीड़ित है। बिहार में 5 लाख, गुजरात में 3.30 लाख, उत्तर प्रदेश में 19 लाख, दिल्ली में 2 लाख, आंध्र प्रदेश में 2.70 लाख, कर्नाटक में 2.50 लाख, तमिलनाडु और असम में 1.80 लाख तथा तेलंगाना में 1.60 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। यह सूची बताती है कि समस्या न तो केवल पिछड़े राज्यों की है और न ही केवल ग्रामीण क्षेत्रों की–यह एक सर्वव्यापी राष्ट्रीय संकट है।

कुपोषण का असर केवल वर्तमान तक सीमित नहीं रहता। कुपोषित बच्चे जब बड़े होते हैं, तो वे अनेक बीमारियों के साथ जीवन की शुरूआत करते हैं। देश के लगभग 34 प्रतिशत कुपोषित बच्चों का कद औसत से कम रह जाता है और 21 प्रतिशत बच्चों का वजन अत्यंत कम होता है। शारीरिक कमजोरी के साथ-साथ उनकी सीखने की क्षमता, कार्यक्षमता और आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। ऐसे बच्चे आगे चलकर देश के लिए कितने सक्षम नागरिक बन पाएँगे–यह प्रश्न अत्यंत गंभीर है।

इस संकट में पर्यावरण और बुनियादी सुविधाओं की भूमिका भी कम नहीं है। हाल ही में इंदौर में पानी के प्रदूषण से जुड़ी घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्वच्छ जल की कमी और प्रदूषित पानी बच्चों के स्वास्थ्य को किस तरह गहराई से प्रभावित करता है। कुपोषण केवल भोजन की कमी से नहीं, बल्कि गंदे पानी, खराब स्वच्छता और बार-बार होने वाली बीमारियों से भी जुड़ा हुआ है। जब बच्चा लगातार दस्त, बुखार या संक्रमण से जूझता है, तो उसका शरीर पोषण को ग्रहण ही नहीं कर पाता।

प्रश्न यह है कि जब देश के 40 से अधिक विभागों में हर साल अरबों रुपये खर्च हो सकते हैं, तो बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा? यह स्थिति केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और महिला-बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी स्पष्ट रूप से बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष पोषण अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर देता रहा है।

समाधान भी उतने ही स्पष्ट हैं, जितनी समस्या। सबसे पहले, बाल कुपोषण को राष्ट्रीय आपातकाल जैसी प्राथमिकता देनी होगी। इसे केवल योजना नहीं, बल्कि मिशन के रूप में चलाना होगा। आंगनबाड़ी और मध्याह्न भोजन योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखकर, उनकी गुणवत्ता, निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य से-वाओं को पोषण कार्यक्रमों से जोड़ना होगा। स्थानीय स्तर पर समुदाय, पंचायत, स्कूल और स्वयंसेवी संगठनों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

इसके साथ ही, सरकार को डेटा के आधार पर राज्यवार और जिलेवार विशेष अभियान चलाने होंगे, जहाँ समस्या अधिक गंभीर है। गर्भवती महिलाओं और शिशुओं पर विशेष ध्यान देकर कुपोषण की जड़ पर प्रहार किया जा सकता है। पोषण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं है–समाज, मीडिया और नागरिकों को भी इस मुद्दे को उतनी ही गंभीरता से उठाना होगा।

अंततः यह समझना होगा कि कुपोषित बच्चे केवल आज की समस्या नहीं हैं, वे कल का भारत हैं। यदि आज हमने उन्हें स्वस्थ, पोषित और सशक्त नहीं बनाया, तो आने वाला कल कमजोर, बीमार और असमान होगा। देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भले ही प्रतिशत कम लगे, पर हर साल बढ़ती कुपोषण की दर भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। अब समय आ गया है कि नारे और समारोह से आगे बढ़कर, बचपन को बचाने का संकल्प लिया जाए–क्योंकि स्वस्थ बचपन ही सशक्त राष्ट्र की पहली शर्त है।



संजीव ठाकुर, लेखक
स्तंभकार,वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर
छत्तीसगढ़, 90 09 415 415,

# "सावधान" डिजिटल अरेस्ट या हाउस अरेस्ट वारंट की धमकी आपको भी मिल सकती है

ट्रिन... ट्रिन... ट्रिन... ट्रिन... मेरी जेब में रखे मोबाइल फोन की घंटी लगातार बज रही थी। मैं तब ह्यूमन राइट एसोसिएशन की प्रदेशसभा में बैठा हुआ था। कार्यक्रम चल रहा था। मेरे साथ सैकड़ो लोग हाल में मौजूद थे। मैंने जेब से निकाल कर मोबाइल देखा तो कोई अननोन नंबर से काल किया जा रहा था। मैंने फोन जैसे ही ऑन किया, उधर से महिला की क-ड़कदार आवाज आई उसने सीधे ही कहा-" आप सुरेश सिंह जी बोल रहे हैं?" मैंने कहा जी हां, मैं ही बात कर रहा हूं! फिर मैंने कहा आप कौन बात कर रहे हैं? तब उसने मुझे धमकाते हुए लहजे में कहा कि मैं दिल्ली साइबर क्राइम ब्रांच के कंट्रोल रूम से बोल रही हूं! आपको अरेस्ट वारंट जल्द ही मिलने वाला है, आपको अरेस्ट किया जा रहा है। ये सुनकर एक पल को तो मुझे कुछ समझ नही आया, फिर भी मैंने पूछा अरेस्ट किए जाने का कारण क्या है? तो उसने जवाब दिया आप अश्लील कंटेंट लोगों से शेयर करते हैं,और अभी भी आपकी टीवी पर अश्लील कंटेंट चल रहा है!

अब साहब मैं तो ह्यूमनराइट के सम्मिट में बैठा हुआ था। जल्द ही मैं समझ गया कि यह क्या हो रहा है। वैसे भी उसने एक वाक्य कहकर बहुत बड़ी गलती कर दी थी कि आपकी टीवी में अभी भी अश्लील कंटेंट चल रहा है। यह भी अच्छा इत्तेफाक था कि मेरी बगल की सीट में ऐसीबी क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर जो मेरे छोटे भाई भी लगते हैं, वह बैठे हुए थे। मैंने तत्काल ही मोबाइल में उनसे कहा महोदया.. आपको शायद नहीं मालूम..आपने कहां फोन लगाया है! मैं खुद ही ऐसीबी क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बोल रहा हूं। बताइए आगे क्या कहना है। इतना सुनते ही तत्काल उसने फोन कट कर दिया। यह मेरी सजगता थी या संयोग था कि उसने गलत समय में गलत व्यक्ति को फोन लगाया वरना वह तो बुरी तरह से डरा कर हाउस अरेस्ट करने पर ही तुली हुई थी। ऐसे ही न जाने कितने लोगों को ऐसा ही फोन कर लोगों को डराया धमकाया जाता है फिर उनसे एक मोटी रकम वसूली जाती है । लोग मानसि-ाक, आर्थिक परेशानियों में उलझ जाते हैं इन सभी वाक्यातों में यह भी बड़ी विडंबना वाली बात है कि इन साइबर ठगों और अपराधियों के जाल में अच्छे-अच्छे पढ़े लिखे लोग भी झांसे में आ जाते हैं। जबकि ये साइबर ठग कम पढ़े लिखे और जीवन में असफल लोग होते हैं।




डिजिटल हाउस अरेस्ट या डिजिटल अरेस्ट एक उभरता हुआ साइबर अपराध है, जिसमें ठग पुलिस या सरकारी एजेंसियों के नाम से लोगों को फोन, वीडियो कॉल या मैसेज के जरिए डराते हैं और घर में कैद रखकर पैसे ऐंठते हैं। भारत में ये मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, खासकर 2024 से अब तक, क्योंकि डिजिटल लेन-देन बढ़ने से स्कैमर्स को नया मौका मिला है।

डिजिटल अरेस्ट में अपराधी खुद को सीबीआई, ईडी, पुलिस या नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का अधिकारी बताते हैं। वे पीड़ित को आधार कार्ड, बैंक खाते या सिम के गैरकानूनी इस्तेमाल का आरोप लगाते हैं, गिरफ्तारी की धमकी देते हैं और वीडियो कॉल पर पुलिस स्टेशन या कोर्ट जैसा माहौल दिखाते हैं। पीड़ित को घर से बाहर न जाने, किसी से बात न करने और पैसे ट्रांसफर करने को मजबूर किया जाता है। 2024 में लगभग 92,000 से ज्यादा भारतीय इससे प्रभावित हुए, और कुल साइबर स्कैम से लगभग 27,914 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। ये शिकायतें 2023 में लगभग 11 लाख से ज्यादा हो गईं। ये साईबर अपराधी एआई वॉइस, डीपफेक वीडियो और फर्जी वर्दी वाले कॉल्स से विश्वसनीय लगते हैं, खासकर बुजुर्गों और कम तकनीकी जानकारी वालों को ही इनके द्वारा निशाना बनाया जाता है।

शुरूआती कॉलः ऑडियो या वीडियो कॉल से संपर्क, आरोप लगाना जैसे मनी लॉन्ड्रिंग या ड्रग्स तस्करी। फिर डर फैलानाः घर में कैमरा ऑन रखने को कहना, हर दो घंटे में 'डिजिटल कोर्ट' में पेशी दिखाना।पैसे ऐंठनाः 'समस्या सुलझाने' के नाम पर यूपीआई या बैंक ट्रांसफर मांगना, मुंबई पुलिस ने 2025 में बड़े बाईबल गिरोह पकड़े, जहां सीनियर सिटीजन सबसे बड़े शिकार बने थे।

यह बात अच्छी तरह से जान लें कोई असली एजेंसी फोन पर गिरफ्तारी की धमकी नहीं देती। डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कानूनी चीज नहीं है। संदेह हो तो कॉल काटें, 1930 पर रिपोर्ट करें या स्थानीय पुलिस से सत्यापित करें।जागरूकता अभियान और 14C जैसे केंद्र बढ़ रही शिकायतों पर काम कर रहे हैं। तकनीकी साक्षरता बढ़ाकर ही ये रुकेगा। डिजिटल अरेस्ट या हाउस अरेस्ट स्कैम भारत में साइबर अपराध का एक खतरनाक रूप बन चुका है, जहां ठग आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर लोगों को घर में कैद कर पैसे वसूलते हैं। ये मामले 2024 से तेजी से बढ़े हैं, क्योंकि सस्ते स्मार्टफोन और इंटरनेट ने स्कैमर्स को व्यापक पहुंच दी है। विस्तार से समझने पर पता चलता है कि ये न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक आघात भी देता है।

डिजिटल अरेस्ट एक काल्पनिक अवधारणा है, जो वास्तविक हाउस अरेस्ट (घर में नजरबंदी) से प्रेरित है, लेकिन इसमें कोई कानूनी आधार नहीं। अपराधी व्हाट्सएप, वीडियो कॉल या एसएमएस के जरिए संपर्क करते हैं, खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या एनसीबी अधिकारी बताते हैं। वे पीड़ित के नाम पर ड्रग्स, मनी लॉन्ड्रिंग या टेरर फंडिंग, अश्लीलता का आरोप लगाते हैं, और 'गिरफ्तारी से बचने' के लिए घर में कैद रहने को मजबूर करते हैं। पहली बार ये 2023 में सुर्खियों में आया, लेकिन 2025 तक मामलों ने रफ्तार पकड़ ली।

भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अनुसार, 2024 में डिजिटल अरेस्ट से जुड़े लगभग 92,000 से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जो पिछले वर्षों से कई गुना ज्यादा हैं। कुल साइबर फ्रॉड से लगभग 27,914 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिसमें डिजिट अरेस्ट का बड़ा हिस्सा था। 2021 में साइबर शिकायतें लगभग 1.3 लाख थीं, 2025 में बढ़ते मामलों का आंकड़ो पर अगर नजर डालें तो भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अनुसार, कुल साइबर फ्रॉड से लगभग 27,914 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिसमें डिजिटल अरेस्ट का बड़ा हिस्सा था। 2025 में मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जैसे शहरों में बड़े गिरोह पकड़े गए, जहां सीनियर सिटीजन्स 60% शिकार बने। एआई-जनरेटेड वॉइस क्लोनिंग और डीपफेक वीडियो ने इसे और विश्वसनीय बना दिया।

ये साईबर ठग एक सुनियोजित तरीके से काम करते हैं:पहला चरण (आरोप और संपर्क) अज्ञात नंबर से कॉल आती है, जिसमें फर्जी वर्दी या पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड दिखाया जाता है। पीड़ित का निजी डेटा (जैसे आधार, बैंक डिटेल्स) पहले से लीक डेटाबेस से लिया जाता है। दूसरा चरण (डर और नियंत्रण) 'डिजिटल कोर्ट' में पेशी के नाम पर वीडियो कॉल पर हर 2-3 घंटे रिपोर्टिंग कराई जाती है। घर से बाहर न जाने, दर-वाजा बंद रखने और किसी से बात न करने को कहा जाता है। तीसरा चरण (वसूली) 'क्लीन चिट' या 'समस्या सुलझाने' के नाम पर यूपीआई गिफ्ट कार्ड या क्रिप्टो वॉलेट में पैसे मांग एक मामले में तो लगभग 14 करोड़ की ठगी हुई। और जो ठगे गए वह बहुत बड़े भारतीय सेवा के अधिकारी रह चुके थे ।और उन्हें दुनिया के कई देशों में रहने का अनुभव था।

ये स्कैमर केवल पैसे नहीं छीनते, बल्कि परिवारों को तोड़ते हैं-बुजुर्ग अकेले पड़ जाते हैं, मानसिक तनाव से सुसाइड तक के मामले सामने आए। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी से शिकार ज्यादा होते है। विदेशी गिरोह भी (जैसे कंबोडिया, लाओस से चलने वाले) भारत को निशाना बनाते हैं, जहां तकनीकी साक्षरता कम है।

इन सबसे बचने के लिए तात्कालिक उपाय है- यह अच्छी तरीके से जानकारी रखना होगा की कोई सरकारी एजेंसी फोन पर गिरफ्तारी की धमकी नहीं देती। संदेह हो तो कॉल काटें, 1930 (नेशनल साइबर हेल्पलाइन) डायल करें या cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें। लंबे उपायः 14C और पुलिस के जागरूकता अभियान, जैसे 'नेशनल साइबर अवेयरनेस मंथ' चल रहे हैं। एआई टूल्स से फर्जी कॉल्स डिटेक्ट करने की तकनीक विकसित हो रही है। व्यक्तिगत सावधानीः अनजान कॉल्स न लें, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू रखें, और परि-वार को शिक्षित करें। 2025 में 500+ गिरोह बस्ट होने से संकेत मिला कि अब सख्ती काम कर रही है।

जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। डिजिटल अरेस्ट से रोकथाम के लिए व्यक्तिगत और सामाजिक उपाय अपनाना जरूरी है, क्योंकि ये स्कैम तेजी से फैल रहे हैं। व्यक्तिगत स्तर पर सतर्कता से 80% मामले रोके जा सकते हैं, जबकि सामाजिक प्रयास जागरूकता बढ़ाकर समुदाय को मजबूत बनाते हैं। आपको अगर ऐसा कल कभी आ जाए तो आप व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाएं। सबसे पहले रुको-सोचो-एक्शन लो। संदिग्ध कॉल पर रुकें, व्यक्तिगत जानकारी (आधार, ओटीपी, बैंक डिटेल्स) न दें, और सोचें कि कोई स-रकारी एजेंसी फोन पर गिरफ्तारी की धमकी नहीं देती। फिर 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें। तकनीकी सावधानियां भी रखें। अनजान नंबर ब्लॉक करें, एंटीवायरस सॉफ्टवेयर अपडेट रखें, वीपीएन इस्तेमाल करें, और टू-फैक्टर ऑथेंटि-केशन चालू रखें। स्क्रीनशॉट लें और कॉल रिकॉर्ड करें। फिर आने वाले संदिग्ध काल की जांच स्वयं करें। कॉल काटने के बाद स्थानीय पुलिस स्टेशन या आधिकारिक वेबसाइट से सत्यापित करें। कभी भी यूपीआई या बैंक ट्रांसफर न करें।

इस समस्या के रोकथाम के लिए सामाजिक स्तर पर सामूहिक प्रयास बहुत प्रभावी साबित हो सकते हैं। जिसके लिए जागरूकता अभियान चलाकर परिवार, पड़ोस और कार्यस्थल पर वर्कशॉप आयोजित किया जाना, स्कूलों-कॉलेजों में साइबर साक्षरता सिखाएं। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के ""रुको-सोचो-एक्शन लो"" मंत्र को शेयर करें। समुदाय निगरानीः मोहल्ला समितियां बनाएं जो बुजुर्गों को शिक्षित करें, क्योंकि वे मुख्य शिकार होते हैं। सामाजिक संस्थान और एनजीओस मिलकर हेल्पलाइन कैंप लगाएं। सरकारी सहयोग में साइबर सिक्योरिटी और पुलिस के अभियानों में भाग लें, जैसे नेशनल साइबर अवेयरनेस मंथ। साइबर ठगों से संबंधित शिकायतों को तुरंत रिपोर्ट कर गिरोहों को पकड़ने में मदद करें।



- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# वारंट ऑफिसर योगेश हत्याकांड के मामले में प्रेसवार्ता के दौरान पीड़ित पक्ष ने किये सनसनी खेज खुलासे

**(मृतक के पुत्रों नितेश व गुड्डू को बताया निर्दोष, अभियुक्त द्वारा अपनी कांस्टेबल बहन को बचाने और केस को कमजोर करने के लिए लगाया दोनों पर 5 लाख की सुपारी देकर हत्या कराने का आरोप, कहांः मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर करेंगे न्याय की गुहार)**

समाज जागरण

लोनी, 15 जनवरीः विगत 26 दिसंबर को लोनी थाना क्षेत्र में स्थित अशोक विहार के सामने मुख्य मार्ग किनारे रिटायर्ड वारंट ऑफिसर योगेश हत्याकांड का मामला अब उस समय नया मोड़ लेता नजर आ रहा है जब मृतक के साले और पत्नी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कई सनसनी खेज खुलासे किए। उन्होंने मृतक के दोनों पुत्रों को निर्दोष बताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा पुलिस व जिला प्रशासन को पत्र लिखकर घटना के मामले में निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराने की बात कही हैं।

उल्लेखनीय है कि विगत 26 दिसंबर को वारंट ऑफिसर योगेश कुमार की गोली मा-रकर हत्या कर दी गई थी। संदर्भ में मृतक के पुत्र नीतेश ने पिता योगेश(58) की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर फरार हो जाने के मामले में थाना लोनी पर धारा 103 (1) बी एनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस जांच में अरविंद कुमार



पुत्र रनवीर सिंह व नवीन कुमार पुत्र गजेंद्र सिंह के नाम सामने आए. पुलिस ने अरविंद को 31 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### एसीपी ने की थी पीसी

इस हत्याकांड के मामले में पीसी के दौरान एसीपी लोनी ने पत्रकारो को बताया था कि पकड़े गए अभियुक्त अरविंद कुमार ने मृतक के पुत्रों नितेश व गुड्डू से 5 लाख की सुपारी लेकर अपने बहनोंई नवीन के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया हैं।

### मुख्यमंत्री से लगाएंगे न्याय की गुहार

मृतक योगेश की पत्नी ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस गंभीर प्रकरण में अपने स्तर से निष्पक्ष व पारदर्शी जांच के लिए गुहार लगाने की बात कही है। ताकि पीड़ित परिवार के साथ न्याय हो सके तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

### पीड़ित पक्ष ने पुलिस वार्ता में किया सनसनी खेज खुलासा

अब इस हत्याकांड के मामले में मृतक योगेश के पीड़ित परिजनों ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए मृतक के दोनों पुत्रों नितेश और गुड्डू को निर्दोष बताते हुए संदर्भ में महत्वपूर्ण तथ्य प्रस्तुत किए हैं। मृतक के साले धीरज और पत्नी लता ने पत्रकारों को बताया कि अभियुक्त अरविंद व उसके बहनोई नवीन ने एक साजिश के तहत अपना बचाव व मुकदमे को कमजोर करने के उद्देश्य से इस घटना में मृतक योगेश के दोनों पुत्रों नितेश व गुड्डू की भूमिका बताते हुए पुलिस को गुमराह कर इस मामले को एक नया मोड़ देने का काम किया है। उन्होंने बताया की हत्यारोपी अरविंद कभी घटना को अंजाम देने की योजना एक नाई की दुकान पर, तो कभी अपने मकान की छत पर बनाने की बात करता है जो स्वतय ही उनके झूठ की ओर इशारा करता है. जबकि दोनों पुत्रों का अरविंद के साथ कभी कोई मिलना-जुलना नहीं रहा है।

एक सवाल के जवाब में मृतक के साले धीरज ने एक्शन से नीखेज खुलासा करते हुए बताया कि दरसल उसके बहनोई योगेश के कॉलोनी में रहने वाले अभियुक्त अरविंद (जो पहले से 8 से अधिक मर्डर कर चुका है) की बहन के साथ नाजायज संबंध हो गए थे. इस बात की जानकारी पाकर वह योगेश से रंजीस रखने लगा था. जिसने एक षड्यंत्र के तहत अपने बहनोई नवीन (यूपी पुलिस में कांस्टेबल) संग मिलकर उसकी हत्या कर दी और इस मामले में उसी के पुत्रों पर 5 लाख की सुपारी देकर हत्या करने का आरोप मंढ दिया हैं।

# सामाजिक रूप से खिचड़ी वितरण कर मनाया मकर संक्रांति पर्व

**जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था ने ग्राम आगाहपुर सै.41, नोएडा में खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया**

नोएडाः प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा आज, दिनांक 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को सनातन आस्था के पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम आगाहपुर सै.41, नोएडा में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी प्रसाद का आनंद लिया।



संस्था के अध्यक्ष दीपांशु शर्मा ने बताया कि यह पर्व हम सभी को सनातनी आस्था के साथ-साथ सामाजिक सेवा कार्यों से जोड़ता है। इस मौके पर संस्था के अन्य प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें अनमोल सहगल, निशु उपाध्याय, निखिल चौधरी, कार्तिक शर्मा, हर्ष नंबरदार, तुषार गुप्ता आदि शामिल थे। संस्था के सदस्यों ने लोगों में प्रसाद वितरण के दौरान समाज में भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंसः अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार, 21 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**बुलंदशहर पुलिस की कार्रवाई में दो शातिर अभियुक्त पकड़े गए, जो आस-पास के राज्यों/जनपदों से वाहन चोरी कर बेचते थे**

बुलंदशहर/उत्तर प्रदेशः बुलंदशहर पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोरी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने 21 चोरी की दो-पहिया वाहन बरामद किए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अंतर्राज्यीय वाहन चोर हैं। ये आरोपी आस-पास के राज्यों और जनपदों से मोटरसाइकिलें चोरी करते थे और उन्हें बेचकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करते थे।




पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्रवाई अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी गाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जा रही है और चोरी की गाड़ियों को उनके वास्तविक मालिकों तक लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने अर्पित की गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी

*शिवावतार महायोगी से मुख्यमंत्री ने की नागरिकों के सुखमय जीवन की मंगलकामना*

*मकर संक्रांति-खिचड़ी पर्व पर सीएम योगी ने दीं सभी नागरिकों को शुभकामनाएं*

*गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने लाखों की संख्या में आए श्रद्धालु*

समाज जागरण

गोरखपुर, 15 जनवरी। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लोकमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की।

महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि बुधवार से ही पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धर्मस्थलों पर जाकर आस्था को नमन कर रहे हैं। गोरखपुर में बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायोगी भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। लाखों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी भी लगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिलसिला लगातार आज गुरुवार को भी जारी है।

### बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाना मेरा सौभाग्य

सीएम योगी ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर



श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रातः 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं।

### जगत की आत्मा हैं सूर्यदेव

मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है, ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है।

### अलग-अलग नाम व रूपों में मकर संक्रांति के आयोजन देश के सभी हिस्सों में

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है। पूरब में बिहू या तिलवा संक्रांति, पश्चिम में लोहड़ी, दक्षिण भारत में पोंगल और उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में मकर संक्रांति का आयोजन बड़ी श्रद्धाभाव के साथ किया जाता है।

### सीएम योगी ने किया देश और दुनिया से आए श्रद्धालुओं का अभिनंदन

मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश के अलग-अलग धर्मस्थलों पर देश और दुनिया से आए श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति मंगलमय शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ गोरखपुर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी अर्पित कर रहे हैं। वहीं, प्रयागराज में लाखों की संख्या में श्रद्धालु, कल्पवासी, पूज्य संतजन न केवल अपनी साधना में रत हैं, अपितु भगवान वेणीमाधव, भगवान प्रयागराज और मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती के सानिध्य में संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगा रहे हैं।

# ऑपरेशन मुस्कानः मात्र 16 घंटे में 3 बच्चे सुरक्षित बरामद, परिजनों के सुपुर्द

उन्नाव/उत्तर प्रदेशः उत्तर प्रदेश पुलिस की उन्नाव टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत मात्र 16 घंटे में दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित बरामद किया और उनके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार बच्चे अपनी दादी की डांट से नाराज होकर घर से चले गए थे। पुलिस ने लगातार खोजबीन और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उन्हें उन्नाव क्षेत्र में खेलते हुए पाया और सुरक्षित घर लौटाया।




इस कार्रवाई से यह संदेश दिया गया है कि पुलिस बच्चों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग और तत्पर है।

# ब्राह्मण वर्ग की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर सवाल

**मेहनत और ईमानदारी से जीवन यापन करने वाले ब्राह्मण वर्ग को सरकारी सहायता से अक्सर वंचित किया जाता है**

समाज जागरण

नई दिल्ली/स्थानः हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें ब्राह्मण व्यवसायी और दुकानदार अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और मेहनत दिखा रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि पंडित जी रेहड़ी पर दही-बड़ा बेच रहे हैं, और उनकी मेहनत से जीवन चल रहा है।



विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि इस तरह के मामले यह दिखाते हैं कि ब्राह्मण वर्ग, जो मेहनत और ईमानदारी से जीवन यापन करता है, अक्सर सरकारी सहायता और खैरात से वंचित रह जाता है, क्योंकि संविधान और सरकारी मानदंड उन्हें "पैदाईशी अमीर" मानते हैं।

सामाजिक विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थिति समाज में समान अवसर और आर्थिक आधार पर आरक्षण/सहायता की चर्चा को और प्रासंगिक बनाती है। उन्होंने कहा कि मेहनत और ईमानदारी से जीविका कमाने वाले सभी वर्गों को समान अवसर और सामाजिक सुरक्षा मिलनी चाहिए।

# नोएडाः नॉलेज पार्क पुलिस ने 102 किलो अवैध गांजे के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**कार सहित पकड़ा गया गांजा, अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने दी जानकारी**

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर/नोएडाः थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने अवैध गांजे की बिक्री करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 102.4 किलो अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है।

**साथ ही घटना में प्रयुक्त कार भी पुलिस ने जब्त की है।**

इस संबंध में एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि पुलिस लगातार नशे के खिलाफ अभियान चला रही है और समय-समय पर ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अवैध मादक पदार्थों की सूचना पुलिस को दें। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।



# धोखाधड़ी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंसः टेलीग्राम ठगी में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, 6.32 लाख नकद बरामद

**अभियुक्तों ने चीनी हैंडलरों के लिए ठगी की राशि भारतीय बैंक खातों में ट्रांसफर की, क्रिप्टो करेंसी में भेजी**

समाज जागरण

आजमगढ़/उत्तर प्रदेशः आजमगढ़ पुलिस ने टेलीग्राम के जरिए चीनी हैंडलरों के लिए काम करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से इ6.32 लाख नकद, 11 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड और 1 चार पहिया वाहन बरामद किया।




पुलिस के अनुसार, अभियुक्त टेलीग्राम के माध्यम से चीनी हैंडलरों के संपर्क में रहते थे और ठगी की रकम को भारतीय बैंक खातों में ट्रांसफर कराते थे। इसके बाद रकम को एटीएम/चेक से नकद निकालकर USDT (क्रिप्टो करेंसी) में बदलकर चीनी हैंडलरों को भेजते थे।

अभियुक्तों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए वर्चुअल नंबर, फर्जी सिम और टेलीग्राम ग्रुप का प्रयोग किया।

पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति से बैंक खाते की व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। अगर खाते से किसी प्रकार की धोखाधड़ी होती है तो तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि डिजिटल और अंतर्राज्यीय धोखाधड़ी के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति लागू है।

# टीएमयू में लोहड़ी पर खूब थिरके मेडिकल कॉलेज के स्टुडेंट्स

**तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से मकर संक्रांति पर स्टुडेंट्स के संग-संग गुरूजनों ने भी उड़ाई पतंग, सीसीएसआईटी में भी रही लोहड़ी की धूम**

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मे-डिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के हॉस्टल्स और कैंपस के अलावा तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, सीसीएसआईटी सरीखे कॉलेजों में लोहड़ी और मकर संक्रांति के पर्व पारम्पारिक तरीके से मनाए गए। इनमें स्टुडेंट्स की सर्वाधिक भागीदारी रही। मेडिकल कॉलेज के ब्वॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल और ओल्ड गर्ल्स हॉस्टल में लोहड़ी का त्यौहार उत्साह के संग मनाया गया। लोहड़ी प्रज्जवलन के बाद स्टुडेंट्स ढोल की थाप पर लोहड़ी के गानों पर खूब थिरके। स्टुडेंट्स ने तिल, गुड़, मूंगफली, पॉपकॉर्न आदि पारंपरिक वस्तुएं लोहड़ी को अर्पित कीं। लोहड़ी अनुष्ठान के संग-संग सामूहिक मिलन का पर्व भी है। टीएमयू हॉस्टल्स में बड़ी संख्या में पंजाबी छात्र-छात्राएं रहते हैं। लोहड़ी पर डॉ. करुणा जैन के संग-संग प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, प्रो. सीमा अवस्थी, प्रो. अमित सराफ, डॉ. आशुतोष, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. मधुसूदन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। लोहड़ी में एमबीबीएस के स्टुडेंट्स- रोहिन अग्रवाल, आकाश पुरी, वेद प्रकाश, राहुल कुमार, दिव्यांश मेहरोत्रा आदि की भी भागीदारी रही, गर्ल्स हॉस्टल्स की ओर से लोहड़ी पर मेडिकल की छात्राओं- अर्शदीप कौर, हिमांशी कौर, आन्या जैन, सुष्मिता यादव,



सोनम कुमारी, स्नेहा श्रीवास्तव, तनु कुमारी ने जमकर नृत्य किया।

तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में मकर संक्रांति पर न केवल स्टुडेंट्स बल्कि गुरूजनों ने भी रंग-बिरंगी पतंग उड़ाई। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने कहा, मकर संक्रांति सरीखे आयोजन से स्टुडेंट्स में टीम भावना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। इस मौके पर डेंटल के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, डॉ. विकास सिंह, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. सिवान सतीश, डॉ. कार्तिकेय सक्सेना, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. जैनुअल, डॉ. शुभम मिश्रा आदि की मौजूदगी रही। स्टुडेंट्स को रेबड़िया बांटकर मुंह मीठा कराया गया। इसके अलावा सीसीएसआईटी में भी लोह-ड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

सीसीएसआईटी में डीन प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. शंभू भारद्वाज, डॉ. संदीप वर्मा, श्री नवनीत विश्नोई, श्री ज्योति रंजन लाभ, श्री हरजिंदर सिंह, श्री अनुज राघव, श्रीमती शिखा गंभीर आदि मौजूद रहे। एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई देते हुए मूंगफली, रेबड़ी, गजक आदि का वितरण किया गया।

# माघ मेले में मकर संक्रांति स्नान पर्व पर उठी आस्था की लहर, 1 करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई पुण्य की डुबकी

## साफ मौसम से त्रिवेणी में दो दिनों में स्नान करने वालों की संख्या 2 करोड़ के पास पहुंची

*साधु-संतों और कल्पवासियों के साथ किन्नर अखाड़े ने भी किया भव्य स्नान, हर-हर महादेव की हर तरफ गूंज*

*मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर रही चौकसी, सक्रिय और सतर्क प्रशासनिक मशीनरी से स्नान पर्व सकुशल संपन्न*

*प्रयागराज में मकर संक्रांति स्नान पर्व में माघ मेला में 1.03 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान - ऋषिराज, मेला अधिकारी*

प्रयागराज, 15 जनवरी। प्रयागराज में मकर संक्रांति पर्व पर आस्था का सैलाब उमड़ा। त्रिवेणी तट पर आयोजित माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व पर देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। प्रशासन की तरफ से की गई चाक चौबंद व्यवस्था के चलते माघ मेले का दूसरा स्नान पर्व



सकुशल संपन्न हो गया।

माघ मेला क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पुण्य स्नान करने का सिलसिला शुरू हो गया। कल्पवासियों ने त्रिवेणी तट पहुंच कर संगम में आस्था की डुबकी लगाई और खिचड़ी, गुड़ का दान कर संक्रांति की परम्परा को पूरा किया। दंडी साधुओं और आचार्य सम्प्रदाय के संतों ने नजदीकी गंगा घाटों पर डुबकी लगाई और उत्तरायण भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। माघ मेले में अखाड़ों के स्नान की परम्परा नहीं है, लेकिन अखाड़ों से जुड़े कई नागा संन्यासी भी संक्रांति स्नान के लिए संगम पहुंचे और व्यक्तिगत रूप से मोक्ष की डुबकी लगाई। इसी दौरान ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गंगा पूजन कर अपनी 'गो प्रतिष्ठा प्रेरणा यात्रा' का विधिवत शुभारंभ किया। मौसम खुला होने की वजह से त्रिवेणी में संक्रांति स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की



संख्या लगातार बढ़ती गई। मेला अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि मकर संक्रांति पर बृहस्पतिवार शाम 4 बजे तक 91 लाख से अधिक लोग पुण्य की डुबकी लगा चुके थे और सूर्यास्त तक त्रिवेणी में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 1.03 करोड़ पहुंच गई।

### सनातनी किन्नर अखाड़े ने किया गंगा स्नान, बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर संकल्प का आवाहन

मकर संक्रांति स्नान पर्व पर सभी समान भाव से पुण्य की डुबकी लगाते दिखाई दिए। माघ मेला क्षेत्र में प्रयागवाल नगर में कल्पवास कर रहा सनातनी किन्नर अखाड़ा पूरे उत्साह के साथ सुबह गंगा तट के लिए निकला । इस दौरान रास्ते में किन्नर अखाड़े के शिष्यों द्वारा तांडव नृत्य की प्रस्तुति की गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय व अलौकिक बना दिया। अखाड़े के सदस्यों ने गंगा तट पहुंचकर सबसे पहले अपनी कुलदेवी बउचरा माता को गंगा स्नान कराया और फिर सामूहिक स्नान किया।

इस दौरान अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है, उसे देखते यूपी के सीएम योगी जी के सभी सनातनियों के एकजुट होने के आह्वान को संकल्प में बदलने का समय आ गया है। सभी सनातनी एकजुट होंगे तभी सुरक्षित रहेंगे।

# जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति ने ऊनी वस्त्र किए वितरित

**समाज जागरण**

चंदौसी। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति ने सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में अपने सदस्यों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें इंदु अग्रवाल को तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए तथा डी.ओ.ए. डॉक्टर मीना वार्ष्णेय



डी.ओ.एफ रेखा रस्तोगी को अपनी पूर्व अध्यक्ष एवं यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा वैधानिक रूप से अपने ग्रुप की सभी सदस्यों की सहमति से चुनकर चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। उसके बाद मकर संक्रांति के अवसर पर कुछ ब्राह्मण एवं गरीब लोगों के लिए ऊनी वस्त्र भी वितरित किए गए। इस दौरान अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, प्रशासनिक निदेशक मीना वार्ष्णेय, वित्त निदेशक रेखा रस्तोगी, यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल,रानी अग्रवाल ,मंजू अग्रवाल, रेशमा, कविता ,नीलम ,सीमा ,आशा, कमलेश रितु, अलका, बीना, सीमा, माधुरी ,शशि, मीरा, ममता, शैलेश, पूनम, चंचल, मंजू, अनु रस्तोगी ,शोभा ,नेहा बंसल, शारदा, पूजा आदि उपस्थित रहे।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर कोतवाली में अपराध की रोकथाम तथा अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री, परिवहन एवं अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को सफलता मिली है।



इसी क्रम में 13 जनवरी 2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इसरार पुत्र बाबू, निवासी कस्बा नहटौर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। इस संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है। बरामदगी का विवरणः एक अवैध चाकू गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः मुख्य आरक्षी अमित कुमार आरक्षी कपिल कुमार आरक्षी कृष्ण कुमार पुलिस प्रशासन ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# ग्राम पंचायत करकटी में जम कर हो रहा भ्रष्टाचार

## नाली निर्माण कार्य में लोकल सरिया

**समाज जागरण**

शहडोल जिले के करकटी ग्राम पंचायत में नाली निर्माण किया जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाली निर्माण कार्य की कीमत 3 लाख 79 हजार रुपये हैं बताई जा रही है जिसकी कुल लंबाई 120 मीटर के आसपास हैं। जहाँ एक ओर ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार का प्रतिदिन कोई न कोई ग्रामीण के द्वारा बार बार विरोध करने पर भी किसी प्रकार की विभाग के बड़े अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही हैं जिससे भ्रष्टाचार करने वाले लोगों का मनोबल और भी बढ़ चुका है यही कारण है आगे चल कर एक दिन किसी बड़े भ्रष्टाचार का एक हिस्सा बन जाता हैं।

**नाली निर्माण कार्य के एस्टीमेट में हस्ताक्षेप!!**

बता दें कि इस निर्माण कार्य में जो नाली निर्माण कार्य एस्टीमेट में दिखाया गया है उस प्रकार से नाली का निर्माण न करवाकर अपने मनमाने तरीके से करवाया जा रहा है, जिससे कि कम लागत में नाली का निर्माण किया जा सके और कुछ ही महीनो बाद नाली जैसे ही बरसात का मौसम आया पानी के साथ नाली भी बहता मिलेगा जिससे यह साफ वक्त कहता है कि जिले में बैठे अधिकारी और निर्माण कार्य करवा रहे जिम्मेवार ग्राम पंचायत के संयुक्त मिली भगत से इस भ्रष्टाचार को अंजाम तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा हैं।

**पंचायत सचिव की पांचों उंगलियां घी में**

जी हाँ ग्राम पंचायत में हो रहे इस निर्माण कार्य की बात करें तो इस निर्माण कार्य मे सचिव साहब को कुछ जानकारी ही नहीं तो कैसे मालूम चलेगा कि क्या हो रहा अब इनको नहीं पता किसको पता होगा आपको बता दे कि नाली की निर्माण कार्य मे भारी भ्रष्टाचार हो रहा हैं लेकिन लाख विरोध के बाद भी पंचायत अपने रवैये से बाज नहीं आ रहा

**ग्राम पंचायत को पता ही नहीं कि एस्टीमेट में क्या मटेरियल दिखाया गया**

प्राप्त सूचना के आधार में नाली में लग रहे मटेरियल और इस्टीमेट की जानकारी ग्राम पंचायत को पता ही नहीं की कहां पर क्या मटेरियल लगाना है और कितना लगाना है , ये ग्राम पंचायत को पता ही नहीं , आपको बता दे कि महज 120 मीटर की नाली एक सांप सीढ़ी की डिजाइन दिया गया और बात करें मटेरियल की तो लोकल सरिया लगाया जा रहा जिसकी कितने फिट में लगाना हैं और कितना लगाना हैं भगवान भरोसे चल रहा हैं।

**इनका कहना हैं-**

इसके बारे में उपयंत्री को ही ज्यादा पता हैं मेरे को कुछ खास जानकारी नहीं है फिर भी मैं दिखवाता हुँ।

# योजना कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करके, अंतर-मंत्रालयी

**समाज जागरण**

नीति आयोग ने आज "योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करना" शीर्षक से एक बृहद रिपोर्ट जारी की , जिसमें भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए सरकारी सहायता की प्रभावशीलता को मजबूत करने हेतु एक रणनीतिक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इस रिपोर्ट का विमोचन नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी और नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने किया।

यह रिपोर्ट योजनाओं के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करके, अंतर-मंत्रालयी समन्वय को मजबूत करके और वित्तीय, कौशल, विपणन और नवाचार सहायता के वितरण को बढ़ाकर लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु एक विस्तृत खाका प्रस्तुत करती है। यह एमएसएमई क्षेत्र के लिए भारत सरकार की मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों का मूल्यांकन करती है, उनके बीच वर्तमान अभिसरण स्तर का आकलन करती है और केंद्र, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों से सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करती है। इस आकलन के आधार पर, रिपोर्ट अभिसरण के अवसरों को खोलने और एमएसएमई योजनाओं की दक्षता, पहुंच और प्रभाव को बेहतर बनाने के लिए सुधारात्मक उपाय करने हेतु व्यावहारिक सिफारिशें प्रस्तुत करती है।

# झोपड़ी में आग लगने से वृद्ध महिला की जिंदा जलकर मौत, हत्या का आरोप।

**समाज जागरण**

बहजोई ।धनारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खलीलपुर में बृहस्पतिवार शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ एक झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने के कारण उसमें सो रही 70 वर्षीय वृद्ध महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर पुरानी रंजिश के चलते आग लगाने का गंभीर आरोप लगाया है।



मृतक महिला का फोटो।

**झोपड़ी बनी चिता, मौके पर ही तोड़ा दम**

जानकारी के अनुसार, खलीलपुर निवासी राममूर्ति (70) पत्नी रामलाल बृहस्पतिवार शाम करीब 5 बजे अपनी झोपड़ी में सो रही थीं। इसी दौरान अचानक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने धुआं और लपटें उठती देख आनन-फानन में आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि महिला को बाहर निकालने का अवसर नहीं मिल सका। इस हादसे में वृद्ध महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**पुरानी रंजिश में हत्या का आरोप**

घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र मलखान ने गांव के ही एक व्यक्ति पर साजिश के तहत झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि आरोपी के साथ उनकी पुरानी रंजिश चल रही है, जिसके कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है।

**पुलिस की कार्रवाई और जांच**

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजय कुमार और क्षेत्राधिकारी (CO) प्रदीप कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# घना कोहरा और तेज रफ्तार से बस पलटी, 38 घायल, 7 गंभीर

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर क्षेत्र में मंडावर रोड के मालन पुल के पास सोमवार रात एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। उत्तराखंड से वलीमे से लौट रही यात्रियों की बस घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब साठ यात्री सवार थे, जिनमें से अड़तीस लोग घायल हो गए, जबकि सात यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना रात लगभग साढ़े दस बजे हुई। लकसर से बढ़ापुर की ओर जा रही बस मालन पुल के पास अचानक घने कोहरे में फंस गई। बस चालक



नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायल यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इकतीस यात्रियों को छुट्टी दे दी गई, जबकि सात गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बिजनौर के उच्च उपचार केंद्र रेफर किया गया। गंभीर घायलों में आफरीन, अजीबा, मो. अली, इदरीश, फरहान, मोबिन, शगुफ्ता, शाहीन और सन्नो शामिल हैं। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से चांदपुर में नर नीलगाय गंभीर घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुरझहल्दौर मार्ग पर गुड़ मंडी के सामने मंगलवार एक दर्दनाक हादसा सामने आया। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक नर नीलगाय गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मार्ग पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नर नीलगाय सड़क पार करने का प्रयास कर रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नीलगाय सड़क किनारे खेत में गिरकर तड़पने लगी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।



आसपास मौजूद लोगों ने नीलगाय को बचाने की कोशिश की और वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल नीलगाय को प्राथमिक उपचार के लिए। टीम नीलगाय को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की व्यवस्था में जुट गई। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नीलगाय की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे बेहतर उपचार के लिए ले जाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर वन्य जीवों की आवाजाही को देखते हुए गति सीमा और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# संस्कृत में रचित आदि शंकराचार्य जी का ज्ञान-सागर आज सभी गुजराती युवाओं को गुजराती भाषा में उपलब्ध हो रहा है

**समाज जागरण**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद, गुजरात में 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' द्वारा गुजराती भाषा में प्रकाशित आदि शंकराचार्य की ग्रंथावली का विमोचन किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आदिशंकर रचित ज्ञानसागर का गुजराती भाषा में उपलब्ध होना गुजरात के पाठकों के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि गुजराती भाषा में प्रकाशित आदि शंकराचार्य की ग्रंथावली गुजरात के युवाओं के लिए एक बहुत बड़ा खजाना है। श्री शाह ने कहा कि संस्कृत में रचित आदि शंकराचार्य का यह ज्ञानसागर आज गुजराती युवाओं को उपलब्ध कराया गया है, और आने वाले वर्षों में जब अच्छे साहित्य की चर्चा होगी, तब निश्चित तौर पर 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' का यह प्रयास उसमें शामिल होगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि स्वामी अखंडानंद जी का जीवन ही ऐसा था कि लोगों ने उस महान व्यक्ति के नाम में 'भिक्षु' जोड़ दिया। भिक्षु अखंडानंद ने आयुर्वेद, सनातन धर्म और समाज में उच्च विचारों को प्रस्तुत करने वाले साहित्य के लिए अपना जीवन दिया। स्वामी अखंडानंद जी ने अपने जीवनकाल में यह परिकल्पना की थी कि गुजरात के युवाओं को उत्कृष्ट साहित्य रचनाएँ बहुत ही किफायती दामों में उपलब्ध हो। उन्होंने एक बड़ी संस्था स्थापित की और अपने जीवनकाल में अनेकानेक ग्रंथों को प्रकाशित किया, जिनमें श्रीमद्भगवद्गीता, महाभारत, रामायण, योग वशिष्ठ, स्वामी रामतीर्थ के उपदेश, रामकथामृत और नीति विषयक ग्रंथ शामिल हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र सहित अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों को गुजराती भाषा में उपलब्ध कराया है। गुजरात के सामूहिक चरित्र निर्माण में स्वामी अखंडानंद का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कई साहित्यिक सामग्रियों को एकत्रित करके बहुत सरल तरीके से युवाओं तक पहुँचाने का काम किया। स्वामी अखंडानंद जी ने अनेक ऋषि-मुनियों के कथनों के माध्यम से सनातन धर्म के सार को गुजराती में प्रस्तुत करने का काम किया। साथ ही व्यक्ति के अस्तित्व को जागृत करने के लिए स्वामी अखंडानंद ने कई बोधकथाएँ भी गुजराती युवाओं को उपलब्ध कराईं।

श्री अमित शाह ने कहा कि लोग इंटरनेट आने के बाद सोचते थे कि शायद अब कोई पुस्तकें पढ़ेगा ही नहीं, परंतु इन 24 पुस्तकों के प्र-काशन ने इस भरोसे को मजबूत कर दिया है कि नई पीढ़ी भी पढ़ती है। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य जी का यह ज्ञानसागर आज से हमारे गुजराती युवाओं के लिए उपलब्ध है और इसका उनके जीवन एवं कार्यों पर निश्चित रूप से गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य जी ने ऐसी परंपरा स्थापित की जिससे युगों-युगों तक सनातन की सेवा की जाती रहे। श्री शाह ने कहा कि ज्ञान का कभी अंत नहीं होता, ज्ञान हमेशा आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने कहा कि इस सृष्टि पर अब तक जितना ज्ञान उपलब्ध है, उसमें शिवोऽहम् से बढ़कर कुछ नहीं है। इतनी सरल, सटीक और सत्य के निकट उपनिषदों की व्याख्या और कोई नहीं दे सकता, यह कार्य केवल आदि शंकराचार्य ही कर सकते थे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ढेर सारी कुरीतियाँ आने के कारण सनातन धर्म को लेकर कई आशंकाएँ उत्पन्न हो गई थीं। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य जी के ग्रंथों को क्रमबद्ध रूप से पढ़ने पर पता चलता है कि उन्होंने अपने जीवनकाल में ही सारी आशंकाओं का निराकरण कर दिया और सभी किंतु-परंतु के तर्कबद्ध उत्तर उपलब्ध कराए।

गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने युवाओं से आग्रह किया कि गुजराती अनुवाद और भावानुवाद उपलब्ध होने से अब वे आदि शंकराचार्य जी द्वारा रचित ग्रंथ ह्यवि-वेकचूड़ामणिह्ल एक बार अवश्य पढ़ें। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य जी ने केवल विचार नहीं दिए, उन्होंने विचार के साथ-साथ भारत को संयोजन भी प्रदान किया। सिर्फ ज्ञान नहीं दिया, बल्कि ज्ञान का आकार भी दिया। आदि शंकराचार्य जी ने सिर्फ मोक्ष का विचार नहीं दिया, बल्कि मोक्ष तक पहुँचने का मार्ग भी बताया। श्री शाह ने कहा कि इतनी अल्प आयु में उन्होंने कई बार देश की पदयात्रा की। आदि शंकर जी ने एक प्रकार से उस जमाने में पैदल चलते विश्वविद्यालय की भूमिका निभाई। सिर्फ पैदल यात्रा ही नहीं की, बल्कि भारत की पहचान को प्रस्तुत किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि आदि शंकराचार्य जी ने चार दिशाओं में चार मठ स्थापित किए, ज्ञानद्वीप की स्थापना की और पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण–चारों दिशाओं में सनातन की ध्वजा फहराने का कार्य किया। उन्होंने इन चारों मठों के तत्वावधान में सारे वेदों और उपनिषदों को बाँ-टकर उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए हमेशा के लिए एक व्यवस्था स्थापित की। कठिन से कठिन परिस्थितियों में सनातन धर्म कालबा न हो, इसके लिए आदि शंकराचार्य जी ने अखाड़ों की स्थापना की और सनातन संस्कृति के लिए संगठन का निर्माण किया। श्री शाह ने कहा कि भक्ति, कर्म और ज्ञान, तीनों मार्गों से मोक्ष संभव है, यह समन्वित विचार आदि शंकराचार्य जी की महान देन है। आदि शंकराचार्य जी ने शास्त्रार्थ की परंपरा को पुनर्जीवित कर संवाद से समाधान की नींव रखी। उन्होंने यह भी कहा कि आदि शंकराचार्य जी ने प्रकृति की पूजा से लेकर सनातन के मूल तत्व को पहचानने का रास्ता आम लोगों के लिए प्रशस्त किया।

# पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर पुलिस द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एसपी अभिषेक झा के आदेश पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने दो टीमों का गठन किया जिसमें कांस्टेबल आकाश कुमार, कांस्टेबल कृष्ण राणा व कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार




ने नवाबपुरा तुरतपुर मार्ग के नजदीक बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर खदरी निवासी बन्टा सिंह उर्फ बन्टी पुत्र करनैल सिंह को अवैध रूप से 20 लीटर कच्ची शराब बेचने के दौरान पकड़ लिया। जबकि गांव तुरतपुर मार्ग के नजदीक बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर खदरी निवासी बलजिन्दर उर्फ बिन्दर पुत्र करनैल सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर जांच शुरू कर दी। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल आकाश कुमार यादव, कांस्टेबल कृष्ण राणा, कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# अफजलगढ़ में पूर्व सभासद मोहम्मद हनीफ का हार्ट अटैक से निधन, शोक में उमड़ा जनसैलाब

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़ नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद मोहम्मद हनीफ का हार्ट अटैक के कारण इंतकाल हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही वार्ड नंबर 15 मोहल्ला मुमताज हुसैन सहित पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। इंतकाल की खबर सुनते ही सभी समाज के लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान शेख सुलेमान पूर्व विधायक, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरमैन




नफीस कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम एडवोकेट एवं पूर्व सभासद नवाब खान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मोहम्मद हनीफ नगर पालिका परिषद में सभासद रहते हुए जनसेवा के लिए जाने जाते थे। वह मिलनसार, ईमानदार और समाजसेवी स्वभाव के व्यक्ति थे, जिनका हर वर्ग में सम्मान था। परिजनों के अनुसार अचानक सीने में दर्द उठने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया। मृतक अपने पीछे चार बेटियों को छोड़ गए हैं, जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है। उनका कोई पुत्र नहीं था। नगर के सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों ने उनके इंतकाल पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अल्लाह तआला से मरहूम की मगफिरत और परिजनों को सब्र अता करने की दुआ की है।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 18वें दिन भी धरना जारी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का 18 वा दिन को डी फ ओ कार्यालय नजीबाबाद पर धरना प्रदर्शन जारी है ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में धरना जारी है।

वन विभाग और राजस्व , किसानों की वार्ता हुई। जांच करने पर पता चला कि वन विभाग का नोटिफिकेशन त्रुटि पूर्ण है। जिस कारण किसानों को कृषि भूमि नहीं मिल पा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि वन विभाग ने किसानों की भूमि कब्जा रखी है उल्टा मुकदमा वन विभाग के अधिकारियों पर पर होना चाहिए वन विभाग के नोटिफिकेशन त्रुटि पूर्ण है। वन विभाग भ्रष्टाचार के खिलाफ वन



विभाग से जंग जारी, खेतों में गुलदार का आतंक, और एक हाथी की मौत हुई।

वन विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है लड़ाई आर पार की होगी। इस कड़कड़ाती ठंड के बावजूद धरने में दिन-रात जारी हैं। आज नजीबाबाद से किसान साथी प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर के लिए रवाना हुए। धरने पर, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर,जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान,जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार,मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, सुनील, संजीव,जिला सचिव अमित,न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, ,ज्ञान सिंह, मुकुल, सोनूगिरिराज, , प्रमोद,सूरज, विनीत, रोहित,युसूफ, ,रजत ,सोमवीर, बलराम सिंह, ,अनिल चौहान,नीतू, पवन, मोनू,

# अपराधियों पर बरकरार इंस्पेक्टर प्रवीन की सक्रियता का शिकंजा, शिवली में महिला समेत आधा दर्जन हत्यारोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। मामूली विवाद में हुए मलिकपुर गांव निवासी 55 वर्षीय किसान देवकीनंदन पासवान हत्याकांड का पुलिस की परिश्रम पूर्ण सक्रियता ने सटीक खुलासा कर दिया है। इस मामले में शिवली कोतवाल प्रवीन कुमार सिंह की अगुवाई में एसआई योगेंद्र कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ छापा मारकर गिरफ्तार किये गये इन आधा दर्जन आरोपियों के पास से 4 मोबाइल, एक हजार रुपये व हत्या में प्रयुक्त दो डंडा भी बरामद किए हैं।




प्राप्त जानकारी केमुताबिक शिवली कल्याणपुर मार्ग पर स्थित सुरभि एजूकेशन सेंटर में चौकीदार देवकीनंदन की पत्नी ममता तथा गोविंद सिंह की पत्नी संगम के बीच कहासुनी होने के साथ ही मारपीट हो गई थी। जिस पर गोविंद सिंह की पत्नी संगम के बुलाने पर आए नई बस्ती मिजार्पुर थाना कल्याणपुर कानपुर नगर में रह रहे उसके भाई आकाश छोटू, विजय सिंह उर्फ गोरे उसके साथी ग्राम गंगरौली थाना गजनेर हाल पता बारा सिरोही थाना कल्याणपुर निवासी अमन, ग्राम अठावल थाना ललौली जिला फतेहपुर हाल पता सनिगवां थाना चकेरी कानपुर नगर निवासी अनूप सिंह आदि ने देवकीनंदन पासवान की झोपड़ी पर धावा बोल, देवकीनंदन उसकी पत्नी ममता, पुत्री गोमती, खुशबू बेटू तथा पुत्र सूरज को मारपीट कर घायल कर दिया था। बाद में उपचार के दौरान देवकीनंदन की मौत हो गई थी ,जिसके बाद पुलिस ने पहले से दर्ज मारपीट के मुकदमे में हत्या की धारा तरमीम कर उनकी तलाश कर रही थी।

अवगत कराते चलें कि सभी हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के रूप में कानपुर देहात की जिस थाना शिवली पुलिस को यह महत्व पूर्ण सफलता मिली आजकल उस शिवली थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार सिंह यादव के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ उनकी कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

# केंद्र ने सिक्किम में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान की पहली किस्त जारी की

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सिक्किम में ग्रामीण स्थानीय निकायों हेतु 15वें वित्त आयोग के अनटा-इड अनुदान की पहली किस्त के रूप में 643.50 लाख रुपए जारी किए है। यह धनराशि राज्य की 5 पात्र जिला पंचायतों (डीपी) और सभी 199 पात्र ग्राम पंचायतों (जीपी) के लिए है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनटाइड अनुदान की दूसरी किस्त का रोका गया 17.50 लाख का रुपए का हिस्सा भी एक अतिरिक्त पात्र जिला पंचायत को जारी कर दिया गया है। केन्द्र सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। आवंटित अनुदान की सिफारिश और वितरण एक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में किया जाता है। अनटाइड अनुदानों का उपयोग पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) द्वारा संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित उनतीस विषयों के अंतर्गत, वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा। टाइड अनुदानों का उपयोग (ए) स्वच्छता और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति के रखरखाव के लिए किया जा सकता है, जिसमें विशेष रूप से घरेलू अपशिष्ट और मानव मल का प्रबंधन तथा उपचार और फिकल स्लज प्रबंधन शामिल होना चाहिए और (बी) पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**
**कैराना।(सलीम फारुकी)**

एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं एएसपी सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में कोतवाली कैराना पुलिस द्वारा गुरुवार को ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत कस्बे में एक प्रभावशाली नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर उन्हें नशा-मुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने बताया कि खुशहाल, सुरक्षित और सफल जीवन के लिए नशे से दूरी बनाना अत्यंत आवश्यक है। नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, बल्कि उसके शैक्षिक, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर भी नकारात्मक असर डालता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों, युवाओं को नशे की लत से बचाने के प्रभावी उपायों, नशा तस्करी व अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्रवाई, नशा छोड़ने हेतु परामर्श, सहयोग एवं उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी विस्तार से दी गई।पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक करें। किसी भी प्रकार की नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान पुलिस टीम में एसआई चंद्रशेखर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




# आर्मी डे परेड में महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट श्वेधा सिंह ने किया ऐतिहासिक प्रतिभाग

**समाज जागरण**
**कैराना।(सलीम फारुकी)**

गुरुवार को आर्मी डे के अवसर पर जयपुर (राजस्थान) में आयोजित भव्य आर्मी डे परेड में नगर के विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय, की एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर श्वेधा सिंह ने प्रतिभाग कर जनपद व महाविद्यालय का नाम रोशन किया। यह पहला अवसर था जब आर्मी डे परेड में एनसीसी गर्ल्स यूनिट द्वारा पथ संचलन किया गया।इस ऐतिहासिक परेड के लिए जनपद शामली से दो एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स का चयन हुआ था, जिनमें विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी तृतीय वर्ष की सीनियर कैडेट श्वेधा सिंह, पुत्री श्री जगदेव सिंह, ग्राम पंजीठ शामिल रहीं।चयनित कैडेट्स ने 85 बटालियन एनसीसी शामली के अधिकारियों के निर्देशन में लगभग तीन माह तक कठोर परेड प्रशिक्षण प्राप्त किया। कठिन प्रशिक्षण के बाद जयपुर में आयोजित आर्मी डे परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्वेधा सिंह ने महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया।श्वेधा सिंह की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र सिंह, एनसीसी प्रभारी एवं समस्त प्राध्यापकों ने उन्हें शुभ कामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## आवारा कुत्ते के हमले से दो वर्षीय मासूम घायल

**समाज जागरण**

कैराना। घर के बाहर खेल रहे दो वर्षीय मासूम बालक पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। इसमें बालक का चेहरा जख्मी हो गया। घायला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को गांव खुरगान निवासी कामिल का दो वर्षीय पुत्र इस्माइल घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान आवारा कुत्ते ने बालक के ऊपर हमला कर दिया, जिसमें बालक का चेहरा बुरी तरह घायल हो गया। बालक की चींख–पुकार सुनकर लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद बालक की जान बचाई गई। बाद में परिजन घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बालक के चेहरे पर टांके लगाने के साथ ही उसे एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई। दूसरी ओर, क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के झुंड मंडरा रहे हैं, जो आए दिन किसी न किसी व्यक्ति अथवा बच्चों पर हमला कर घायल कर देते हैं। लोगों ने आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की है।



# सड़क किनारे मिला किसान का शव, फैली सनसनी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) गुरूवार सवेरे शहर के धीमानपुरा में एक किसान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त हो सकी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
गुरूवार सवेरे शहर के धीमानपुरा स्थित आर्य समाज के निकट सडक किनारे एक व्यक्ति का शव पडा मिला। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिए तलाशी ली तो उसके जेब से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त 55 वर्षीय किसान संजीव पुत्र हरिकिशन निवासी पिंडौरा के रूप में हुई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा का कहना है कि शव के शरीर पर चोट के निशान पुराने है। मृतक शराब पीने का आदी था। संभवतः उसी कारण उसकी मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



## छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर हमले से उपाध्याय समाज में रोष

**समाज जागरण**

शामली। थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के माजरा रोड स्थित सुनारों वाली गली निवासी एक परिवार पर बेटी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर जानलेवा हमला किए जाने के मामले में अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से उपाध्याय समाज में रोष व्याप्त है। उन्होने आला अधिकारियों का घेराव करने की चेतावनी दी है। गत बुधवार को इंटरमीडिएट की छात्रा के साथ मोहल्ले के युवक विपिन बालियान द्वारा अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ किए जाने पर परिजनों ने विरोध किया था। आरोप है कि बाद में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर माता पिता पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया गया था। परिजनों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाना आदर्शमंडी पुलिस के तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने अभी तक न तो मुकदमा दर्ज किया और नही आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। गुरूवार को उपाध्याय समाज के दर्जनों लोग सीओ सिटी से मिले और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। सभासद अनिल उपाध्याय ने आरोप लगाया कि उक्त युवक पिछले छह महीनों से युवती को परेशान कर रहा था, जिसकी पूर्व में भी शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। चेतावनी दी कि यदि समाज की बेटियों को सुरक्षा नही मिली तो आन्दोलन करेगे और आला अधिकारियों का घेराव किया जायेगा। इस अवसर पर अनिल उपाध्याय, परवीन कुमार, राहुल, विनोद, मुकेश देवी, कमलेश, कमला, अरविन्द उपाध्याय, कमल, श्रीपाल, विकास, मनीष, संगीता आदि मौजूद रहे।



## डिम्पल यादव का सपाईयों ने मनाया जन्मदिवस

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव का जन्मदिन भैंसवाल स्थित कैंप कार्यालय पर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उनके दीघार्यु होने की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. सुधीर पंवार ने कहा कि डिम्पल यादव भारतीय संस्कृति में वर्णित नारी के आदर्श स्वरूप की



प्रतीक हैं और उन्होंने जीवन की सभी भूमिकाओं को सफलतापूर्वक निभाया है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि डिम्पल यादव ने महिलाओं के सम्मान व कल्याण से जुड़े मुद्दों को समाज और संसद दोनों में प्रभावी ढंग से उठाया है। समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलेक चंद ने कहा कि डिम्पल यादव दलितों के प्रति संवेदनशील हैं और सामाजिक भेदभाव समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महिला सभा की जिलाध्यक्ष अर्चना चौधरी ने कहा कि डिम्पल यादव का व्यक्तित्व बहुआयामी है और वे असंख्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस मौके पर जावेद जंग, सतीश जलालपुर, तासीन मंसूरी, बिट्टू ताना, विश्वजीत पंवार, देवेंद्र वालिया, भूपेंद्र सैनी, खुशनूद, हरित पंवार, धर्मवीर मौजूद रहे।

# हाईवे पर घायल हिरन को बचाने उतरे डिप्टी कलेक्टर, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) मानवता की मिसाल पेश करते हुए डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन ने मेरठ-करनाल हाईवे पर काबडौत के पास घायल पड़े हिरन को देखकर अपनी गाड़ी रुकवाकर तत्काल मदद कराई। उन्होंने मौके पर वन विभाग की टीम को बुलवाकर हिरन को उनके सुपुर्द किया और उसके उपचार की व्यवस्था कराई। बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने हिरन को तेज गति से टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। गत बुधवार देर शाम डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन उसी रूट से गुजर रहे थे। तभी उन्होने हाईवे पर घायल हिरन को पडा देखा तो गाडी को रूकवा लिया। उन्होने सबसे पहले घायल हिरन को हाईवे से हटाकर सडक किनारे किया और वन विभाग को मामले को सूचना देकर मौके पर बुलाया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हिरन को उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसने गुरूवार सवेरे दम तोड़ दिया। बाद में वन विभाग की टीम ने मृत हिरन को नियमानुसार दफनाया। इस मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और कहा कि ऐसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं।



## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा नगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल बबीता व हेड कांस्टेबल कमलेश ने अभियान का नेतृत्व करते हुए नगर के सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड, बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए किसी भी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर भरोसा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें।महिला पुलिस कर्मियों ने सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों, सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही, जागरूकता पंपलेट वितरित कर महिलाओं से अपील की गई कि



# बसपा कार्यकताओं ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का 70 वा जन्म दिवस जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में गुरुवार को प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का 70 वा जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के



रूप में मनाया गया। इस मौके पर कार्यकताओं ने केक काटकर और लड्डू वितरण कर खुशी मनाई। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी देवीदास जयंत ने कहा कि जिस समय प्रदेश में बसपा की सरकार थी उस समय प्रदेश में विकास की गंगा बह रही थी। उन्होंने बहन जी के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप जैसे लोगों ने बहन जी का जन्मदिन मना कर दुनिया को बता दिया है कि दुनिया में बहन जी एकलौती ऐसी नेता है जो वंचितों, बेसहारा, मजलूमों, गरीबों और अल्पसंख्यकों के दिलों में बसती है। कार्यक्रम का संचालन अनीस अंसारी व अध्यक्षता किरणपाल ने की। इस मौके पर प्रवीण, अनिल कुमार, सतपाल, विनोद कुमार, चंदकी राम, ईलम चंद, जुगनू, रोहतास, नंदू , बुद्धू व श्यामलाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित एलम नाला कट पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहान चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा क्षेत्र के गांव सरूरपुर निवासी सुमित अपनी बहन नैंसी के साथ बाइक से जनपद बागपत के थाना छपरौली क्षेत्र के गांव लोहारा स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही दोनों क्षेत्र के नेशनल हाईवे एलम नाला कट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई-बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी।

एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को नगर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने के कारण गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।समाचार लिखे जाने तक थाने पर कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मकर संक्रांति पर सेवा शिविर का आयोजन, कंबल व खिचड़ी वितरण

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के कैराना मार्ग स्थित शुभम मेडिकल स्टोर पर गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समाजसेवी नरेश सैनी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से सेवा शिविर का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर सामाजिक सौहार्द और मानव सेवा का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला।सेवा शिविर के अंतर्गत जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण किया गया। वहीं मकर संक्रांति की परंपरा के अनुरूप खिचड़ी का प्रसाद भी श्रद्धा और सम्मान के साथ वितरित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया।समाजसेवी नरेश सैनी ने कहा कि पर्व और त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता कर उनके जीवन में खुशियां लाना है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव समाजसेवियों के साथ मिलकर जनकल्याण के कार्यों में सहयोग करता रहेगा।कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन स्थल पर उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना का वातावरण बना रहा, जिससे मकर संक्रांति का पर्व मानवता और भाईचारे के संदेश के साथ मनाया गया। इस मौके पर एसआई सचिन त्यागी, डॉ. सुभाष सैनी, डॉ. नकली शर्मा, शुभम, लाल्ला सैनी, महमूद सैफी, सोनू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## सड़क सुरक्षा की छात्राओं को दिलाई गई शपथ, जागरूकता रैली का आयोजन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बृजभूषण ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।इस अवसर पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों की जानकारी, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के महत्व, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्राचार्य प्रो. बृजभूषण ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना और सड़क पर सुरक्षित एवं अनुशासित व्यवहार के प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम के उपरांत सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गुजरान मोहल्ला होते हुए राय जादगान मोहल्ले स्थित शिव मंदिर तक पहुंची।
रैली में महा विद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।रैली के सफल संचालन में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अमित सिंह एवं डॉ. संजय कुमार ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



## थाना परिसर में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा की रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर थाना परिसर मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया।बैठक के दौरान सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह न कराने और अपने क्षेत्र में इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन उर्फ बबला ने बताया कि यह बैठक सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप आयोजित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है। यदि कोई व्यक्ति इन नियमों का उल्लंघन करता है, तो इसकी सूचना तत्काल थाने पर देनी चाहिए, जिस पर पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले, तो बिना किसी भय के तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कानूनी कार्रवाई कर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। बैठक में नरेश सैनी, सचिन गोयल एडवोकेट, सुरेश कुमार शरद गोयल, डा नफीस, सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# फल विक्रेता पर दबंगों का जानलेवा, गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर बाइक की साइड लगने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आधा दर्जन से अधिक युवकों ने फल विक्रेता और उसके पिता पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन उपचार के लिए कस्बे के राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती मुस्तफाबाद निवासी असगर अपनी बाइक से दिल्ली बस स्टैंड स्थित अपने पुत्र सादिक की फल की दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में साइड मार दी। विरोध करने पर युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फोन कर अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद सभी ने मिलकर फल विक्रेता सादिक और उसके पिता असगर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें सादिक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्कूटी सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए दोनों युवक थाने के टॉप टेन बदमाश और हिस्ट्रीशीटर के पुत्र हैं।पीड़ित के पिता असगर ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।
थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# शराब तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार, कच्ची शराब बरामद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

पुलिस ने नाला नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश पर एलम पुलिस चौकी प्रभारी विपिन मलिक पुलिस टीम के साथ बुधवार को नाला नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक पुलिस को आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की, लेकिन वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि वह कच्ची शराब की तस्करी करते हैं और आसपास के गांवों में शराब की सप्लाई करने जा रहे थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 17 लीटर कच्ची शराब बरामद की।पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम अंकित पुत्र प्रताप, निवासी ग्राम खेडी करमू, थाना कोतवाली शामली तथा समद पुत्र इकराम, निवासी नई गौशाला, थाना कोतवाली शामली बताए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# अपर सचिव बीना कुमारी मीणा ने बागपत चीनी मिल निरीक्षण किया

निरीक्षण में रिकवरी बढ़ाने और मिल संचालन सुधारने के निर्देश दिए
पुराना लोहा और फ्लाई ऐश निस्तारण के आदेश जारी किए गए
किसानों को भुगतान और मिल परिसर किराया वसूली पर जोर दिया



**समाज जागरण बागपत।** को कॉपरेटिव चीनी मिल बागपत का अपर मुख्य सचिव बीना कुमारी मीणा द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिल के विभिन्न विभागों का गहन अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर चीनी मिल के उप सभापति कृष्णपाल चेयरमैन जिला धिकारी बागपत अस्मिता लाल प्रधान प्रबंधक प्रदीप तेवतियां जिला गन्ना अधिकारी अमर प्रताप सीसीओ राजीव बालियान एवं डायरेक्टर रामनिवास मौजूद रहे। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चीनी मिल सुचारु रूप से चले और गन्ना पेराई के दौरान रिकवरी में वृद्धि होनी चाहिए। इसके लिए तकनीकी सुधार समय पर मरम्मत और बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने कहा कि रिकवरी बढ़ने से मिल की आय में वृद्धि होगी और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान मिल परिसर में पड़ा काफी पुराना लोहा भी सामने आया। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पुराने लोहे को शीघ्र नीलामी के माध्यम से बेचकर मिल के हित में उपयोग किया जाए। इसके अलावा मिल परिसर में बड़ी मात्रा में पड़ी फ्लाई ऐश के निस्तारण पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देश दिए कि निमार्णाधीन सड़कों में फ्लाई ऐश का उपयोग किया जाए जिससे सड़कों की गुणवत्ता बेहतर होगी और राख का सही उपयोग भी सुनिश्चित होगा। उप सभापति कृष्णपाल चेयरमैन ने सरकार के 14 दिन में गन्ना भुगतान संबंधी आदेश का पालन कराने का प्रस्ताव रखा। इस पर प्रमुख सचिव ने किसानों के गन्ना भुगतान हेतु 15 करोड़ रुपये की धनराशि उनके खातों में भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह प्रस्ताव भी रखा कि चीनी मिल परिसर में संचालित अन्य संस्थाओं से सरकारी दरों के अनुसार किराया वसूला जाए। अधिकारियों को इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# लायंस क्लब बागपत ने जरूरतमंदों को किया कंबलो का वितरण



**समाज जागरण बागपत।** सर्दियों की बढ़ती ठंड को देखते हुए लायंस क्लब बागपत ने समाज के असहाय एवं वृद्धजनों की मदद के लिए एक नेक पहल की। क्लब द्वारा जीव दया संस्थान अमीनगर सराय अपना घर केड़वा कमाला में रहने वाले सभी वृद्ध पुरुषों एवं महिलाओं को गर्म कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब बागपत के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि आज हम आपके समक्ष केवल कंबल नहीं, बल्कि थोड़ी-सी गर्माहट और सम्मान लेकर आए हैं। सर्दी की इस कड़वाहट में अगर हम आपकी थोड़ी-सी भी मदद कर पाए, तो यही हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य है। लायंस क्लब बागपत हमेशा से समाज के हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा रहा है, जिसे थोड़े से सहारे की आवश्यकता होती है।इस मानवीय कार्यक्रम जिसमें लाभार्थियों के चेहरों पर कृतज्ञता एवं संतोष के भाव स्पष्ट दिखाई दिए। कार्यक्रम की स्पॉन्सरशिप हाजी यासीन ने की, जिनके उदार सहयोग से यह सेवा संभव हो सकी। इस अवसर पर सचिव विजयपाल यादव, कोषाध्यक्ष परमवीर वर्मा, राजपाल शर्मा, विनोद शर्मा, गजेंद्र सिंह बली, मांगेराम यादव आदि लायन सदस्य उपस्थित रहे।

# सपा नेता शफीक सलमानी और उसके पुत्रों पर एक और मुकदमा दर्ज , आरोपी अभी भी गिरफ्त से बाहर

फर्जी चेक से वसूली और मारपीट का गंभीर आरोप
घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने का मामला
पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

**समाज जागरण बागपत।**

शहर में समाजवादी पार्टी से जुड़े एक नेता पर एक बार फिर गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज होने से इलाके में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। पुराना कस्बा बागपत निवासी रासिद पुत्र इस्लाम ने पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि सफीक सलमानी और उसके पुत्रों द्वारा उस पर फर्जी चेक के जरिए रुपये ऐंठने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार सफीक सलमानी दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। आरोप है कि 11 जनवरी को सफीक सलमानी अपने पुत्रों कामिल और मुद्दजिर के साथ जबरन उसके घर में घुस आया। तीनों ने गाली



गलौच करते हुए लात घूंसों से मारपीट की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने एनसीआरबी के एकीकृत जांच फार्म के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्राथमिकी में स्पष्ट किया गया है कि उपलब्ध तथ्यों से संज्ञेय अपराध का खुलासा होता है। मामले की जांच उप निरीक्षक शिव कुमार को सौंपी गई है। पुलिस ने शिकायतकर्ता को प्राथमिकी पढ़कर सुनाई और उसकी प्रति निशुल्क उपलब्ध कराई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


वहीं इलाके में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि सपा नेता पर पहले भी विवादों और मामलों की चर्चा होती रही है। एक के बाद एक मुकदमा दर्ज होने से विपक्षी दलों को भी हमला बोलने का मौका मिल गया है। अब सबकी निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है।

# मकर सक्रांति पर किया पौधरोपण



**समाज जागरण छपरौली।** बृहस्पतिवार को पर्यावरण एवं जल वायु संरक्षण दल भारत वर्ष के सदस्यों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय कन्या विद्यालय स्थित छपरौली मे मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं को पौधे भेंट कर मकर सक्रांति का पर्व मनाया। शिक्षिकाओं व बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए दल के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह तुगाना ने कहा कि पेड़ पौधे ही जीवन का आधार है। पेड़ नहीं होगी तो हम जीवित नहीं रह पाएंगे। इसलिए हम सभी को पौधो के महत्व को समझना होगा और पर्यावरण बचाना होगा। पौधा रोपण कार्यक्रम के बाद बालिकाओ को मुगफली और तिलसकरी को प्रसाद के रूप मे वितरण किया।इस अवसर पर वार्डन नीलम तोमर ने पौधरोपण के कार्य की प्रसंसा करते हुए ईश्वरीय कार्य बताया और इस कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मधु, मंजू मलिक, मंजू चौहान, पूनम रानी मधु, दीपिका वसुंधरा आदि मौजूद रहे।

# परमात्मा से मिलने का भक्ति है एक माध्यम : विमर्श सागर



**समाज जागरण बागपत।**

अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में मंगल प्रवचन देते हुए जैन आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने कहा कि जिसे जो बनने की आकांक्षा होती है,उसे उनकी आराधना सेवा, पूजा, वन्दना अवश्य ही करनी पड़ती है। चाहे वह लौकिक कार्य हो, चाहे आध्यात्मिक कार्य हो। इसलिए अर्हन्त बनने के इच्छुक जीव को अर्हन्त की उपासना करना अनिवार्य है। यदि आत्मीय भक्त होगी तो निश्चित ही उपासक स्वयं उपास्य बन जायेगा।अगर सेवक गुणवान होता है तो मालिक प्रसन्न होकर उसे धनवान बना देता है। उसी प्रकार भक्त श्रद्धावान होता है तो भगवान के गुणों को शीघ्र उपलब्ध हो जाता है। उन्होंने कहाँ कि अर्हन्त वही है, जिन्होंने चार घातिया कर्मों को नष्ट कर दिया व अटठारह दोषों से रहित हैं। समवशरण में विराजमान हैं। हमें आज साक्षात उनके दर्शन नहीं मिल रहे हैं पर प्रति कृति की आराधना करके ही हम उन तक पहुँच सकते हैं। लेकिन भक्ति सच्ची होनी चाहिए; क्योकि भक्ति ही सेतु का कार्य करती है। भक्ति एक माध्यम है परमात्मा से मिलने का। ध्यान रखें परमात्मा तो मक्खन से भी ज्यादा मुलायम हैं, पर वे भी तभी पिघलते हैं जब भक्त की भक्ति में उष्मा होती है। यहाँ प्रभु के पिघलने का अर्थ स्वयं के परमात्मा का जागरण है, पूण्य की उत्कृष्टता है। जहां पुण्य की वृद्धि होती है वही भक्ति का जागरण होता है जहाँ भक्तित है, वही त्याग हैं, जहाँ त्याग है, वही ध्यान है, जहाँ ध्यान है वहीं परमात्मा का दर्शन है। पुण्य का फल ही परम्परा से अहंत पद देता है। आराध्य की आराधाना ही तीर्थंकर प्रकृति के बन्थ की साधना है। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, राकेश जैन, मुदित जैन, नितिन जैन, निशांत जैन, अजय जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि आदिनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव की पूर्व संध्या पर 16 जनवरी को अजितनाथ सभागार में भक्तामर दीप अर्चना या आयोजन युगल जैन मिलन सिद्ध की ओर से किया जाएगा। 17 जनवरी को आदिनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव पर आचार्य संघ के सानिध्य में भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन अतिथि भवन पुजारी संघ द्वारा ऋषभ सभागार में किया जाएगा।

# ऑनलाइन ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

## शादी के विज्ञापन से लोगों को आठ साल कर रहे थे ठगी



**समाज जागरण बागपत।** साइबर सेल और साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन ठगी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी शादी का झांसा देकर लोगों को ठगते थे और पिछले आठ वर्षों से इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त पहले ऑनलाइन साइटों पर वधू चाहिए, वर चाहिए का झूठा विज्ञापन तैयार करते थे। जब कोई आवेदक उनसे संपर्क करता था तो वह मुलाकात तय करते थे। मुलाकात से पहले वे रास्ते में एक्सीडेंट होने का बहाना बनाकर आवेदकों से अपने खाते में पैसे डलवा लेते थे और फिर उन पैसों को वापस नहीं करते थे। एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि बड़ौत निवासी एक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन ठगी की शिकायत मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम जांच में जुटी थी। पुलिस ने हरियाणा निवासी नावेद और मुरादाबाद निवासी भूरे को गिरफ्तार किया है। नावेद पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 16 आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी नावेद इस गिरोह का सरगना था। जबकि पूरा खातों के लेनदेन और अन्य जरूरी काम संभालता था। पुलिस काफी समय से इनकी तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपी 8 वर्षों में बड़ी संख्या में लोगों को ठगी का शिकार बनाकर लाखों रुपए की रकम ऐठ चुके है। आरोपियो के कब्जे से आठ मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक आधार कार्ड, एक फर्जी आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एक पासबुक और एक चेक बुक बरामद हुई है। आरोपियों ने बड़ी संख्या में लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस इनके अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है और आगे के कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ईमानदारी एवं उचित मूल्य व्यापार की प्रगति के मूल मंत्र:- डॉक्टर सत्यपाल सिंह

श्री हरी ट्रेडर्स का फीता काटकर उद्घाटन



**समाज जागरण बागपत।** बागपत के पूर्व सांसद पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री विकास पुरुष डॉक्टर सत्यपाल सिंह ने चमरावल रोड बागपत में स्थित श्री हरी ट्रेडर्स का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ईमानदारी एवं उचित मूल्य व्यापार की प्रगति के मूल मंत्र है। आशा व्यक्त की श्री हरि के पंकज गुप्ता, अंकित जिंदल, इस मार्ग पर चलेंगे और प्रगति करेंगे। श्री हरी ट्रेडर्स में नामी कंपनियों का सीमेंट सरिया स्टील अन्य सभी प्रकार की लोहे और स्टील की सामन उचित मूल्य पर मिलेगा। इस अवसर पर श्री हरी ट्रेडर्स के संरक्षक अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कार्यक्रम में सहकारी मिल के अध्यक्ष चौधरी प्रदीप ठाकुर, पूर्व प्रमुख जितेंद्र सिंह, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हंसराज गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष संजय गर्ग, बागपत व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज गोयल, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नंदलाल डोगरा, विक्की चौधरी, संजय रुहेला, विनोद गुप्ता, आशुतोष अग्रवाल, अशोक अग्र वाल, सुरेश जिंदल, सतीश जिंदल, संजय गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर विनोद कुमार, अध्यक्ष विजयपाल सिंह, प्रमोद दीक्षित, जसपाल राणा, एडवोकेट डॉ मयंक गोयल, संतोष गुप्ता, गीता जिंदल, संतोष जिंदल, कमलेश जिंदल, श्वेता गुप्ता, ओमपाल आर्य, राकेश मोहन गर्ग, कपिल गुप्ता, संदीप अग्रवाल, सुनील मित्तल, प्रवीण गुप्ता, संजय गोयल, बेस्टोशूज वाले विनोद गोयल ने डॉक्टर सतपाल सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

अभिमन्यु गुप्ता ने पगड़ी पहनाई पंकज गुप्ता, अंकित जिंदल ने मफलर पहनकर सम्मान किया।

# युवक रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य बने कमलाकर

**समाज जागरण विजय तिवारी**



अनूपपुर।भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, म.प्र. राज्य शाखा द्वारा युवक रेडक्रॉस समिति के गठन की घोषणा की गई है।राज्य स्तरीय इस महत्वपूर्ण समिति में अनूपपुर जिले से ।

कमलाकर के सदस्य बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ राज पांडे ने कहा किंतु सेवा, समर्पण और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता को यह सम्मान मिला है। यह दायित्व समाजसेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगा।

# मकर संक्रांति के अवसर पर पुलिस लाइन चुर्क में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ पारिवारिक कार्यक्रम

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**




सोनभद्र। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर वामा सारथी, उत्तर प्रदेश फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर्षोल्लास पूर्वक पुलिस परिवारजनों के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा बच्चों के साथ पतंग उड़ाकर पर्व की खुशियाँ साझा की गईं, जिससे उपस्थित बच्चों एवं परिवारजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गई, जिसमें पुलिस परिवारजनों एवं बच्चों द्वारा गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को सजीव किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और अधिक आकर्षक एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ श्रीमती अंशिता वर्मा, अध्यक्ष, वामा सारथी सोनभद्र, श्रीमती जागृति अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी, उत्कर्ष द्विवेदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, आशुतोष जाय सवाल, डीएफओ, डॉ. चारु द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी यातायात, रणधीर कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर, हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी पिपरी एवं मुहम्मद नदीम, प्रतिसार निरीक्षक, सोनभद्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु की झील से मिले जलवायु संबंधी रिकॉर्ड संरक्षण और जैव विविधता रणनीतियों को सक्षम बना सकते हैं

एक नए अध्ययन में प्रायद्वीपीय भारत के सबसे विस्तृत जलवायु अभिलेखों में से एक का खुलासा हुआ है जो तमिलनाडु के शिवगंगा के बाहरी क्षेत्र में स्थित साधारण-सी कोंडागई अंतदेर्शीय झील के नीचे संरक्षित है। तमिलनाडु के आंतरिक हिस्सों में मल्टी प्रॉक्सी झील रिकॉर्डस कमी रही है, जबकि ये क्षेत्र उत्तर पूर्वी मानसून के प्रति बेहद संवेदनशील है। कोंडागई झील, जो कीलाडी के निकट स्थित है, एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल है। कीलाडी संगम काल की एक परिष्कृत शहरी सभ्यता के साक्ष्यों के लिए प्रसिद्ध है, जो संभवतः छठी शताब्दी ईसा पूर्व (या उससे भी पहले) की है। ये खोज तमिल इतिहास को सदियों पीछे ले जाती है। शोधकताओं ने पाया कि प्राचीन बस्तियों में स्थित यह झील अतीत में मानसून की परिवर्तन शीलता, इकोसिस्टम की प्रति क्रियाएं और मानव निवास के साथ उनके संबंधों को समझने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है।

लखनऊ स्थित बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी), जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) का एक स्वायत्त संस्थान है, के शोधकताओं ने एक मीटर से थोड़े गहरे तलछट प्रोफाइल की खुदाई की। उन्होंने समय के विभिन्न हिस्सों को दशार्ने वाले 32 नमूने एकत्र किया। स्थिर समस्थानिक विश्लेषण, पराग अध्ययन, कण आकार माप और रेडियोकार्बन डेटिंग जैसी तकनीकों के संयोजन का उपयोग करके उन्होंने अतीत की वर्षा, वनस्पति, झील स्तर और बाढ़ की घटनाओं का असाधारण सटी कता के साथ पुनर्निर्माण किया। तमिलनाडु के अंतदेर्शीय क्षेत्र से उत्तर होलोसीन काल की जलवायु और झील-इकोसिस्टम गतिकी के इस पहले उच्च-रिजॉल्यूशन, मल्टी प्रॉक्सी पुनर्निर्माण के माध्यम से होलोसीन पत्रिका में प्रकाशित शोध ने लगभग पिछले 4,500 वर्षों में तीन अलग-अलग जलवायु चरणों की पहचान की है। इसने 4.2 हजार वर्ष पहले की शुष्क घटना, 3.2 हजार वर्ष पहले के शुष्क चरण और रोमन उष्ण काल का दस्तावेजीकरण किया है और इस क्षेत्र में मानसून की परिवर्तनशीलता, झील जल-विज्ञान और मानव गतिविधियों से उनके प्रत्यक्ष संबंधों को स्थापित किया है।

# साइबर फ्राड का शिकार हुई महिला को वापस कराए गए 35,000 रुपये, साइबर पुलिस की तत्परता से मिली राहत

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी के दिशा-निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र की टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए साइबर फ्राड से पीड़ित महिला की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। प्रकरण में आवेदिका प्रगति केशरी पत्नी रिशु केशरी, निवासी वार्ड संख्या 25, दीप नगर, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्राड किया गया था, जिसके संबंध में आवेदिका द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं खाताधारक से पत्राचार कर आवश यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसके परिणामस्वरूप 35, 000/- रुपये की संपूर्ण धनराशि आवेदिका के बैंक खाते में सफल तापूर्वक वापस कराई गई।

धनराशि वापस मिलने पर आवेदिका द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी एवं साइबर क्राइम पुलिस थाना के अधिकारी/कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' द्वारा गुजराती भाषा में प्रकाशित आदि शंकराचार्य की ग्रंथावली का विमोचन किया

संस्कृत में रचित आदि शंकराचार्य जी का ज्ञान-सागर आज सभी गुजराती युवाओं को गुजराती भाषा में उपलब्ध हो रहा है सस्तु साहित्य के माध्यम से स्वामी अखंडानंद जी ने उत्कृष्ट साहित्य को सामान्य जन तक कम मूल्य में पहुँचाया गुजरात के सामूहिक चरित्र निर्माण में अखंडानंद जी और उनके द्वारा स्थापित सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट का बहुत बड़ा योगदान रहा है आदि शंकराचार्य जी का उपनिषदों का भाष्य सरल, सटीक और सत्य के सबसे निकट हैं आदि शंकराचार्य जी के लिखे स्तोत्रों में उस समय के सभी प्रश्नों और सनातन धर्म के लिए निर्मित हुई आशंकाओं का तर्कबद्ध निराकरण मिलेगा आदि शंकराचार्य जी ने कई बार देश की पदयात्राएँ, वे एक पैदल चलते विश्वविद्यालय की भूमिका निभाते थे आदि शंकराचार्य जी ने चार मठों की स्थापना और मठों में वेदों, उपनिषदों का विभाजन कर उनके संरक्षण, संवर्धन को स्थायी बनाया जितना ज्ञान इस सृष्टि पर उपलब्ध है, उसमें शिवोऽहम से बढ़कर कुछ नहीं कठिन से कठिन परिस्थितियों में सनातन धर्म कालबाह्य न हो, इसके लिए आदि शंकराचार्य जी ने अखाड़ों की स्थापना की और सनातन संस्कृति के लिए संगठन का निर्माण किया भक्ति, कर्म और ज्ञान, तीनों मार्गों से मोक्ष संभव है, यह समन्वित विचार आदि शंकराचार्य जी की महान देन आदि शंकराचार्य जी ने शास्त्रार्थ की परंपरा को पुनर्जीवित कर संवाद से समाधान और Culture of Debatingकी नींव रख आदि शंकराचार्य जी ने प्रकृति की पूजा से लेकर सनातन के मूल तत्व को पहचानने का रास्ता आम लोगों के लिए प्रशस्त किया

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद, गुजरात में 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' द्वारा गुजराती भाषा में प्रकाशित आदि शंकराचार्य की ग्रंथावली का विमोचन किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आदिशंकर रचित ज्ञानसागर का गुजराती भाषा में उपलब्ध होना गुजरात के पाठकों के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि गुजराती भाषा में प्रकाशित आदि शंकराचार्य की ग्रंथावली गुजरात के युवाओं के लिए एक बहुत बड़ा खजाना है। श्री शाह ने कहा कि संस्कृत में रचित आदि शंकराचार्य का यह ज्ञानसागर आज गुजराती युवाओं को उपलब्ध कराया गया है, और आने वाले वर्षों में जब अच्छे साहित्य की चर्चा होगी, तब निश्चित तौर पर 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' का यह प्रयास उसमें शामिल होगा। श्री अमित शाह ने कहा कि स्वामी अखंडानंद जी का जीवन ही ऐसा था कि लोगों ने उस महान व्यक्ति के नाम में 'भिक्षु' जोड़ दिया। भिक्षु अखंडानंद ने आयुर्वेद, सनातन धर्म और समाज में उच्च विचारों को प्रस्तुत करने वाले साहित्य के लिए अपना जीवन दिया। स्वामी अखंडानंद जी ने अपने जीवनकाल में यह परिकल्पना की थी कि गुजरात के युवाओं को उत्कृष्ट साहित्य रचनाएँ बहुत ही किफायती दामों में उपलब्ध हो। उन्होंने एक बड़ी संस्था स्थापित की और अपने जीवनकाल में अनेकानेक ग्रंथों को प्रकाशित किया, जिनमें श्रीमद्भगवद्गीता, महाभारत, रामायण, योग वशिष्ठ, स्वामी रामतीर्थ के उपदेश, रामकथामृत और नीति विषयक ग्रंथ शामिल हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र सहित अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों को गुजराती भाषा में उपलब्ध कराया है। गुजरात के सामूहिक चरित्र निर्माण में स्वामी अखंडानंद का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कई साहित्यिक सामग्रियों को एकत्रित करके बहुत सरल तरीके से युवाओं तक पहुँचाने का काम किया। स्वामी अखंडानंद जी ने अनेक ऋषि-मुनियों के कथनों के माध्यम से सनातन धर्म के सार को गुजराती में प्रस्तुत करने का काम किया। साथ ही व्यक्ति के अस्तित्व को जागृत करने के लिए स्वामी अखंडानंद ने कई बोधकथाएँ भी गुजराती युवाओं को उपलब्ध कराईं।

# श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा प्रचार के लिए खाटू श्याम मंदिर में दिया निमंत्रण



**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में कलांवाली मंडी महाजन धर्मशाला, प्राचीन दुर्गा मंदिर के समीप, दिनांक 1 फरवरी से 7 फरवरी 2026 तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है।इस पावन आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु आज खाटू श्याम मंदिर, कलांवाली में श्रद्धालुओं को एकत्र कर कथा का शुभ संदेश दिया गया। इस अवसर पर सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी किरण भारती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को देवी भागवत कथा के महत्व से अवगत करवाते हुए बताया कि यह कथा शक्ति, भक्ति, संस्कार एवं आत्मिक जागृति का अनुपम स्रोत है।उन्होंने कहा कि श्रीमद् देवी भागवत कथा नारी शक्ति के सम्मान, धर्म, करुणा, सत्य और समाज में सकारात्मक चेतना के प्रसार का दिव्य माध्यम है। इस कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में आध्यात्मिक बल, मानसिक शांति तथा सदाचार का संचार होता है। देवी मां की महिमा का गुणगान मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करता है और समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है।किरण भारती ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य कथा में सहभागी बनें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी इस आध्यात्मिक अनुष्ठान से जोड़ें, ताकि देवी भागवत महापुराण के अमूल्य संदेश जन-जन तक पहुँच सकें।अंत में आयोजकों की ओर से सभी श्रद्धालुओं से इस पावन कथा में सहभागिता कर धर्म, भक्ति एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सहयोग देने की अपील की गई।

# नाशिक में आयोजित विद्योतमा फाउंडेशन द्वारा भारतवर्ष के 31 साहित्यकार सम्मानित।

## दिल्ली के प्रो मनोज कुमार कैन को मिला साहित्य रत्न सम्मान।



**समाज जागरण**

नाशिक। साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था विद्योतमा फाउंडेशन नाशिक (पंजी) द्वारा अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन महेश्वरी भवन,आर्टीलरी सेंटर रोड नासिक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में साहित्यकारों का सम्मान,दूसरे सत्र में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दैनिक भास्कर समाचार पत्र के समूह संपादक प्रकाश दुबे ने की। मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नाशिक के निदेशक नीलाभ तिवारी , विशिष्ट अतिथि कर्मचारी राज्य बीमा निगम नाशिक के संयुक्त निदेशक चंद्रशेखर आर पाटिल और कर्नल राजेश सक्सेना उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्रा ने संस्था के स्थापना महत्व एवं कार्य शैली की विस्तार से चर्चा की।उन्होंने बताया संस्था निरंतर साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन करती रहती है।अभी तक इस संस्था की लखनऊ,कानपुर, इंदौर,नागपुर और दिल्ली इकाई का गठन हो चुका है। अन्य शहरों में भी गठन का कार्य चल रहा है।

पूरे भारतवर्ष से आमंत्रित रचनाओं में से विभिन्न विधाओं की चुनी हुई श्रेष्ठ 31 कृतियों के रचनाकारों को सम्मानित किया गया। विद्योतमा साहित्य विभूषण सम्मान-राजवीर सिंह सिकरवार,साहित्य साधना सम्मान-ज्ञानचंद मर्मज्ञ, साहित्य सम्राट सम्मान- सरोजिनी तन्हा,साहित्य शिरोमणि सम्मान - प्रमोद भार्गव,संत ज्ञानेश्वर सम्मान-अंजू सक्सेना,साहित्य भूषण सम्मान-रजनीकांत एस शाह, साहित्य कर्मयोगी सम्मान-चंद्रकांत भालेराव, साहित्य कर्मयोगिनी सम्मान- बबीता मांधणा,साहित्य आराधना सम्मान-संगीता, साहित्य भास्कर सम्मान - मंजू गुप्ता,साहित्य गौरव सम्मान- डॉ जया आनंद,साहित्य सुधाकर सम्मान-डॉ जीनत अहसान कुरैशी,साहित्य रत्न सम्मान- प्रो. मनोज कुमार कैन ,साहित्य विभूति सम्मान- विनोद नागर,साहित्य शिखर सम्मान-डॉ रुखसाना सिद्दीकी, साहित्य कलश सम्मान-मीना कौशल, विद्योतमा समाज सेवी सम्मान - वृक्ष मित्र सुनील दुबे,विद्योतमा साहित्य सारथी सम्मान-पूर्णिमा ढिल्लन,पी वही कोटमे, डॉ नयना डेलीवाला,डॉ तृप्ति मेनन, दीपमाला महेश्वरी,सुधा दुबे जितेंद्र कुमार तिवारी,। नेहा तुषार बोरसे को दसवीं क्लास आई सी एस ई बोर्ड में हिंदी विषय में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर" विद्योतमा बालिका सम्मान", प्रसिद्ध धाविका संजीवनी जाधव को "विद्योतमा खेल रत्न सम्मान", कर्नल शिवनारायण मिश्र को "विद्योतमा सेना रत्न" सम्मान प्रदान किया गया।इस वर्ष 78600 रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का सुंदर संचालन भरत सिंह,सी. पी. मिश्रा और अनीता दुबे ने किया।दूसरे सत्र में आगंतुक सभी कवियों ने अपनी कविताओं से समारोह में शमा बांध दिया। कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में भारतीय सैनिक उपस्थिति रहे। जिनसे कार्यक्रम की शोभा देखते ही बन रही थी ।अंत में बी.सी.मुनगली ने कार्यक्रम में आएं सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री ने हिसार में कृषि हितधारकों के साथ प्री-बजट बैठक की

## पिछले वर्ष प्राप्त 161 सुझावों में से 99 को बजट में शामिल किया गया; किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाएं




**समाज जागरण**

हिसार/हरियाणाः मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में कृषि हितधारकों के साथ प्री-बजट बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने किसानों, पशुपालकों और अन्य कृषि उद्योग से जुड़े हितधारकों के सुझावों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष प्राप्त 161 सुझावों में से 99 को बजट में शामिल किया गया था, जिससे कृषि क्षेत्र में नई नीतियों और कार्यक्रमों को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों की आय में सुधार हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बने।

प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाएं लागू की हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं को सशक्त किया गया। इसके अलावा, 'मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना की अनुदान राशि में वृद्धि की गई और पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए पशुधन बीमा योजना का विस्तार किया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए 9,296.68 करोड़ का बजट आवंटित किया गया, जो अन्नदाताओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि के लिए बजट प्रावधानों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

बैठक में कृषि हितधारकों ने सरकार की नीतियों की सराहना की और सुझाव दिए कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादकता सुधारने के लिए और अधिक नवाचार और डिजिटल समाधान अपनाए जाएं।

# मुख्यमंत्री ने माघी मेला में पंजाब सरकार पर उठाए सवाल

## हरियाणा के लोगों ने प्राकृतिक आपदा में पंजाब का साथ दिया, लेकिन वर्तमान सरकार वायदों पर खरी नहीं उतरीः मुख्यमंत्री



**समाज जागरण**

श्री मुक्तसर साहिब/पंजाबः हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित माघी मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय हरियाणा के लोगों ने पंजाब का पूरा साथ दिया, लेकिन उस कठिन समय में पंजाब के मुख्यमंत्री कहीं नजर नहीं आए। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की वर्तमान सरकार ने राज्य की जनता से किए गए वायदों पर खरी नहीं उतरी है। सैनी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि हरियाणा और पंजाब की सामाजिक और सांस्कृतिक साझेदारी लंबे समय से कायम है, लेकिन प्रशासनिक और राजनीतिक मुद्दों पर जनता को साफ और पारदर्शी जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने अधिकारों और हितों के प्रति सजग रहें और सकारात्मक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लें।

# प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप व्यापारियों को सशक्त बनाने वाला हो आगामी केंद्रीय बजट : कैट

**समाज जागरण**

आगामी केंद्रीय बजट को ध्यान में रखते हुए कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को देशभर के व्यापारिक समुदाय की ओर से व्यापक एवं दूरदर्शी सुझाव प्रेषित किए हैं।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त, पारदर्शी और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप कैट ने ऐसे सुझाव दिए हैं, जो व्यापार को सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करते हैं।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश के व्यापारिक वातावरण को नई दिशा दी है। अब आवश्यकता है कि आगामी बजट में इन पहलों को और मजबूत किया जाए।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया ने बताया कि कैट द्वारा दिए गए प्रमुख सुझावों में ट्रस्ट आधारित व्यापार व्यवस्था के अंतर्गत छोटे व्यापारियों के लिए सिंगल विंडो कंप्लायंस सिस्टम , अनावश्यक नोटिस व निरीक्षण पर रोक, तथा व्यापारिक कानूनों के डिक्रिमिनलाइजेशन को तेजी से लागू करने की मांग की गई है।

कैट प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि इसके साथ ही पार्टिसिपेटरी गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में अधिकारियों व व्यापारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है, जिससे व्यापारिक समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो सके।

कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने बताया कि कैट ने वन नेशन झवन लाइसेंस झवन रजिस्ट्रेशन की अवधारणा को लागू करने, सभी व्यापारिक लाइसेंसों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म से जारी करने तथा ऑटो-रिन्यूअल की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया है।

कैट प्रदेश संरक्षण संदेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के डिजिटल इंडिया विजन को आगे बढ़ाते हुए कैट ने पारंपरिक व्यापार को आधुनिक बनाने के लिए टेक्नोलॉजी एडॉप्शन इंसेंटिव स्कीम , व्यापार को डिजिटल करने वाले उपकरणों पर सब्सिडी व टैक्स छूट तथा डिजिटल दुकान मिशन शुरू करने की सिफारिश की है।

कैट संभाग के अध्यक्ष दीपक सेठी ने बताया कि कि ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स में भारी डिस्काउंटिंग, प्रीडेटरी प्राइसिंग और विदेशी फंडिंग से होने वाली अनुचित प्रतिस्पर्धा पर तत्काल नियंत्रण आवश्यक है। इसके लिए वाणिज्य मंत्रालय से हर ई कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स कंपनी को अनिवार्य पंजीकरण, समान नियम, कड़ी निगरानी तथा फेयर ट्रेड कोड लागू करने का सुझाव दिया गया है ताकि छोटे रिटेलर्स के हित सुरक्षित रह सकें।




कैट प्रदेश सचिव रोहित खटवानी ने बताया कि कैट ने ईमानदार टैक्सपेयर्स को प्रोत्साहन देने के लिए टैक्सपेयर रेटिंग सिस्टम , कम स्क्रूटनी, फास्ट ट्रैक रिफंड और सस्ते ऋण की सुविधा देने की भी मांग की है।

कैट प्रदेश कोडिंटर (महिला विंग) सीमा सिंह चौहान उन्होंने कहा कि व्यापार भी एक कौशल है– इस सिद्धांत को अपनाते हुए व्यापारियों और उनके कर्मचारियों के लिए नेशनल ट्रेडर्स स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जाना चाहिए, जिसमें डिजिटल स्किल्स, अकाउंटिंग, साइबर सिक्योरिटी और कस्टमर मैनेजमेंट शामिल हों।

कैट जबलपुर अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया ने बताया कि कैट ने छोटे व्यापारियों के लिए पेंशन व बीमा सुरक्षा को मजबूत करने, व्यापारी पेंशन योजना को व्यावहारिक बनाने तथा PMJJBY, PMSBY और PM-SYM जैसी योजनाओं को और सुदृढ़ करने का आग्रह किया है।

कैट जबलपुर सेकेट्री संजय चड्ढा ने कहा कि तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए व्यापारी नेताओं ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा हेतु साइबर फ्रॉड प्रोटेक्शन फंड , त्वरित मुआवजा व्यवस्था, सख्त डेटा प्रोटेक्शन कानून और बैंकिंग व डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर डेटा दुरुपयोग पर रोक अत्यंत आवश्यक है।

कैट जबलपुर संगठन मंत्री मनोज जसाठी ने कहा कि इसके अतिरिक्त, हर व्यापारी तक सरकारी योजना अभियान चलाकर व्यापारिक संगठनों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी, सरल गाइडबुक, ऐप और हेल्पलाइन उपलब्ध कराने का सुझाव भी दिया गया है।

कैट जबलपुर कोषाध्यक्ष एडवोकेट राजीव नेमा ने भी आ रहे बजट पर अपनी प्रतिक्रिया पर चर्चा कर बताया कि कैट ने एमएसएमई और छोटे व्यापारियों के लिए डेडिकेटेड ट्रेड फाइनेंस पालिसी समय पर भुगतान सुनिश्चित करने हेतु सख्त कानून, बाजारों के आधुनिकीकरण, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स पार्क और स्मार्ट मार्केट्स विकसित करने की भी सिफारिश की है।

कैट जबलपुर के अन्य पदाधिकारी ने भी बजट पर अन्य विषयों पर चर्चा पर बताया कि नवाचारपूर्ण सुझावों में नेशनल ट्रेडर्स डाटा बैंक,ग्रीन ट्रेड इंसेंटिव स्कीम तथा व्यापारिक विवादों के त्वरित समाधान के लिए ट्रेड ओंबुड्समैन की स्थापना का प्रस्ताव शामिल है।

श्री खंडेलवाल ने कहा, व्यापारिक समुदाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में यदि व्यापारियों को सम्मान, सुरक्षा, सरलता और समान अवसर मिलते हैं, तो भारत को $5 ट्रिलियन इकोनॉमी और विकसित भारत @2047 बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# 'क्रीमी लेयर' को आरक्षण से बाहर करने पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका, कम आय वाले को मिले प्राथमिकता

## अधिवक्ता रीना एन. सिंह ने कहा, हम मौजूदा आरक्षण को चुनौती नहीं दे रहे, सिर्फ कम आय वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने की मांग है।




**समाज जागरण**

सबहेडिंगः नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण मानदंडों में क्रीमी लेयर को बाहर करने के संबंध में याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता रीना एन. सिंह ने बताया कि याचिका का उद्देश्य संपूर्ण आरक्षण व्यवस्था को चुनौती देना नहीं है, बल्कि उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना है जिनकी आय सबसे कम है।

रीना एन. सिंह ने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रउ, ST और OBC वर्ग के उन उम्मीदवारों को, जो सभी योग्यता मानदंडों को पूरा कर चुके हैं, उनकी कमाई के आधार पर आरक्षण में अधिक प्राथमिकता मिले।

उन्होंने बताया कि वर्तमान आरक्षण मानदंडों में ऐसे कई योग्य उम्मीदवार हैं जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है, लेकिन उनकी क्रीमी लेयर से बाहर की परिभाषा उन्हें आरक्षण के लाभ से वंचित कर सकती है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से समान योग्यता वाले कम आय वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस याचिका पर सुनवाई से आरक्षण नीति और आर्थिक आधार के बीच संतुलन पर नए दृष्टिकोण सामने आ सकते हैं।

# हिसार में ताऊ देवी लाल टाउन पार्क का जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य मुख्यमंत्री ने लोकार्पित किया

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा—पंचतत्व थीम पर आधारित यह पार्क आधुनिक कला, नवाचार और जनसुविधाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो नागरिकों को मनोरंजन और स्वास्थ्य दोनों प्रदान करेगा**



**समाज जागरण**

हिसार/हरियाणाः मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार में ताऊ देवी लाल टाउन पार्क के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पार्क की नवीनीकृत संरचना और विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पार्क पंचतत्व थीम पर आधारित है और आधुनिक कला, नवाचार तथा जनसुविधाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अब पार्क में ओपन एयर थिएटर, औषधीय उद्यान, म्यूज़िकल फाउंटेन, जॉगिंग ट्रैक और बच्चों के प्ले एरिया जैसी सुविधाएं मौजूद हैं, जो नागरिकों के लिए एक बेहतरीन सार्वजनिक स्थल साबित होंगी।

सैनी ने यह भी कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य न केवल लोगों को मनोरंजन और विश्राम की सुविधा देना है, बल्कि नागरिकों में सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को भी प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि पार्क का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह स्वास्थ्य, खेल और मनोरंजन के सभी पहलुओं को संतुलित रूप से प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क में रखरखाव और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि नागरिक इसे सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में उपयोग कर सकें। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि वे पार्क का सम्मान करें और इसे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करने में सहयोग दें।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस नवीनीकरण कार्य से हिसार शहर में न केवल सार्वजनिक स्थानों की गुणवत्ता बढ़ी है, बल्कि यह सामाजिक मेल-जोल और स्वास्थ्य व संस्कृति को बढ़ावा देने वाला एक मॉडल भी बन गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा समाज में नैतिकता और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करती हैः मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़ में कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और ज्योतिसर अनुभव केंद्र का महत्व बताया**



**समाज जागरण**

चंडीगढ़/हरियाणाः हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आध्यात्मिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार गीता के अमर संदेश को मानव-मात्र तक पहुँचाने के लिए हर साल कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि गत 25 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भाग लेकर हरियाणा के उत्साह को और बढ़ाया।

सैनी ने नागरिकों को याद दिलाया कि ज्योतिसर तीर्थ में महाभारत थीम पर आधारित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण भी किया गया है। इस अनुभव केंद्र में विज़िट करने से महाभारत के जीवित वृत्तांत और सांस्कृतिक धरोहर का प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अनुभव केंद्र का अवश्य दौरा करें, ताकि युवा पीढ़ी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ सके और महाभारत तथा गीता के संदेश को आत्मसात कर सके। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सद्भाव, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने में सहायक हैं और यह सरकार की सांस्कृतिक शिक्षा और समाज सुधार की नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# बाल विवाह व भ्रूण हत्या पर महिलाओं को जागरूक किया

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) खंड औढ़ा के गांव कालांवली में सुपरवाइजर सुखमंदर कौर द्वारा बालविवाह रोकथाम अभियान के तहत बाल विवाह निषेध संबंधित मीटिंग ली गई एवं शपथ दिलाई गई इस समाजिक बुराई को



रोकने के हर संभव प्रयास किया जाऐगा। जिसमें ग्रामीण वासियों को बच्चों के पालन पोषण का ध्यान रखने बारे उनकी संगति का ध्यान रखने बारे जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि 18 साल से पहले लड़की की शादी और 21 साल से पहले लड़के की शादी पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। इस कार्यक्रम में सुखमंदर कौर के साथ सुपरवाइजर सुनीता रानी और कार्यालय औढ़ा के अन्य कर्मचारी मंगत राय,उदयपाल, रविकुमार,और खंड औढ़ा व कालांवाली की आंगनवाड़ी संचालिका व सहायक भी अपनी उपस्थिति दर्ज क करवाई।

# हरियाणा में चिकित्सकों की कमी नहीं होगीः स्वास्थ्य मंत्री

## 64 दंत चिकित्सकों की भर्ती जल्द, मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति, आम नागरिकों को मिलेगा बेहतर उपचार

**समाज जागरण**

चंडीगढ़/हरियाणाः हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अर्ती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सकों की किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 64 दंत चिकित्सकों की भर्ती शीघ्र की जाएगी, जिसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस भर्ती के बाद हरियाणा में दंत चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा, जिससे आम नागरिकों को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध होगा। मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुँच को लगातार बढ़ाया जा रहा है। उनका कहना था कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को सुविधाजनक और प्रभावी चिकित्सा सेवाएँ मिलें।

# हरियाणा सरकार की नई पहलः मत्स्य पालकों के लिए नजदीकी मार्केट की व्यवस्था

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए, लाभकारी योजनाओं को शीघ्र मूर्त रूप देने का आग्रह

**समाज जागरण**

चंडीगढ़/हरियाणाः हरियाणा सरकार ने मत्स्य पालकों के लिए नई पहल की है। कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य पालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य के मत्स्य पालकों को अपनी मछली बेचने के लिए नजदीकी मार्केट उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों में बिक्री के लिए न जाना पड़े।

मंत्री ने यह भी कहा कि मत्स्य पालकों के लाभ के लिए बनाई गई सभी योजनाओं को जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि उनकी आमदनी में सुधार हो और वे अपने व्यवसाय को और अधिक सुदृढ़ बना सकें।

शासन के अनुसार इस पहल से मत्स्य पालकों को बेहतर बाजार सुविधा और आर्थिक लाभ मिलेगा, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# भाऊराव देवरस सेवा न्यास की समर्थ भारत विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ. कृष्ण गोपाल की उपस्थिति

**समाज जागरण**

दिल्लीः भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा आयोजित समर्थ भारत विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर गोष्ठी में युवाओं को कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के माध्यम से राष्ट्रसेवा में योगदान देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में यह बताया गया कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ह्यविकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी दृष्टि के साथ दिल्ली सरकार युवाओं को सक्षम बनाने और उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करने के कार्य में लगी हुई है। गोष्ठी में यह भी कहा गया कि कौशल विकास को शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता से जोड़कर दिल्ली को एक सशक्त स्किल हब के रूप में विकसित करने के प्रयास जारी हैं।

# रोहनिया विधायक ने अपने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कनेरी मोहन सराय स्थित अपना दल एस के जिला कार्यालय पर बृहस्पतिवार को रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने अपने जन्मदिन पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ पौधारोपण कर लोगों को स्वच्छ पर्यावरण हेतु संदेश दिया। रोहनिया विधायक ने कहा






कि मनुष्य के जीवन के लिए एवं शुद्ध वातावरण हेतु पेड़ पौधे का महत्वपूर्ण भूमिका होती है।पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने केक काटकर रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल का बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया।इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं ने गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह के साथ हार्दिक बधाई दिया और ईश्वर से दीघार्यु हेतु प्रार्थना की। इसके साथ-साथ रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के मिसिरपुर में अपनादल एस के चारों जोन के अध्यक्षों द्वारा विधायक डॉ सुनील पटेल को गदा भेट कर स्वागत करते हुए केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ नरेंद्र पटेल ,डॉ महेंद्र पटेल, अजीत पटेल, राकेश यादव, डॉ उमेश पटेल, मानस सिंह,गोविंद पटेल ,बसंत लाल पटेल ,राजकुमार वर्मा, गोविंद पटेल, डॉ सुनीता पटेल,ओम प्रकाश सिंह, इंद्रजीत सिंह, विनोद पटेल, श्याम बली पटेल, आदर्श पटेल,दिनेश पटेल,प्रेम पटेल,राम सकल मास्टर, राम सिंह पटेल इत्यादि पदाधिकारी गण शामिल रहे।

# दो यूवको ने की जितेंद्र पटेल की पिटाई गले से सोने की चेन लेकर हुए फरार

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा बरहो गांव में मंगलवार की रात्रि में जितेंद्र पटेल को गांव के दो युवकों ने मारपीट का घायल कर दिया।



जानकारी के अनुसार सेमरा बरहो गांव के जितेंद्र पटेल पुत्र सुरेंद्र पटेल सेमरा पुल से अपने घर लौट रहे थे दो लोग पहले से घात लगाकर वहां पर बैठे हुए थे। जैसे ही जितेंद्र को दिखा दो लोगों ने लात घुसो से जमकर मारा पीटा और घायल कर दिया। और उसके गले से सोने का चैन लेकर फरार हो गए।घटना करीब रात्रि 8:00 बजे की बताई जा रही है उसके अगले ही दिन जितेंद्र पटेल ने इसकी सूचना राजगढ़ थाने पर दी नामजद तहरीर।लेकिन अभी तक मारपीट करने वाले आरोपी पकड़े नहीं गए। पुलिस मारपीट करने वाले आरोपियों की कर रही तलाश।

# गोसाईगंज पुलिस की तत्परता: एक घंटे में डॉक्टर का लाइसेंसी रिवॉल्वर सहित खोया बैग बरामद

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गोसाईगंज पुलिस ने कार्यकुशलता और सक्रियता का परिचय देते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने महज एक घंटे के भीतर एक डॉक्टर का खोया हुआ बैग बरामद कर लिया, जिसमें उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर और कई महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेज मौजूद थे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में काफी प्रशंसा हो रही है।मित्र से मिलने आए थे पीड़ित डॉक्टर प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि; श्रावस्ती जिले के निवासी डॉ.भुवनेश्वर पांडेय बीते दिनों अपने एक मित्र से मुलाकात करने के लिए लखनऊ आए थे। गोसाईगंज क्षेत्र में आवाजाही के दौरान अचानक उनका बैग कहीं गिर गया। डॉक्टर पांडेय के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक थी, क्योंकि उस बैग में न केवल उनकी कीमती रिवॉल्वर और उसका शस्त्र




लाइसेंस था, बल्कि कई अन्य अनिवार्य दस्तावेज भी रखे हुए थे सीसीटीवी फुटेज और सिपाही की सतर्कता से मिली सफलता बैग खोने की तत्काल सूचना डॉ. पांडेय ने पास की गोसाईगंज पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही लवकुश तिवारी को दी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सिपाही ने तुरंत इसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह को दी।इंस्पेक्टर डी.के. सिंह ने बिना समय गंवाए एक टीम गठित की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू करवाई। डिजिटल सर्विलांस और स्थानीय इनपुट की मदद से पुलिस ने एक घंटे के भीतर बैग का लोकेशन ट्रेस कर लिया और उसे सुरक्षित बरामद कर लिया बरामदगी के बाद, प्रभारी निरीक्षक ने सभी सामान का मिलान किया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, बरामद किया गया रिवॉल्वर और दस्तावेज पूरी तरह सुरक्षित पाए गए, जिन्हें उचित कागजी कार्यवाही के बाद उनके वास्तविक स्वामी डॉ. भुवनेश्वर पांडेय को सौंप दिया गया। अपना कीमती शस्त्र और दस्तावेज वापस पाकर डॉक्टर ने लखनऊ गोसाईगंज पुलिस की कार्यशैली और ईमानदारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मेजर ध्यानचंद दिव्यांग हॉकी टूनार्मेंट 18 जनवरी को

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। उत्तर प्रदेश में पहली बार दिव्यांग हॉकी का आयोजन पैरा हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से उत्तर प्रदेश पैरा हॉकी एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है यह आयोजन 18 जनवरी दिन रविवार को बाबू आर एन सिंह स्पोर्ट कंपलेक्स विकास इंटर कॉलेज परमानंदपुर, वाराणसी में होगा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश पैरा हॉकी एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक दिव्यांग बंधु डॉ उत्तम ओझा ने बताया कि दिव्यांग जनों को खेल के माध्यम से राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित करने एवं समावेशित भारत के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश में पैरा हॉकी एसोसिएशन का गठन किया गया है यह पहला अवसर है जब दिव्यांगजन व्हीलचेयर से हॉकी खेलेंगे, इस आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह टूनार्मेंट दो राज्यों के बीच उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मध्य खेला जाएगा जिसमें तीन मैच आयोजित होंगे। समापन समारोह भी 18 तारीख को सायं काल 4:00 बजे होगा जन विकास समिति के सहयोग से विकास इंटर कॉलेज मैदान में होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यान चंद्र होंगे जो कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली से आ रहे हैं इसके अतिरिक्त कई अन्य दिव्यांग खिलाड़ी एवं नामी गिरामी हस्तियां इस हॉकी टूनार्मेंट में शिरकत करेंगी। डॉ उत्तम ओझा ने उत्तर प्रदेश पहले हॉकी एसोसिएशन की घोषणा करते हुए पूर्व नेशनल हॉकी महिला खिलाड़ी डॉ अलका दुबे को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ संजय चौरसिया जी को महासचिव तथा अरविंद चक्रवाल को कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया गया है। हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुकेश कंचन झारखंड से एवं गणेश शाह देहरादून से इस टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए काशी आ रहे हैं। इस टूनार्मेंट को लेकर लोगों में काफी उत्साह व कौतूहल है कि दिव्यांगजन किस प्रकार से हॉकी जैसा तेज खेल खेलते हैं यह काशी में पहली बार देखने को मिलेगा।

उत्तर प्रदेश पैरा हॉकी एसोसिएशन का मीडिया प्रभारी डॉ मनोज तिवारी को नियुक्त किया गया है यह जानकारी उनके हवाले से दी गई है।

# दहेज की खातिर विवाहिता को दी गई अमानवीय यातनाएं, जेठ पर छेड़खानी और गहने लूटने का आरोप

**समाज जागरण ओंकार नाथ**

**वाराणसी,** दानगंज, चोलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लालमन कोट गांव में एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा की गई क्रूरता का रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर न सिर्फ उसे बेरहमी से पीटा गया, बल्कि उसके जेठ ने उसके साथ अभद्रता कर उसे निर्वस्त्र करने का प्रयास किया।

**तीन साल से जारी था उत्पीड़न, जबरन कराया गया गर्भपात**

पुलिस को दी गई तहरीर में ममता यादव पत्नी प्रकाश यादव ने बताया कि उसका विवाह 28 जून 2020 को रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुर भग्गू यादव, सास कमला देवी, जेठ अशोक यादव, अरविन्द यादव और जेठानी रितु व सोनी उसे तीन लाख रुपये नकद और गाड़ी के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि वर्ष 2024 में उसे दो बार नशीली/गर्भपात की दवाइयां खिलाकर उसका गर्भ गिरा दिया गया। इन सब यातनाओं के बावजूद पीड़िता अपने बच्चे श्रेयांश यादव (जन्म 2023) के भविष्य के लिए सब कुछ सहती रही।

**जेठ की गंदी नीयत और स्त्रीधन की लूट**

शिकायत के अनुसार, पीड़िता का जेठ अशोक यादव उस पर बुरी नीयत रखता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी जेठ ने उसका 'स्त्रीधन' जिसमें सोने की नथिया, दो सोने की चूड़ी, चांदी की करधनी, सोने की चेन और अंगूठी शामिल थी, उसे जबरन छीन लिया।

**बीच सड़क पर अभद्रता, सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

मामला 12 जनवरी 2026 की दोपहर का है। ममता के मुताबिक, जब वह घर के बाहर थी, तभी आरोपी जेठ अशोक यादव ने उसे गंदी गालियां देते हुए पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और उसकी साड़ी खींच दी, जिससे वह अर्धनग्न हो गई।शोर मचने और पीड़िता द्वारा 'यूपी डायल 112' पर फोन करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा है, जिसमें इस पूरी घटना के साक्ष्य मौजूद हो सकते हैं।

# भोले बाबा क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर भव्य शुभारंभ करने पहुँची पूर्व मंत्री स्वाति सिंह

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



निगोहां। लखनऊ,गुरुवार को निगोहां के टोल प्लाजा के समीप खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और जोश से भरा माहौल देखने को मिला, जब 8वें भोले बाबा क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आगाज हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन पूर्व स्वतंत्र प्रभार मंत्री स्वाति सिंह, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम एवं श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ह्यदीपूह्ल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा।उद्घाटन मुकाबला बाबा बारुदी और किंग इलेवन आमिर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर किंग इलेवन ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बाबा बारुदी की टीम ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 183 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग इलेवन आमिर की टीम दबाव में नजर आई और पूरी टीम 14.3 ओवर में 143 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार बाबा बारुदी की टीम ने 39 रनों से शानदार जीत दर्ज की।

मैच के हीरो रहे अरविंद, जिन्होंने मात्र 35 गेंदों में शतकीय पारी (100 रन) खेलकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनके इस विस्फोटक प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।इस मौके पर निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, लालपुर के पूर्व प्रधान ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, परसपुर ठट्टा के पूर्व प्रधान नवनीत सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेई सहित अरुण सिंह, मुरारी सिंह राठौर, अमर सिंह, रोहित तिवारी, आशु नेता, अखंड प्रताप सिंह, शनि सैनी, स्वप्निल पाण्डेय समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।टूनार्मेंट के आयोजक किसान नेता अनमोल तिवारी ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर एवं फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत-सम्मान किया। उन्होंने बताया कि इस टूनार्मेंट में जनपद लखनऊ, रायबरेली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र खेलमय माहौल में नजर आया। खास बात यह रही कि मुकाबले का लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है, जिसे लाखों दर्शकों ने ऑनलाइन देखा।आयोजकों के अनुसार आने वाले दिनों में होने वाले मुकाबले और भी रोमांचक होंगे, जिससे निगोहां क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नया मंच और पहचान मिलेगी।

# निगोहां में ग्राम सभा क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य समापन, उतरावां टीम बनी विजेता

**समाज जागरण**
**विवेक कुमार संवाददाता**



निगोहां कस्बे के एस:एन:टी मैदान में आयोजित ग्राम सभा क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबले के साथ समापन हुआ। जिसमे फाइनल मैच गढ़ी चुनौटी और उतरावां टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए उतरावां टीम ने खिताब अपने नाम किया।फाइनल मुकाबला 20 ओवर का खेला गया जिसमे उतरावां ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया बल्लेबाजी करने उतरी टीम गढ़ी चुनौटी की टीम निर्धारित ओवरों में 235 रनों का विशाल लछ्य खड़ा किया, जवाब में उतरावां की टीम ने बल्लेबाजी करने उतरी और 18 ओवर मे ही फाइनल मैच का खिताब अपने नाम कर विजेता बनी। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे इल्ला को दिया गया इन्होंने 24 गेंद में शानदार 78 रनो की पारी खेली। गुरुवार की सुबह फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया और स्वयं मैदान में उतरकर बल्ला थामते हुए प्रतीकात्मक बल्लेबाजी भी की। इस दौरान पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं बल्कि जीवन निर्माण की पाठशाला है। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के क्रिकेट टूनार्मेंट युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना की सीख देते हैं।वहीं अतिथियों द्वारा विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरुष्कार से नवाजा गया।

# मकर संक्रांति पर समाजसेवी पुष्पेंद्र पासी के सौजन्य से डांडा सिकंदरपुर गांव में कंबल वितरण का हुआ आयोजन।।

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता मोहनलालगंज लखनऊ:**

कड़कड़ाती ठंड और बर्फीली हवाओं के बीच ग्राम सभा डांडा सिकंदर पुर में सेवा और समर्पण की एक नई इबारत लिखी गई। पुष्पेंद्र पासी जी के विशेष सौजन्य से आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के 150 से अधिक गरीब, बेसहारा और बुजुर्गों को कंबल वितरित किए गए।

**जरूरतमंदों को मिली राहत बांटे गए कंबल**



यह पुनीत कार्य पूर्व प्रधान व भाजपा मंडल अध्यक्ष चक्रवीर सिंह 'बेटू' के 'शांति निवास' पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र पासी जी के सहयोग के साथ-साथ आदित्य सिंह उर्फ गुड्डू और अजय भान सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान शांति देवी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को मातृत्व और स्नेह की छांव दी।

**मानवता के लिए बढ़ाए हाथ**

पुष्पेंद्र पासी के सौजन्य से आयोजित इस वितरण शिविर में मुख्य रूप से उन लोगों को प्राथमिकता दी गई, जो इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड में संसाधनों के अभाव से जूझ रहे थे। कंबल पाकर भावुक हुए ग्रामीणों ने कहा कि पुष्पेंद्र पासी और चक्रवीर सिंह का परिवार हमेशा सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहता है। चक्रवीर सिंह 'बेटू' ने पुष्पेंद्र पासी के इस नेक सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को इसी तरह आगे आकर नर सेवा में योगदान देना चाहिए। वहीं, युवाओं की टोली आदित्य और अजय भान ने पूरी व्यवस्था संभालते हुए यह सुनिश्चित किया कि हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे।

# रामेश्वर क्षेत्र से धूम धाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। मकर संक्रांति का पर्व गुरुवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ रामेश्वर क्षेत्र के बरेमा, हिरणपुर,खेवली, जंसा चौखंडी सहित अन्य गांव में मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने वरुणा नदी में स्नान के बाद मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना और दान-पुण्य किया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। देर शाम तक शहर के विभिन्न मंदिरों में लोगों ने भगवान का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन दान का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसे में लोगों ने तिल, गुड़, चावल और अन्न आदि का दान किया। जगह-जगह पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान करने और खिचड़ी व तिल का दान करने से सारे पाप कट जाते हैं।वही रामेश्वर महादेव मंदिर में भक्त वरुणा नदी में स्नान कर सुबह से दर्शन पूजन करते हुए दिखाई दिए।पुजारी अन्नू तिवारी ने बताया रामेश्वर महादेव जी को भी खिचड़ी का भोग लगाया।हर वर्ष से इस वर्ष अधिक भक्तों ने पूजन अर्चन भी किया।मकर संक्रांति पर जगह-जगह भंडारे लगाए गए व गरीबों को गर्म कपड़े व कंबल दान दिए गए। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इसी दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण हो जाता है। ज्योतिषाचार्य डॉ शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि सूर्य के धनु से मकर राशि में जाने से खरमास भी समाप्त हो गया। अब से मंगल कार्य शुरू होंगे। मकर संक्रांति के पर्व पर दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है। खासकर तिल से बनी खाद्य सामग्री का। ऐसे में लोगों ने मूंगफली, तिल की गज्जक, लड्डू, रेवडी और खिचड़ी वितरित की।साथ ही देर शाम तक लोग पतंगबाजी करते नजर आए।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**





जनपद श्रावस्ती यातायात पुलिस प्रदेश मे चलायें जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज दिनांक 15.01.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम द्वारा घने कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर विभिन्न प्रकार के वाहनों ट्रैक्टर,डम्पर व ऑटो रिक्शा आदि पर निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया तथा आम जनमानस को एकत्र कर लाउड हेलर व अन्य माध्यम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शासन द्वारा चलायी जा रही राह-वीर योजना व राह-वीर योजना के अन्तर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे मे विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों/जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स वितरित कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न चौराहो, तिराहों व स्थानीय बाजारों आदि स्थानो पर वाहन मे लगे पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से यातायात जागरूकता सम्बन्धित गीत चलाकर आम जनमानस को जागरूक किया तथा सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यातायात के विभिन्न मापदंडों में चालान की कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया`

# मोहनलालगंज नगर पंचायत मऊ गांव में श्री बंशी बाबा रामलीला व दशहरा मेला समिति का 57वां स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज।श्री बंशी बाबा रामलीला एवं दशहरा समिति का 57वाँ स्थापना दिवस बुद्ववार को धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर समिति के सदस्यों समेत रामलीला के कलाकारो को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभोज का आयोजन किया गया।मोहनलालगंज के मऊ गांव में मगंलवार को श्री बंशी बाबा रामलीला व दशहरा मेला समिति का 57वाँ स्थापना दिवस पूर्व प्रधान स्व० कैलाश नाथ मिश्र की स्मृति में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्र उर्फ काका जी समेत सदस्यो ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। जिसके बाद समिति के सदस्यो व रामलीला के कलाकारो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।समिति के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि श्री बंशी बाबा रामलीला एवं दशहरा समिति बीते 57 वर्षों से धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को जीवंत रखने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मंचन नहीं बल्कि समाज को मयार्दा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। समिति का प्रयास है कि आने वाली पीढ़ियों तक यह सांस्कृतिक विरासत पूरी निष्ठा और भव्यता के साथ पहुंचती रहे। उन्होंने कलाकारों और ग्रामीणों के सहयोग को समिति की सबसे बड़ी ताकत बताया। कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी व मनीष तिवारी द्वारा समिति के द्वारा बीते वर्ष कार्यक्रमो में आय - व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया।दशहरा मेले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिये समिति ने चौकी प्रभारी अतुल सिंह व सिपाही विकास जायसवाल को भी अंगवस्त्र व स्मृति चिंन्ह भेटकर सम्मानित किया।इस मौके पर समिति के अरुणेश प्रताप सिंह अटल सिंह, गुड्डू यादव , अतुल तिवारी, सतीश अवस्थी, सभासद हिमांशु तिवारी, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, राहुल सिंह, शशांक मिश्रा समेत समिति के सभी सदस्य, कलाकार व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, प्रोपर्टी डीलर ने नहर पाटकर बनाया था रास्ता

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**



लखनऊ निगोहां में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा नहर को पाटकर अवैध रूप से बनाया गया रास्ता आखिरकार प्रशासन के रडार पर आ गया। स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षण में तैयार किया गया यह अवैध रास्ता गुरुवार को सिंचाई विभाग की टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक, कुछ दिन पहले डीलरों ने नहर को पाटकर करोड़ों की लागत से बनी सिंचाई प्रणाली को गंभीर नुकसान पहुँचाते हुए रास्ता बना लिया था। इससे नहर का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो गया था और पानी उफनाकर कटान होने लगा था। मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश जारी किए।

सूत्रों का कहना है कि रास्ता बनाने के पीछे यह दावा किया जा रहा था कि ह्लऊपर तक सब सेट है, किसी की हिम्मत नहीं कि इसे छू ले।ह्व लेकिन गुरुवार को की गई कार्रवाई ने यह साफ कर दिया कि प्रशासनिक फाइलों और जनता के हित से बड़ा कोई रसूख नहीं होता।कार्रवाई के दौरान एई पुनीत कुमार, जेई रमेशचंद्र, सिंचपाल, मेट तथा निगोहां पुलिस बल की मौजूदगी ने सुरक्षा का मोर्चा संभाला। भारी विरोध के बावजूद सिंचाई विभाग ने बुलडोजर से पूरे अवैध निर्माण को हटाकर नहर की मूल संरचना को फिर से जीवित कर दिया। कुछ ही मिनटों में लाखों रुपये की लागत से बना अवैध रास्ता मलबे में तब्दील हो गया।अवैध पुलिया हटते ही किसानों के चेहरों पर संतोष झलक उठा। उनका कहना है कि नहर को पाटने से खेतों तक पानी पहुँचने में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही थी। अब नहर के सुचारू प्रवाह से फसलों को पर्याप्त सिंचाई मिलेगी और उत्पादन में भी सुधार होगा।प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के भू-माफियाओं तथा अवैध कब्जेदारों में खलबली मची हुई है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसी कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी, ताकि सार्वजनिक संसाधनों पर निजी कब्जे की प्रवृत्ति पर लगाम लग सके।

जेई रमेशचंद्र ने बताया कि एक प्रोपर्टी डीलर द्वारा नहर में अवैध कब्जा कर पुलिया डाल रखा था आज अवैध पुलिया को हटा दिया गया है और हिदायत दे दी गई की दुबारा बिना परमिशन ऐसा नही करें।

# मोहन सरकार के रोजगार कार्यक्रम को पलीता लगा रहे वर्षों से पदस्थ अंगद

**समाज जागरण**

एक ओर मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव युवाओं को रोजगार देने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार के ही अधीन संचालित ताप विद्युत गृहों में वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर,आईटीआई होल्डर तथा अन्य कर्मचारियों को बिना किसी पूर्व सूचना के बेरोजगार कर दिया गया है। यह स्थिति मुख्यमंत्री के रोजगार सृजन के दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक मंचों से यह घोषणा की जा रही है कि एक वर्ष के भीतर प्रदेश में लगभग तीन लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें एक लाख सरकारी तथा दो लाख निजी क्षेत्र की नौकरियां शामिल होंगी। लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट नजर आ रही है। प्रदेश के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई सहित प्रदेश के अन्य ताप विद्युत गृहों में कार्यरत आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटरों, आईटीआई होल्डर को अचानक सेवा से बाहर कर दिया गया। टेंडर हुआ,फिर भी रोजगार छीना गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई थी और एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को निविदा भी स्वीकृत हुई। इसके बावजूद न तो संबंधित कंपनी को कार्यादेश (वर्क ऑर्डर) जारी किया गया और न ही वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को किसी प्रकार की पूर्व सूचना दी गई।अंततः टेंडर को निरस्त कर लगभग 26आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर एवं 20 आइटीआइ होल्डर आउटसोर्स को एक साथ बेरोजगार कर दिया गया।यह निर्णय न केवल नियमों के विपरीत प्रतीत होता है,बल्कि इससे 46 परिवारों की आजीविका पर सीधा प्रहार हुआ है। वर्षों से ईमानदारी से सेवा दे रहे कर्मचारियों को अचानक हटाना प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता को उजागर करता है।

**अंगद के पैर जैसे जमे अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल**

स्थानीय स्तर पर यह आरोप भी सामने आ रहे हैं जब इन आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती हो रही थी तब हेडक्वार्टर मुख्यालय में पदस्थ चित्रगुप्त के उपासक तथा छठवें वर्ण के एक अभियंता ने स्थानीय ठेका कंपनियों को संरक्षण देकर भारी लेन-देन कराया जिसका मामला विधानसभा के प्रश्न क्रमांक 3179 दिनांक 11/7/2024 २के द्वारा माननीय विधायक दिनेश गुर्जर के द्वारा सदन में प्रश्न उठया कि क्या ऊर्जा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की ठेका कंपनी में एम. के. ट्रेडस को आउटसोर्स के माध्यम से श्रमिकों के नियोजन हेतु कायार्देश दिया गया है। तथा (ग) में क्या कायार्देश की शर्तों में भर्ती के समय किसी ताप विद्युत गृह में कार्य करने का अनुभव जरूरी था.यदि हाँ तो किस अभ्यार्थी के द्वारा किस संयंत्र में कार्य करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था? दिये गये प्रमाण पत्रों का सत्यापन किस एजेंसी से कराया गया है?पूंछा था जिसके संबंध में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि कायार्देश के तहत नियोजित किये गए आउटसोर्स श्रमिकों के द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन के संबंध में आवश्यक समुचित जांच हेतु दिनाक 27/ 06/24 को एक जांच समिति का गठन किया गया है? ऐसा जबाब देकर पल्ला झाड़ लिया लेकिन उस भ्रष्टाचार ने एक साथ कई प्रश्नों को खड़ा कर दिया कि अगर वे सभी आउटसोर्स कर्मचारियों के अनुभव प्रमाण पत्र सही थे तो वे जिन संस्थान में कार्य किए थे वहां वेतन पर्ची मिली होगी, मजदूरी भी प्राप्त किए होंगे और उन मुन्नाभाईयों के नाम पर ईपीएफ भी जमा किया होगा जो एक जांच का विषय है और ये पूरा मामला आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को जाने के योग्य है?ताप विद्युत गृहों में वर्षों से पदस्थ कुछ अधिकारी एवं प्रभावशाली कर्मचारी अपने पत्नियों को राजनीति में ढकेल कर मलाई खा रहे हैं सिर्फ बल्कि सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग भी कर रहे हैं। इन्हीं के कारण पहले आईटीआई होल्डर कर्मचारियों को हटाया गया,फिर आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटरों, सीएचपी में कोयला सफाई कमीर्यों से पांच लोगों को बाहर कर एवं सीएचपी आपरेशन में हुए नये निविदा में दो अनुभव हीन श्रमिकों को संयंत्र के अंदर आने जाने का अनुमति देकर श्रमिकों को मिलने वाले मजदूरी के दिनों को कम करने के प्रयास कर रहे हैं,अब एक यक्ष प्रश्न यह भी है कि यदि ताप विद्युत गृहों में इन आउटसोर्स कर्मचारियों की आवश्यकता नहीं थी,तो फिर निविदा प्रक्रिया के माध्यम से उनकी नियुक्ति क्यों की गई? और यदि आवश्यकता थी,तो फिर किस अधिकारी या जिम्मेदार व्यक्ति की लापरवाही के कारण एक साथ 46 परिवारों की आर्थिक स्थिति संकट में डाल दी गई? जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग इस पूरे मामले में यह भी मांग उठ रही है कि जिन अधिकारियों ने भारी भ्रष्टाचार को छिपा कर लापरवाही की या कथित स्वार्थ के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई, उनके विरुद्ध विभागीय जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या मोटी रकम और प्रभाव के दम पर कुर्सियां सुरक्षित रखने वाले ऐसे अधिकारियों को ताप विद्युत गृहों से हटाया जाना चाहिए।

**बेरोजगारी बढ़ेगी तो बढ़ेगा सामाजिक असंतोष**

विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती बेरोजगारी का सीधा असर समाज पर पड़ता है। रोजगार छिनने से युवाओं में निराशा और असंतोष बढ़ता है,जो आगे चलकर सामाजिक अव्यवस्था और अपराध को जन्म दे सकता है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ पहले से कार्यरत कर्मचारियों के रोजगार की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। पूरे प्रदेश की समस्या

यह मामला केवल चचाई ताप विद्युत गृह तक सीमित नहीं है। प्रदेश के अन्य ताप विद्युत गृहों में भी इसी तरह के टेंडर और कार्यप्रणाली सामने आ रही है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि प्रदेश भर में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर और आईटीआइ होल्डर कर्मचारी इसी तरह बेरोजगार किए गए होंगे।मंचों से रोजगार के वादे करना आसान है, लेकिन असली परीक्षा तब होती है जब सरकार अपने ही संस्थानों में रोजगार की रक्षा कर पाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव के लिए यह समय आत्ममंथन का है कि उनके रोजगार संबंधी दावे केवल घोषणाओं तक सीमित न रह जाएं, बल्कि धरातल पर भी दिखाई दें।

# अनूपपुर में पावर प्लांट निवेश के साथ स्थानीय अधिकारों की गारंटी जरूरी ।कन्हैया लाल मिश्रा**

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।अनूपपुर जिले में प्रस्तावित दो नए पावर प्लांट टोरंट पावर एवं अदानी पावर को लेकर जहां एक ओर बड़े निवेश की उम्मीदें हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय हितों की अनदेखी को लेकर आवाजें भी मुखर होने लगी हैं। इसी क्रम में भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) के जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल मिश्रा ने प्रशासन और संबंधित कंपनियों के समक्ष रोजगार, पुनर्वास, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक न्याय से जुड़ी अहम मांगें रखी हैं। कन्हैया मिश्रा ने कहा कि अनूपपुर जिला पहले से ही अमरकंटक ताप विद्युत गृह चाचाई और मोजर बियर जैतहरी जैसे बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स का बोझ झेल रहा है, ऐसे में नए पावर प्लांट तभी स्वीकार्य होंगे जब उनका सीधा लाभ स्थानीय जनता को मिले ।उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की कि प्रस्तावित पावर प्लांट्स में कम से कम 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को योग्यता के आधार पर दिया जाए। जिन युवाओं के पास तकनीकी दक्षता नहीं है, उनके लिए कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया जाए, ताकि स्थानीय युवा केवल दर्शक न बनें, बल्कि विकास के भागीदार बनें। पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पावर प्लांट निर्माण के दौरान यदि पेड़ों की कटाई होती है, तो उसके अनुपात में स्थानीय स्तर पर अनिवार्य वृक्षारोपण किया जाए। केवल कागजी खानापूर्ति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पर्यावरण संतुलन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के मुद्दे पर कन्हैया मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों की जमीन अधिग्रहीत की जा रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल रोजगार दिया जाए। यदि किसी कारणवश रोजगार संभव न हो, तो प्रभावित परिवारों को मासिक भत्ता प्रदान किया जाए, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि ये परिवार पीढ़ियों से अपनी जमीन पर निर्भर रहे हैं और जमीन छिनने के बाद उनका जीवन संकट में पड़ जाता है। उन्होंने यह भी मांग की कि अनुकंपा नियुक्ति को इस प्रक्रिया में शामिल किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को स्थायी सहारा मिल सके।

मोजर बियर जैतहरी के पुराने अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कन्हैया मिश्रा ने यह भी मांग रखी कि पावर प्लांट से प्रभावित अनूपपुर जिलेवासियों को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जाए, जिससे स्थानीय लोगों को औद्योगिक विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।अंत में उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को लेकर जल्द ही प्रशासन के साथ औपचारिक चर्चा कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि स्थानीय हितों की अनदेखी हुई, तो जनहित में आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# भाजपा जिलाअध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

## अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**समाज जागरण**

शहडोल - अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन गुरुवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल की जिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती अमिता चपरा जी के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहडोल नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 16 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर के तैयारी का जायजा भाजपा जिला अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचकर गुरुवार को तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए विशेष दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ से श्री विजय दुबे, डॉ सिद्धार्थ सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, भूपेंद्र मिश्रा जिला महामंत्री अमित मिश्रा जिला मंत्री सौरभ गोले कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी कार्यालय मंत्री अंकुश शर्मा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट विपिन तिवारी आदित्य चपरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस स्वास्थ्य शिविर विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा साथी विभिन्न प्रकारों की जांच भी निशुल्क की जाएगी इस स्वास्थ्य शिविर में जिला पदाधिकारी एवं जिले के समस्त भाजपा कार्य कर्ता गण अपने स्वास्थ्य की जाँच करवा सकते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने सभी कार्यकताओं से विनम्र आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनें।

साथ ही मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय खिचड़ी सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा अतः इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करें.

# सुर्य मंदिर देवी तालाब में विकास कार्य के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी को ज्ञापन ।

**समाज जागरण**

बिजुरी। आज सुर्य मंदिर देवी तालाब पर विकास कार्य को लेकर सुर्य सेवा समिति बिजुरी के अध्यक्ष विक्रमा सिंह अपने साथियों के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी के नाम सात बिंदूओं पर आधारित मांग पत्र बिजुरी नगर पालिका के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक लखनलाल पनिका को सौपा ।




प्राप्त जानकरी के मुताबिक सुर्य मंदिर देवी तालाव पर मंदिर के अदंर बाहर ग्रेनाईट पत्थर लगवाने एवं सीढी रिपेयरिंग पुजा सामाग्री /प्रसाद रखने के लिये कक्ष और सुर्य मंदिर परिसर में यज्ञशाला निर्माण ।देवी तालाब के उत्तर साईड में श्रद्धालुओं के सेड निर्माण एवं तालाब के तीनों साईड महिलाओं के लिये चंजिंग रूम निर्माण, के साथ तालाब के पश्चिम साइड रिर्टनिंग वाल के उच्चाई को बढाते हुये रास्ते को सुगम बनाये जावे की मांग सुर्य केवा समिति बिजुरी ने किया है ।ज्ञापन देने में समिति के सचिव राम विनय कुमार ,कोषाध्यक्ष डीडी गिरि, पंकज पाण्डेय ,मृगेन्द्र सिंह,तीरथप्रसाद मिश्रा ,बालेन्द्रसिंह समेश यादव, तेजभान सिंह ,राहूल कुमार आदि शामिल रहे ।

# एकतरफा मुकाबले में हुई नागपुर की जीत , कोरिया हुई प्रतियोगिता से बाहर ।

**समाज जागरण**

बुढार । नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल नागपुर और डीसीए कोरिया के बीच खेला गया, मैच में नागपुर की टीम ने कोरिया की टीम को हर मामले में पछाड़ते हुए शानदार जीत हासिल की ।



**टॉस जीतकर नागपुर ने चुनी बल्लेबाजी**

मैच का टॉस नागपुर ने जीता , पिच का मिजाज भांपते हुए नागपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया , पगले बल्लेबाजी करते हुए नागपुर की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में छह विकटों के नुकसान पर 195 रन बनाए , नागपुर की तरफ से सलामी बल्लेबाज आकिब खान ने 51 रन,हिमांशु ने 48 एवं राठी ने 37 रनों का योगदान दिया , कोरिया की ओर से गेंदबाज राज ने 2 विकेट लिए ।

**नागपुर की गेंदबाजी के सामने ढेर हुई कोरिया**

184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया की टीम को नागपुर के गेंदबाजों ने जमकर परेशान किया और कोरिया के दोनों सलामी बल्लेबाजों को 15 रनों के भीतर ही पवेलियन की राह दिखा दी , शुरूआती झटकों से कोरिया की टीम पूरे मैच के दौरान नहीं उबर पाई और 16 वें ओवर में ही 100 रनों पर आल आउट हो गई , कोरिया की ओर से बल्लेबाज राज ने ही कुछ देर तक संघर्ष किया और अपनी टीम के लिए 30 रन बनाए , नागपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए कुणाल ने 3 और आर्य तथा अथर्व ने 2-2 विकेट लिए इस तरह इस मुकाबले को नागपुर की टीम ने 95 रनों ने जीत लिया नागपुर टीम की ओर से शानदार आलराउंड प्रदर्शन करने वाले कुणाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया , जिन्हें चाट दी हट्टी कैफे के प्रोपराइटर संदीप आहूजा ने पुरस्कृत किया।

**ये रहे टीमों के प्रायोजक**

टूनार्मेंट में आज कोरिया टीम के प्रायोजक जिला पंचायत शहडोल के सभापति जगन्नाथ शर्मा रहे जबकि नागपुर टीम के प्रायोजक दीपक मांझी (लालू) एवं पवन चीनी रहे ।मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की , जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद , अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला ।पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला।

# भाजपा उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के बिलो के भुगतान पर जताई आपत्ति,एडीएम को लिखा पत्र

**समाज जागरण**

उमरिया।। बीते दिनों शिक्षा विभाग के द्वारा 69 राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर 14) का आयोजन कराया गया था। लेकिन प्रतियोगिता के प्रारंभ से आयोजन समिति के द्वारा की गई गड़बड़ियों और मनमानी के चलते यह पूरा आयोजन प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सवालों के घेरे में रहा है। इस पूरे मामले की शिकायत भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी ने जिले के अपर कलेक्टर (एडीएम) से की है। शिकायत में श्री राजेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन में जहां शासन के नियमों को ताक पर रखा गया, वहीं व्यक्तिगत आर्थिक लाभ कमाने के चक्कर में बजट का अनावश्यक व्यय कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है जो घोर आपत्तिजनक है। इतना ही नहीं इतनी बड़ी प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति ने भंडार क्रय नियम का भी पालन नहीं किया। उन्होंने साफ तौर पर बताया कि राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में टीम कोच, मैनेजर, टीम स्टाफ एवं खिलाड़ियों के आने जाने और भोजन का व्यय,ड्रेस यूनिफॉर्म का व्यय स्वयं जिस राज्य की टीमें होगी वही राज्य उठाते हैं। टीमों के ठहरने की व्यवस्था शासकीय भवनों में ही रुकवाने के निर्देश हैं। इसके अलावा टीमों की भोजन व्यवस्था में हुई गड़बड़ियों और मनमानी पर भी आपत्ति जताई गई है। भाजपा नेता श्री तिवारी ने एडीएम को दिए पत्र में आग्रह किया इस पूरे मामले में आपका और हम सभी का नैतिक दायित्व है कि जहां एक और सरकार के सम्पूर्ण कार्य नियमों के अनुरूप हो, उसमें कहीं से भी आर्थिक क्षति नही होनी चाहिए। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति साकार हो सकेगी। उन्होंने इस पूरे मामले में पूरी निष्पक्षता के साथ शासन के नियमों का पालन करते हुए बजट का अनावश्यक व्यय भुगतान नहीं करने की मांग की है।

# वन विभाग की संलिप्तता से सागौन और खैर के वृक्षों पर मंडराता खतरा

## त्रिपाठी के साथ तस्करों की तिकड़ी
## राजस्व भूमि के वृक्ष बने कमायी का जरिया

**समाज जागरण**

उमरिया --उमरिया जिले में सागौन वन के लिए बहू प्रसिद्ध नौरोजाबाद का वनांचल इन दिनों तस्करों के लिए निशाने पर बने हुए हैं, और उसमें जब विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत हो जाये तो सोने में सुहागा हो जाता है।ऐसी ही वारदातें इन दिनों समाचार पत्रों में सुर्खियों में छायी हुई है।बताया जाता है कि वन विभाग के कतिपय अधिकारियों की मिलीभगत से सागौन और खैर वृक्षों की अवैध कटाई इन अधिकारियों की काली कमाई का जरिया बन गयी है, यह मामला स्थानीय कर्मचारियों से लेकर वन मंडलाधिकारी के दफ्तर तक चचाओं में बना हुआ है, जिसमें वन विभाग के परिक्षेत्राधिकारी और तस्करों की मिलीभगत की बातें आम हो चुकी है। यह तिकड़ी राजस्व भूमि



में लगे सागौन और खैर जैसे बहुमूल्य वृक्षों को काटकर अन्य प्रांतों में लै जाकर तस्करी करते हैं। इस के लिए कल्दा और नौरोजाबाद के आसपास के गाँवों में तस्करों की चहल कदमी देखी जा रही है। कल्दा से तो अवैध कटाई कर खैर का परिवहन किये जाने की बातें उजागर हुई है ।बताया जाता है कि अनूपपुर जिले के जमुडी गाँव के शाबिर खान ने और मुसताक नामक अन्तर्राज्यीय खैर की लकड़ी का तस्कर इन दिनों नौरोजाबाद परिक्षेत्र को निशाना बना कर रखा है। कभी कल्दा ग्राम पंचायत में हुई खैर वृक्षों की अवैध कटाई का मामला सिर चढ़ कर बोल रहा है तो कभी करौंदी ग्राम पंचायत में सुग्रीव सिंह के खेत से सागौन वृक्ष की कटाई करने का मामला थाना से लेकर तहसील आफिस में गूंज रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ से मामले दफन होने की कगार पर है।

करौंदी ग्राम के सुग्रीव सिंह के खेत के आराजी खसरा नंबर 224/1 रकबा 1.3150 में लगे दो सागौन के वृक्ष 13 दिसम्बर 2025 को दोपहर में वन रक्षक प्रदुम्न तिवारी और वन चौकी दार बुद्धसेन सिंह के व्दारा जबरन बल पूर्वक कटाई कर लिए है। इस बात की शिकायत सुग्रीव सिंह के व्दारा 14 दिसम्बर 2025 को थाना नौरोजाबाद में दर्ज करायी गयी है जो एक महीने पूरी हो गयें, लेकिन मामला जस का तस बना हुआ है। इसी मामले का आवेदन सुग्रीव सिंह ने तहसील दार नौरोजाबाद को 15 दिसम्बर को देते हुए न्याय की मांग की गयी थी, जो की आज भी लंबित बनी हुई है। फरियादी किसान को जब शासकीय दफ्तरों से न्याय नहीं मिला तो उन्होने इस मामले को उमरिया जिले के प्रभारी मंत्री के समक्ष भी अपनी फरियाद सुनाई, लेकिन नगाड खाने में तूती की आवाज सुनाई नहीं देती हैं की कहावत को चरितार्थ करते हुए सभी प्रशासनिक अधिकारी वन विभाग को बचाने में अमादा दिखाई दे रहे हैं। वन विभाग की इस मनमानी पूर्ण कार्यवाही से जन मानस में व्यापक जन क्रोष फैला हुआ है और विभाग है कि मामले मे धूल डालने में लगा हुआ है, जबकि वन परिक्षेत्राधिकारी के साथ तस्कर के मधुर संबंध और उनके घर आने जाने की हकीकत का पता तो उनके मोबाइल फोन से सहजता से प्राप्त किया जा सकता है। कल्दा में खैर प्रजाति की अवैध कटाई की जांच अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप त्रिपाठी कर रहे थे, वह भी शायद अपने मातहत कर्मचारियों को बचाने का बीड़ा उठा रखा है, जबकि करौदी के सागौन वृक्षों का मामला लापता होने की कगार पर है। जानकर सूत्रों का मानना है की बिना अनुमति के किसी भी वृक्ष की कटाई अवैध मानी जाती है और उसके लिए वन विभाग सहित राजस्व की समांतर जिम्मेदारी बनती है, लेकिन दोनों विभाग अपने हिस्सेदारी से संतुष्ट होकर तस्करों को अभय दान दे रखे है। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों को मामले में रूचि लेकर कार्यवाही करनी चाहिए, लेकिन आला अधिकारियों की बेशर्मी इन अधिकारियों के लिए कामधेनु बन गया है। देखना लाजिमी होगा की वन विभाग के इस जंगल राज पर रोक लगाने के लिए आला अधिकारी क्या कदम उठाते हैं।

# बाणगंगा मेला मैदान की भूमि का सीमांकन कराया गयाः प्रकाश

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल।प्रकाश नारायण शुक्ला (पिंकू) पार्षदवार्ड क्र.-17 नगर पालिका परिषद् शहडोल के द्वारा संसद संसदीय क्षेत्र शहडोल (म.प्र.) श्रीमती हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंप कर बाण गंगा मेला मैदान की भूमि के सीमांकन किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बाण गंगा मंदिर एवं मेला मैदान शहडोल जिले की पहचान के साथ-साथ पौराणिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है। जहाँ हर मकर संक्रांति पर मेले का आयोजन किया जाता है, किन्तु मेला आयोजन स्थल की भूमि धीरे-धीरे कतिपय कारणों से घटती जा रही है, जिससे मेले का अस्तित्व खतरे में पड़ते जा रहा है। निम्नांकित बिन्दुवार समाधान किया जाए जिसमें बाण गंगा मंदिर परिसर एवं बाण गंगा मेला मैदान की भूमि का सीमांकन राजस्व की एक टीम बनाकर कराया जाये। साथ ही सूचना पटल लगाकर भूमि का नक्शा, खसरा नं० एवं रकबा भी जन सामान्य हेतु प्रदर्शित किया जाये।नगरपालिका शहडोल द्वारा बाण गंगा में अधिगृहीत भूमि का भी सीमांकन कराया जाये तथा ही सूचना पटल लगाकर भूमि का नक्शा, खसरा नं० एवं रकबा भी जन सामान्य हेतु प्रदर्शित किया जाये।बाण गंगा मेला मैदान की भूमि धीरे-धीरे घट रही है, मेले परिसर का अस्तित्व बचाने के लिये मेले परिसर से लगी निजी स्वामित्व की भूमि का अधिग्रहण किया जाये ताकि मेले की सांस्कृतिक विरासत को बचाया जा सके।बाण गंगा परिसर में शमशान घाट हेतु भूमि चिन्हित कर सीमांकन कराकर सूचना पटल लगाकर भूमि का नक्शा, खसरा नं० एवं रकबा भी जन सामान्य हेतु प्रदर्शित किया जाये।बाण गंगा परिसर की भूमि का अन्य सामाजिक एवं शासकीय प्रयोजनों जैसेः- सड़क, पार्क, सामुदायिक भवन आदि में उपभोग की गई भूमि का विवरण भी सूचना पटल लगाकर भूमि का नक्शा, खसरा नं० एवं रकबा भी जन सामान्य हेतु प्रदर्शित किया जाये।

# झूलों में फायर एवं सेफ्टी प्रावधानों का अभाव

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। बाणगंगा मेला मैदान में मगर संक्राति के पर्व पर मेला का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न स्थानों से व्यापारी मेला में आते है और सभी को दुकान लगाने का अधिकार है परन्तु जैन कल्पना रेस्टोरेंट के द्वारा अधिक मात्रा में स्थान कब्जा कर दुकान लगा ली गई है जिसके कारण सामान भाव से छोटे व्यापारियों को स्थान नहीं मिल पा रहा है। वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद प्रकाश नारायण शुक्ला ने नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि जैन कल्पना रेस्टोरेंट के उक्त कृत्य पर कार्यवाही कर उसकी दुकान का एरिया कम करावा कर छोटे व्यापारियों को स्थान आवंटित किया जावे तथा जैन के सभी झूलों में फायर एवं सेफ्टी संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिससे कभी भी कोई अप्रिय दुघर्टना की संभावना है ।

# श्री एकादश मुखी हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में भक्तों का तांता , खिचड़ी का वितरण

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले के अमलाई कालरी अंतर्गत स्थित डूंगरिया टोला की पहाड़ी पर निर्मित श्री एकादश मुखी हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही, स्थानीय एवं आसपास के भक्ति अपने परिवार जनों सहित लगभग सौ सीडी के सहारे पहाड़ी पर चढ़कर हनुमान मंदिर तक पहुंचे और मंदिर में पूजा



अर्चन कर भगवान श्री हनुमान जी के दर्शन प्राप्त किया इस अवसर पर भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ, भक्तों ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाया और प्रसाद का वितरण भी किया, मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया जहां भक्तों ने श्री हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया।

# कंबोडिया के फुटबॉल कोच चार्ली पॉमरोय पहुंचे मिनी-ब्राजील की धरती पर

## कंबोडिया के फुटबॉल कोच ने जुनून, अनुशासन और प्रतिभा की सराहना की

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। शहडोल जिले के मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुका ग्राम विचारपुर में कंबोडिया फुटबॉल टीम के कोच चार्ली पॉमरोय के आगमन पर पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके जुनून, अनुशासन एवं प्रतिभा की सराहना की। कोच पॉमरोय ने खिलाड़ियों के स्किल डेवलपमेंट एवं टेक्निक डेवलपमेंट को और सशक्त बनाने हेतु संरचित प्रशिक्षण प्रणाली, पाठ्यक्रम एवं सिलेबस के माध्यम से नियमित प्रशिक्षण दिए जाने का सुझाव दिया। चार्ली पॉमरोय ने कहा कि अधिकांश अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में खेलते हुए ही विश्व स्तर तक पहुँचे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को उपलब्ध संसाधनों पर फोकस कर निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। साथ ही जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों से भी चर्चा की और जर्मनी व बिचारपुर के खिलाड़ियों के बीच अंतर पर अपने अनुभव साझा किए। सहायक संचालक



खेल एवं एन आई एस फुटबॉल कोच रईस अहमद ने विचारपुर गांव के फुटबॉल कोच, विचारपुर गांव फुटबॉल के सफर जो, गांव नशे के नाम से जाना जाता था और मिनी ब्राजील के रूप में उसकी पहचान बनने की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कंबोडिया कोच को अवगत कराया कि मिनी ब्राजील के पांच खिलाड़ियों एवं एक कोच को जर्मनी में 5 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक विश्व स्तरीय प्रशिक्षण भी दिया गया।

# जूनियर रेड क्रॉस समिति मध्यप्रदेश राज्य शाखा का अध्यक्ष बने मान सिंह

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । मध्य प्रदेश जूनियर रेड क्रॉस समिति द्वारा उमरिया निवासी मानसिंह को राज्य शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया है । उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए पार्षद श्रीमती विनीता तिवारी ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल अनुभव, सेवा भावना और संगठनात्मक क्षमता की पुष्टि है, बल्कि जूनियर रेड क्रॉस के कार्यों को और अधिक सशक्त एवं परिणाममुखी बनाने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी कदम है।

वरिष्ठ समाजसेवी राकेश शर्मा ने कहा कि मान सिंह के राज्य शाखा के अध्यक्ष बनने पर युवाओं में सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम,नशा मुक्ति, दुर्घटना सहायता एवं आपदा प्रबंधन,मानवीय सेवा तथा रेड क्रॉस की मूल आध्यात्मिक भावना को नई गति एवं दिशा प्राप्त होगी।

मानसिंह के मार्गदर्शन में जूनियर रेड क्रॉस संगठन निश्चित ही प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धियों के साथ समाजसेवा के उच्च मानक स्थापित करेगा।

# तीन दिवसीय महाकुम्भ खेलकूद प्रतियोगिता हुआ शुभारंभ

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के पटवध स्थित सलखन राजा बलदेव दास विडला सोन घाटी इण्टर कालेज के प्रागंण में तीन दिवसीय महाकुंभ खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड के मंत्री रामविचार द्वारा करवाते हुए खेल प्रतियोगिता मैदान में सभी उपस्थित खिलाड़ियों से रुबरु होते हुए



परिचय कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से संदीप सिंह पटेल मण्डल अध्यक्ष डाला, दीपक भैया पूर्व मंडल अध्यक्ष डाला, सतीष सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष, वृजेश पांडेय मंडल महामन्त्री, विशाल गुप्ता, मनीष तिवारी, श्याम नारायण, विकाश जायसवाल, धीरेन्द्र पटेल, लीला देवी, नरसिंह कुशवाहा, बिष्णु कान्त प्रधान प्रतिनिधि पटवध, अशोक दुबे, गुई जायसवाल, श्रवण, भगवान, नेता पंकज मिश्रा, अमरेश इत्यादि लोग रहे।

# अरहर की खेत में संदिग्धावस्था में बालक का शव मिलने से फैली सनसनी

घर से तीन दिन पूर्व से ही गायब था बालक
जन चर्चाः- जंगली पशुओं की शिकार करने के नियत से लगाये गए करंट प्रवाहित विद्युत तार के चपेट में आने से हुई बालक की मौत

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के पटवध के मोरईया में गुरुवार की अल सुबह नदी के किनारे अरहर की खेत में शौच के लिए जा रहे लोगों द्वारा एक बालक का शव संदिग्ध अवस्था में देखे जाने से आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई है।जिसकी जानकारी चोपन पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची चोपन पुलिस शव की शव की शिनाख्त करने के पश्चात छानबीन करने में जुट गयी है। इस सम्बंध में मृतक बालक के परिजनों ने बताया कि राजू 9 वर्ष पुत्र वेदप्रकाश खरवार निवासी पटवध, टोला मोरईया घर से 3 दिन से ही लापता था। जिसे घर के लोग पास- पड़ोस समेत सगे-संबंधितों, रिस्तेदारो के यहां भी खोजबीन कर रहे थे।जिसका शव गुरुवार को घाघर नदी के किनारे अरहर की खेत में मिला। बालक का शव झुलसा हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है।

जन चर्चाओ की माने तो जंगली पशुओं की शिकार करने के नियत से लगाये गए करंट प्रवाहित विद्युत तार के चपेट में आने से बालक की मौत हो गई है।

# कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का चोपन बैरियर पर भाजपा कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। पटवध में आयोजित विधायक खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने जा रहे छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का चोपन पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। चोपन बैरियर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्य कताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मंत्री राम विचार नेताम ने कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक मजबूती और खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करती हैं। पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री का चोपन आगमन भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, प्रदीप अग्रवाल, रामकुमार सोनी, विकास चौबे, मटर शर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के उपरांत मंत्री राम विचार नेताम पटवध में आयो जित विधायक खेलकूद प्रति योगिता में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

# कान्हा की बाल लीलाएँ देख दर्शक भाव विभोर, चोपन बैरियर पर श्रीकृष्ण लीला का पांचवां दिन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। वृंदावन से आये श्री विशाखा रमणबिहारी रासलीला मण डल द्वारा मनमोहक रास की प्रस्तुती की जा रही है। श्रीकृष्ण लीला के पांचवे दिन कान्हा की बाल लीलाएँ देख दर्शक भावविभोर हो उठे।आज सूर्योदय के पूर्व नन्द बाबा जब कान्हा को लिये बिना यमुना जी में स्नान को जाते हैं तो मौका देख कन्हैया - बलराम बाबा के वस्त्र हर लेते हैं। राधा रानी से मुलाकात के बाद जसोदा मैया भगवान से उन्हें अपने कन्हैया का रिश्ता तय कर के पूरे हर्षोल्लास से उनकी गोद भराई करती है गोद भराई रस्म में मुख्य यजमान प्रदीप अग्रवाल सब परिवार के साथ गोद भराई का रस्म पूरा किया। उसके पश्चात कृष्ण जी अपने सभी ग्वाल सखाओ के साथ माखन चोरी करने जाते है जहाँ गोपी उन्हें पकड़ कर दण्ड दिलाने के लिए माता यशोदा के पास ले जाने का प्रयास करती है पर अपनी चतुरायी से वह गोपी की बांध कर सभी ग्वालो संघ माखन चुराते हुये मनमोहक लीला की प्रस्तुति की। माखन चोरी के मंचन में कन्हैया गोपियों के घर दहीं माखन की चोरी करते हैं। एक गोपी उन्हें माखन चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लेती है तो कान्हा उससे छोड़ने का विनय करते हैं लेकिन गोपी जब उन्हें बांधने का असफल प्रयास करती है तो नटखट कन्हैया उसे ही बांध देते हैं और अपनी बाल मंडली को बुलाकर न केवल दहीं माखन खाते हैं अपितु मटकियां भी गिराकर तोड़ देते हैं।इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, चंद्रमणि केशरी, दिनेश जैन, राजेश साहनी, महेंद्र केसरी, विमल शाह, आनंद अग्र वाल, पवन अग्रवाल, धर्मेंद्र जाय सवाल, राकेश मोदनवाल ,राम सुन्दर निषाद , विमल साह , संदीप अग्रवाल, सत्येंद्र आर्य, नागेश्वर गोड़, विकाश चौबे, दीपक साहनी, नागेश्वर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एनसीएल बीना में भू-विस्थापित को नहीं मिला रोजगार , 19 जनवरी से भूख हड़ताल की चेतावनी, कंपनी पर गंभीर आरोप

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। जनपद के एनसीएल बीना परियोजना में कार्यरत कंपनी राधा चेन्नई इंजीनियरिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड पर मूल भू-विस्थापित मजदूरों को रोजगार से वंचित रखने का गंभीर आरोप लगा है। रोजगार न मिलने से नाराज एक भू-विस्थापित मजदूर ने 19 जनवरी 2026 से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और आमरण अनशन की चेतावनी दी है।ग्राम घरसडी निवासी बबूल प्रसाद दुबे ने बताया कि उनके बाबा स्व. नवाब सम दुबे की लगभग 2.94 एकड़ भूमि और भवन को एनसीएल बीना परियोजना ने विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से अधिग्रहित किया था। हालांकि, पूर्व समझौते के अनुसार उन्हें अब तक कृषक भूमि और आवासीय प्लॉट उपलब्ध नहीं कराया गया है। दुबे का कहना है कि वह पिछले 15 वर्षों से एनसीएल की पूर्व ओबी (ओवर बर्डन) कंपनियों में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। लेकिन, वर्तमान में कार्यरत कंपनी ने उन्हें मूल भू-विस्थापित होने के बावजूद रोजगार से वंचित कर दिया है। उन्होंने इस संबंध में कई बार एनसीएल बीना प्रबंधन और उप



जिलाधिकारी दुद्धी को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया है। उप जिलाधिकारी ने बायोडाटा पर हस्ताक्षर कर रोजगार दिलाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की 18 फरवरी 2022 की अधिसूचना और एनसीएल मुख्यालय के 10 जुलाई 2006 के आदेश में 80 प्रतिशत मूल भू-विस्थापितों को रोजगार में रखना अनिवार्य बताया गया है। आरोप है कि कंपनी इन नियमों की अनदेखी कर बाहरी लोगों को कथित तौर पर पैसे लेकर काम पर रख रही है। बबूल प्रसाद दुबे ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उन्हें रोजगार नहीं दिया गया, तो वह 19 जनवरी 2026 से एनसीएल बीना परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, सत्याग्रह और आमरण अनशन शुरू करेंगे। उन्होंने इसकी पूरी जिम्मेदारी एनसीएल प्रबंधन और भारत सरकार पर डाली है। यह मामला केवल रोजगार से ही नहीं, बल्कि मूल भू-विस्थापितों के अधिकारों से भी जुड़ा है, जिसे लेकर क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है। कांग्रेस सेवादल जिला उपाध्यक्ष दयासागर दुबे और छोटे लाल दुबे ने इस मुद्दे पर भू-विस्थापितों के समर्थन में बात की है और कंपनी से बातचीत विफल रहने पर संघर्ष का ऐलान किया है।

# दो थानो की पुलिस ने अवैध तेल करोबारियों की कमर तोड़ी, 3 अभियुक्त गिरफ्तार, भारी मात्रा में डीजल-पेट्रोल बरामद

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद पुलिस ने अवैध तेल कालाबाजारी के खिलाफ एक विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर 14 जनवरी 2026 को चोपन थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध डीजल-पेट्रोल और उपकरण बरामद किए गए। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा व क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी के नेतृत्व में की गई। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा इलाके में अवैध तेल के कारोबार पर यह सुनियोजित छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 02 ड्रमों में कुल 120 लीटर अवैध डीजल और 20 लीटर अवैध पेट्रोल जब्त किया। इसके अतिरिक्त, एक टैंकर (संख्या CG12AQ3258), 200 लीटर क्षमता के 05 खाली ड्रम, 50 लीटर क्षमता के 02 खाली ड्रम, 20 लीटर के 02 खाली जर्केन, 01 मोटर पंप और 02 लोहे के कूपे भी बरामद किए गए। मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान राम आशीष कुमार (पुत्र श्मादेव प्रसाद यादव, निवासी केन्दुआ, पोस्ट रजौली, थाना रजौली, जनपद नवादा, बिहार, उम्र लगभग 34 वर्ष) और मनीष कुमार (पुत्र राजकुमार पनीका, निवासी गुरमुरा, पोस्ट गुरमुरा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 22 वर्ष) के रूप में हुई है। हालांकि, सोनू जायसवाल (पुत्र रामेन्द्र, निवासी गुरमुरा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र) मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना चोपन में मु0अ0सं0- 21/ 2026 धारा 287, 316(3), 303 (2), 317(2), 317(4) बीएनएस और धारा 3, 4 सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। वही अनपरा क्षेत्र में अवैध तेल कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 230 लीटर अवैध डीजल बरामद किया गया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में थाना अनपरा पुलिस द्वारा बैरपान क्षेत्र में की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो ड्रमों से 180 लीटर और दो जर्केन से 50 लीटर, कुल 230 लीटर अवैध डीजल जब्त किया। इसके अतिरिक्त, तीन खाली गैलन और एक प्लास्टिक पाइप भी बरामद की गई। मौके से अमरेश यादव (पुत्र रामउजागिर यादव, निवासी बैरपान, थाना अनपरा, सोनभद्र, उम्र लगभग 24 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, जगत यादव (पुत्र रामचरित्र यादव, निवासी बैरपान, थाना अनपरा, सोनभद्र) मौके से फरार होने में सफल रहा, जिसकी तलाश जारी है। इस संबंध में थाना अनपरा में मु0 अ0सं0-07/2026 धारा-287, 303(2), 317(2), 317(4) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस अवैध तेल कालाबाजारी के नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। सोनभद्र पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध कारोबार, कालाबाजारी और जन विरोधी गतिविधियों के लिए जनपद में कोई स्थान नहीं है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में संलिप्त अभियुक्तों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा बने राबर्ट्सगंज कोतवाली प्रभारी।

## मीडिया सेल में पीआरओ रहे दिन्नु प्रसाद यादव होंगे बभनी थाना प्रभारी

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**




खलियारी/ सोनभद्र। पुलिस अधी क्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा ने ला एंड ऑर्डर बनाए रखने और कानून व्यस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए दो निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है थाना प्रभारी रायपुर रहे रामस्वरूप वर्मा को राबर्ट्सगंज कोतवाली का प्रभार दिया गया है वही मीडिया सेल में पीआरओ रहे दिन्नू प्रसाद यादव को बभनी थाना का प्रभारी बनाया गया है।

बता दे कि कल पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण चार थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया था। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा संबंधित अधिकारियों को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया जाता है।

# मकर संक्रांति पर श्रीराम सेवा समिति की सराहनीय पहल, श्रद्धालुओं को बांटा प्रोटीन युक्त खिचड़ी का प्रसाद

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ओबरा नगर में आस्था और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय सुभाष चौराहा स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम सेवा समिति द्वारा विशाल खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। समिति द्वारा बीते कई समय से प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले नियमित भंडारे की श्रृंखला में, इस बार संक्रांति के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं को विशेष प्रोटीन युक्त खिचड़ी का प्रसाद




वितरित किया गया। इस पुनीत कार्य में ओबरा नगर पंचायत के सभासद दशरथ शुक्ला एवं अमित तिवारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसा। समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सभासद दशरथ शुक्ला ने कहा, यह एक अद्भुत और अनुकरणीय कार्यक्रम है। प्रत्येक शनिवार को सेवा का यह निरंतर संकल्प प्रेरणादायी है। आज के दौर में ऐसे निस्वार्थ समाज सेवक विरले ही मिलते हैं। मैं भी इस समिति का हिस्सा बनकर मानव सेवा के संकल्प में सहभागी बनूँगा। भोजन वितरण के साथ-साथ समिति ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए मानवता की एक और मिसाल पेश की। कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए असहाय और निर्धन लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया, ताकि पर्व की खुशियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के संस्थापक व पत्रकार अजीत सिंह, विश्व हिंदू महासंघ के नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे और संरक्षक ओम प्रकाश सिंह की मुख्य भूमिका रही। इस दौरान रीता कुमारी, सरिता सिंह, पुष्पा दुबे सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान किया। समिति के सदस्यों ने दोहराया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।और यह साप्ताहिक भंडारा भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगा।

# चोरी के देशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार।

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के पकरहट देशी शराब की दुकान में 10.01.2026 को हुई चोरी के आरोपियों की तलाश पुलिस कर ही रही थी कि 15.01.2026 की रात लगभग 11 बजे प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पकरहट नहर में घूम रहे हैं प्रभारी निरीक्षक ने फौरन उप निरीक्षक शिववदन यादव और शुशील कुमार सिंह व दीपक गिरी को फौरन पकरहट पहुंचने को कहा पुलिस जब पहुंची तो तीन लोग देखकर भागने लगे पुलिस ने दौड़ाकर तीन लोगों को पकड़ लिया पूछताछ में उन लोगों ने अपना नाम साहिद पुत्र शमीम निवासी पगिया व ओम प्रकाश पुत्र जमुना निवासी वैनी चौबे दोनों थाना करमा और प्रियांशु जायसवाल पुत्र सुनील जायसवाल निवासी रूस्तमपुर थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया बताया पूछताछ के बाद आरोपियों के पास से चोरी गई 14160 रूपए नगद और 150 पाउच देशी शराब बरामद कर पुलिस ने तीनों को सम्बन्धित धाराओं में जेल भेज दिया।

# यह सरकार सेवादारों की सरकार है: रामविचार नेताम

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। छत्तीसगढ़ के जाने-माने आदिवासी नेता व मंत्री राम विचार नेताम ने गुरुवार को पटवध में मैं आयोजित विधायक खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया इस मौके पर उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहां कि यह राम भक्तों की सरकार है ऐसे में हम सेवादार हैं और सेवादार का काम है गरीब दीन दुखियों शोषितों वंचितों की सेवा करना और यही कार्य जहां-जहां भी हमारी सरकार है हमारी पार्टी के लोग कर रहे हैं उन्होंने खेल में शामिल बच्चों को आने वाले दिनों का भविष्य बताते हुए कहा कि यह सब का कर्तव्य है कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए हम इनका सही मार्गदर्शन करें छत्तीसगढ़ के मंत्री राम विचार नेताम ने सदर विकासखंड के पटवध स्थित राजा बलदेव दास बिरला इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय विधायक खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज इस विद्यालय परिसर में जिस तरह अटल आवासीय विद्या लय के बच्चों ने योग वॉलीबॉल व अन्य खेल का प्रद र्शन किया है वह अपने आप में इनके उज्जवल भविष्य का परिचायक है हम सभी को इनके उज्जवल भविष्य के लिए इनका सही से मार्गदर्शन करना चाहिए आने वाले दिनों में यही देश कर्णधार होंगे । उन्होंने कहा कि देश ही नहीं दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में हमारे प्रधानमंत्री उभरे हैं छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश सरकारे हैं वह सभी राम भक्तों की सरकार है हम सभी सेवादार और ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम सब की सेवा करें उन्होंने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि आज इस विद्यालय परिसर में जिन बच्चों ने खेल का प्रदर्शन किया है वह अनुकरण यह है और हमें इन बच्चों से सीख मिलती है की कैसे आपसी सौहार्द बनाया रखा जाता है उन्होंने कहा कि आने में हमें इसलिए विलंब हुआ कि जैसे ही हम सोनभद्र की सीमा में प्रवेश किया यहां के लोगों ने जगह-जगह रोककर हमारा जो स्वागत और सम्मान किया है उसके लिए हम इनका धन्यवाद क्या करते हैं नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद जी ने कार्यक्रम में आभार प्रकट करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर पुष्पा नेताम भी रही। आदिवासी नृत्य संगीत के द्वारा इनका स्वागत किया गया इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार चोपन ब्लाक प्रमुख ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह संतोष शुक्ला अनूप तिवारी दीपक दुबे विकास मिश्रा पुष्पा सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मानवता की सेवाः जय माँ विंध्यवासिनी सेवा समिति ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को बांटे कंबल और गर्म कपड़े

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। भीषण ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप के बीच जय माँ विंध्यवासिनी सेवा समिति ने एक बार फिर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों की ओर मदद के हाथ बढ़ाए हैं। वर्ष 2016 से लगातार जनसेवा में जुटी इस समिति ने ओबरा के सेक्टर-4 स्थित सिविल ऑफिस के समीप राहत शिविर लगाकर दर्जनों परिवारों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाई। समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में वितरण का विवरण बेहद व्यवस्थित रहा, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंची। वितरण सामग्री में मुख्य रूप से कंबल 42 नए और ऊनी कंबल, बच्चों के लिए 44 जोड़ी जूते-चप्पल और 34 पीस ऊनी टोपियां। अन्य सामग्री 48 जोड़ी मोजे और बड़ी संख्या में पुराने गर्म कपड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जल पुरुष रमेश सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर वितरण की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब लोग घरों में दुबके हैं, समिति के सदस्य सड़कों पर उतरकर गरीबों के आंसू पोंछ रहे हैं। 2016 से निरंतर यह सेवा कार्य करना प्रशंसनीय है। समिति के संयोजक आनंद वर्मा (राजन) ने संकल्प दोहराते हुए कहा कि यह अभियान अभी थमेगा नहीं। उन्होंने बताया कि समिति प्रतिवर्ष सर्दियों के दो महीनों तक लगातार कपड़ा और राहत सामग्री वितरण का कार्य करती है, ताकि कोई भी गरीब ठंड की मार न झेले। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में अध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष संतोष नायक, अनूप सेठ, मनोज विश्वकर्मा, सलमान खान, फिरोज खान, राजू बनारसी, दिनेश पाठक और संतोष प्रजापति ने दिन-रात एक कर दिया। साथ ही सुभाष चौगले, सीताराम कुमार, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, राजकुमार गुप्ता, संदीप पाल, अशोक यादव, अजय कुमार सहित समिति के सभी समर्पित सदस्यों ने उपस्थित रहकर व्यवस्था संभाली और सेवा कार्य में सहयोग दिया।

# डाला नगर पंचायत में कड़ाके की ठंड ने ली एक जान, ठंड से मौत के बाद भी जिम्मेदार बेखबर

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। डाला नगर पंचायत अंतर्गत शहीद स्थल पर सत्यवान गिरी नामक व्यक्ति की ठंड से हुई मौत ने नंगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कड़ाके की ठंड और 7 डिग्री तक गिरे तापमान के बावजूद नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था न किए जाने से एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी। यह मौत नहीं, बल्कि सिस्टम की संवेदनहीनता से हुई हत्या मानी जा रही है। घटना के बाद समाज सेवियों ने मौके पर पहुंचकर मृतक के दाह संस्कार की तैयारी की, वहीं क्षेत्र में यह चर्चा आम रही कि यदि समय रहते अलाव की व्यवस्था की गई होती तो यह दुखद घटना टाली जा सकती थी। समाज सेवी दीपक राय ने बताया कि मृतक ठंड से बुरी तरह कांप रहा था, जिसे बचाने के लिए उन्होंने अपनी ओर से दो कंबल दिए थे। लेकिन सवाल यह है कि जब एक आम समाजसेवी कंबल दे सकता है, तो नगर पंचायत अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा पाई? स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है। जमीनी हकीकत यह है कि सार्व जनिक स्थानों पर अलाव जलते ही नहीं। इसी लापरवाही का खामियाजा सत्यवान गिरी को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने नगर पंचायत अध्यक्षा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि बड़े भरोसे और उम्मीदों के साथ पार्टी का परचम नगर में लहराया गया था, लेकिन अध्यक्षा ने जनहित के कार्यों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने बताया कि कई बार आग्रह करने के बावजूद नंगर में अलाव की व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है—एक व्यक्ति की मौत। वहीं प्रशांत पाल ने कहा कि जब तापमान 7 डिग्री तक गिर चुका है, तब अलाव जैसी बुनियादी सुविधा न देना सीधी प्रशासनिक लापरवाही है। राहगीर, यात्री और गरीब तबके के लोग रात में ठंड से बेहाल हैं,

लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदारों को इसकी कोई चिंता नहीं। इस घटना ने नगर पंचायत की संवेदनशीलता पर गहरा सवाल खड़ा कर दिया है। सवाल यह है कि क्या इस मौत की जिम्मेदारी तय होगी या फिर हर बार की तरह यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा? जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जवाब और कार्रवाई चाहती है।

# थाना अनपरा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 117/ 2026, धारा 316(5), 318(4), 351(2), 61(2)(a) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त देवेन्द्र कुमार पुत्र अम्बिका प्रसाद, निवासी वार्ड संख्या 08, बल्लभ भाई नगर, डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 20 वर्ष को आज दिनांक 15.01.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# घर की छत पर चलकर पतंग उड़ाते समय नीचे गिरकर किशोर गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के कस्बे में आज दोपहर मकर संक्रांति की मौके पर अपने घर की छत पर चढ़कर किशोर पतंग उड़ा रहा था। तभी वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी अंबर शुक्ला का 12 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ शुक्ला आज दोपहर अपने घर की छत पर चढ़कर पतंग उड़ा रहा था। तभी वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में हड़कंप मच गया तुरंत उसको इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया तो परिजन अपने प्राइवेट वाहन से उसको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। किशोर के साथ जिला अस्पताल पहुंची उसकी आजी रानी देवी ने घटना की जानकारी दिया।

# मोहित बने पतंगबाजी प्रतियोगिता के विजेता

**समाज जागरण**

फतेहपुर किशनपुर एकडला में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पंचदेव यमुना नदी मित्र समिति, अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह सामाजिक चेतना मंच,महावीर सेवा समिति के द्वारा पतंग बाजी प्रतियोगता आयोजित की गई जिसमें में अहमद गंज के रहने वाले मोहित ने बाजी मार इनाम राशि अपने नाम की वही अमित दूसरे और अर्पित तीसरे विजेता रहे। दर्शकों ने पतंगबाजी का आनंद लिया। मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में एकडला के पंचदेव मंदिर में भगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना व हवन पूजन किया गया। जिसके बाद पतंगबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें लगभग एक दर्जन प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया अमित ,अर्पित और मोहित की पतंगबाजी आकर्षण का केन्द्र रही। अंत मे मोहित ने बाजी मारते हुए इनामी राशि अपने नाम की दूसरे और तीसरे नम्बर पर रहे अमित और अर्पित समेत जूनियर वर्ग के बच्चों को भी सम्मानित किया गया। लगभग एक सैकड़ा बच्चों को पतंग वितरित की गई। आयोजक रवि सिह ने बताया कि अगले वर्ष 11 हजार राशि की प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी जिससे लोगों में पतंगबाजी की लालसा और जाग्रत होगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर, मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, संघ से जिला प्रचारक मोहित ,संघ सह संचालक कृष्ण स्वरूप सिंह, खागा नगर अध्यक्ष गीता सिंह, रोहित तोमर,रवि सिंह, दिनेश सिह,जयकांत सिंह,भानु सिंह, चरन सिंह, अनिल सिंह,योगेश सिंह, रवि प्रकाश सिंह, मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खखरेडू थाना क्षेत्र के पनिहा बाबा के समीप बाइक की टक्कर से साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कनपुरवा गांव निवासी मदनलाल का 14 वर्षीय पुत्र अमित साइकिल पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह थाना क्षेत्र के पनिहा बाबा के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसको जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने किशोर की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी तेज प्रताप व पायलेट भूपेंद्र के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसका इलाज तभी परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती करने से यह कहते हुए मना कर दिया की हम तो सरकारी एम्बुलेन्स से इस लिए अपना मरीज लेकर आये जिससे हमारा किराया न लगे बाकी हम अपने मरीज का इलाज प्राइवेट अस्पताल में कराएंगे।

वही घायल किशोर के साथ अस्पताल पहुंची उसकी माँ सीमा देवी ने घटना की जानकारी दिया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की धर्मपत्नी के निधन पर नगर विधायक और एसडीएम ने दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री रामबाबू जैन की धर्मपत्नी श्रीमती गिन्नी देवी जैन निवासी नीम चौराहा का आकस्मिक निधन को हो गया है स्वतंत्रता सेनानी श्री रामबाबू जैन जी ने स्वतंत्रता की लडाई में श्री संत लाल जी के साथ डाक बंगला जलाया था एवं और भी कई आंदोलनों में भागीदारी



रही!! सदर विधायक मनीष असीजा एवं एसडीएम ने उनके निवास पर पहुंच कर विनम श्रंद्धाजलि अर्पित की जिसमें पार्षद हरिओम वर्मा, प्रमोद राजौरिया, यतिंद्र तैलंग बब्बू,प्रवीन वर्मा एवं इनके पुत्र प्रदीप जैन, रोहित जैन ,मोहित जैन के साथ क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे !!

# तालाब में मिला डेढ़ वर्षीय बच्ची प्रज्ञा का शव, गांव में मचा कोहराम

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद।जसराना क्षेत्र के गांव नगला राजे में लापता डेढ़ वर्षीय बच्ची प्रज्ञा का शव सोमवार सुबह साढ़े चार बजे गांव के तालाब से बरामद होने से इलाके में कोहराम मच गया। बच्ची का शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्ची प्रज्ञा घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वह अनजाने में तालाब में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई।



बच्ची के लापता होने की सूचना के बाद से ही पुलिस और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए थे। रातभर तालाब में पम्पसेट लगाकर पानी खाली कराया गया। कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार सुबह साढ़े चार बजे तालाब से बच्ची का शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में इस दर्दनाक हादसे को लेकर मातम पसरा हुआ है और हर आंख नम है।

# राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम 16 जनवरी को डी आर इंटर कॉलेज में होगा आयोजित

**समाज जागरण**

फिरोजाबादः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वा धान में जिलाधिकारी फिरो जाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस पर वैज्ञानिक जागरू कता कार्यक्रम का आयोजन डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद में 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

डीआईओएस धीरेंद्र कुमार ने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे डी आड्र इंटर कॉलेज, माधौगंज शिकोहाबाद में अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय गणित दिवस है। जिसमें गणित विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, गणित मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव ने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरू कता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें।

# नेपाल से तस्करी कर लाए चरस सहित दो अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस ने उनके कब्जे से 5 किलो 753 ग्राम चरस किया बरामद**

**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की कीमत 40 लाख रुपये, प्राथमिकी दर्ज**

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद । एएटीएफ यूनिट आगरा जोन आगरा एवं रसूलपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 5 किलो 753 ग्राम चरस बरामद किया है। यह चरस नेपाल से सस्तेदामों से



खरीद कर पांच गुना मंहगी कीमत पर बेंच कर लाखों रुपये कमाते थे। पुलिस ने बरामद चरस की कीमत चालीस लाख रुपये बताई है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर है। एसपी सिटी ने इसकी जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा नारकोटिक्स पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे एएनटीएफ आगरा जोन आगरा एवं थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दो अंतर्राष्ट्रीय तस्करों को बरी चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 5 किलो 453 ग्राम चरस बरामद किया। जिसकी बाजारू कीमत 40 लाख रुपये के करीब बताई जा रही है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह यह चरस नेपाल से खरीद कर फिरोजाबाद ला रहे थे। पकड़े गये आरोपितों ने पूछताछ में अपने नाम अजय सहनी पुत्र स्व दुखी सहनी और सूरज कुमार पुत्र शिवपूजन दास निवासी ग्राम बेरिया डीह थाना हर्षिदी जिला मोतीहारी पूर्वी चम्पारन बिहार बताया। एसपी सिटी ने बताया कि पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे नेपाल से चरस लेकर फिरोजाबाद आ रहे थे। इसी दौरान थाना पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर रसूलपुर पुलिस ने उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पकड़े गये आरोपितों ने बताया कि ड्रह मादक पदार्थ उनके नेपाल के रहने वाले शेषनाथ मास्टर साहब द्वारा फतेहाबाद रोड पर नगला बरी चौराहे पर देने के लिये बताया था, जिसकी सूचना शेषनाथ मास्टर साहब हमे फोन से देने वाले थे । जिससे यह माल फुटकर मे बिक जाता ।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रनि प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर, उनि गौरव शर्मा एएनटीएफ आगरा जोन आगरा, उनि निशान्त कुमार थाना रसूलपुर, आशीष शुक्ला एएनटीएफ, लखन लाल, सुधीर कुमार, अजीत कुमार,आरक्षी प्रेमन्‍ ाारायण एएनटीएफ ,आरक्षी वसीम अकरम और कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर शामिल रहे।

# ब्राह्मण महासभा ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद ! जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत के पूर्व अध्यक्ष पंडित संदीप तिवारी द्वारा जिला ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में कार्यालय भगवान परशुराम शिविर रामलीला मैदान पर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद के अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा एडवोकेट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम भगवान



परशुराम जी का भोग लगाकर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम आरंभ हुआ और सैकड़ो लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। महिला जिलाध्यक्ष पंडित मिथिलेश शर्मा वशिष्ठ के नेतृत्व में महिला टीम द्वारा लोगों में खिचड़ी वितरित की गई। उसके उपरांत जिला ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा तथा जिले के संगठन मंत्री पंडित विकास दुबे द्वारा भगवान परशुराम शिविर के कार्यालय प्रभारी पंडित राकेश राजोरिया को शॉल उड़ाकर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार से कई चीजों को मिलाकर स्वादिष्ट खिचड़ी बनाई जाती है उसी प्रकार से सभी लोगों को जोड़कर जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद को पंडित शिवकुमार शर्मा के नेतृत्व में आगे बढ़ाना है और जनपद के घर-घर तक पहुंचना है। कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा गुड्डा पहलवान (महानगर अध्यक्ष), दिनेश वशिष्ठ, लक्ष्मण तिवारी, रमा शर्मा, जितेंद्र शर्मा, तरुण उपाध्याय, सुनील वशिष्ठ,प्रशांत वशिष्ठ कान्हा, अश्वनी शर्मा, कमलेश शर्मा, गीता शर्मा, ललिता शर्मा, ममता शर्मा, मधुरिमा वशिष्ठ, मनीषा शर्मा, प्रीति शर्मा, कन्हैया तिवारी, हर्षित शर्मा, संजय प्रताप सिंह शर्मा, मनोज भटेले,यश दुबे,विद्याराम राजोरिया, सार्थक कौशिक, चेतन दीक्षित, आशीष दीक्षित, विपिन तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# हिकमत उल्ला की खिचड़ी ने शहर में घोली मोहब्बत की मिठास।

**20 साल से करते आ रहे हैं विशाल खिचड़ी वितरण।**

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शहर में गंगा-जमुनी तहजीब और हिंदू-मुस्लिम एकता की परंपरा एक बार फिर देखने को मिली। मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को सेंट्रल टॉकीज चौराहा, फिरोजाबाद पर करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान के नेतृत्व में विशाल खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब पांच कुंतल खिचड़ी का वितरण किया गया, जिसमें सभी धर्म के धर्म गुरु जनपद के अधिकारी व्यापारिक, सामाजिक संगठनों पार्षद गण सभी प्रतिनिधियों सहित विभिन्न धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित धर्मगुरुओं, प्रशासनिक




अधिकारियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व उद्योगपतियों पार्षद गण सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधि ने मुस्लिम समाज द्वारा मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण की पहल की सराहना की। मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद सीओ सिटी प्रवीण तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि फिरोजाबाद में हिंदू और मुस्लिम समाज एक-दूसरे के पर्व मिल-जुलकर मनाते हैं, जिससे आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने इसे सामाजिक समरसता के लिए सराहनीय प्रयास बताया। हिंदू धर्मगुरु पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने कहा कि हिकमत उल्ला खान और मुस्लिम समाज की यह पहल स्वागत योग्य है, जो आपसी सद्भाव को और सुदृढ़ करती है। वहीं सिख धर्मगुरु हेड ज्ञानी करनैल सिंह जी ने कहा कि खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समाज की सहभागिता ने फिरोजाबाद में गंगा-जमुनी संस्कृति की जीवंत मिसाल पेश की है। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रविंद्र लाल तिवारी ने कहा कि व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने मुस्लिम समाज के साथ मिलकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया है, ताकि यह संदेश जाए कि सभी समुदाय प्रेम और भाईचारे के साथ एक-दूसरे के त्योहारों में सहभागी बनते रहेंगे। उद्योगपति संतोष अग्रवाल हेमंत अग्रवाल बल्लू ने कहा कि आज मिलजुल कर त्यौहार मनाने से दिलों में मोहब्बत पैदा बनी रहती है, करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान ने कहा कि मुस्लिम समाज पिछले करीब 20 वर्षों से मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण करता आ रहा है। उनका उद्देश्य यही है कि हिंदू-मुस्लिम मिलकर सभी त्योहार एक साथ मनाएं और इंसानियत व भाईचारे की मिसाल कायम रखें। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों, व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों, पार्षदों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद, सीओ सिटी प्रवीण कुमार, थाना उत्तर प्रभारी अधिनिस कुमार, थाना दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह, थाना रसूलपुर प्रदीप कुमार, पंडित मुन्नालाल शास्त्री, सिख गुरुद्वारा हेड करनैल सिंह, उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रविंद्र लाल तिवारी, उद्योगपति संतोष अग्रवाल, उद्योगपति हेमंत अग्रवाल बल्लू, राष्ट्रीय सचिव सत्येंद्र जैन सोली, हनीफ खाकसार. गुलाम जिलानी. ज्वेलरी यूनियन के अध्यक्ष जकी उल्ला खान, पी.पी. जैन, राजू चंदन शेख. जर्रार, पार्षद अच्छे मियां, पार्षद जाहिद परवेज, पार्षद शहजेब सैफू. अब्दुल सईद खान. अफरोज खान. मुदस्सर खान.अनसुल्लाह खान. गौरव प्रजापति. सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हिकमत उल्ला खान ने आए सभी सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया!

# राम कथा में सहयोग करने वालों का किया गया सम्मान!

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! अशोक सिंघल वत्स ल्य विद्यापीठ कोटला, अखिल भारतीय देववाणी परिषद् एवं संस्कृत भारती परिवार के संयुक्त तत्वाधान में 23 से 31 दिसंबर तक पालीवाल हॉल, गाँधी पार्क में आयोजित राम कथा को सफल बनाने में जिन जिन यजामानो, दानदाताओं, सहयोगियों, व्यवस्थापकों का विशेष सहयोग रहा उनका भव्य सम्मान समारोह एवं हवन यज्ञ का आयोजन 14 जनवरी,मकर संकरान्ति के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला परिसर में 12 बजे से किया गया,, जिसमें मुख्य याजामन हनुमान प्रशाद गर्ग सह पत्नी श्रीमती कमलेश गर्गव यज्ञपति गौरव गोयल सह पत्नी प्राची गोयल, देवेंद्र शास्त्री, देवेंद्र पाण्डेय ने सामूहिक रूप से यज्ञ हवन आहुति देकर किया,, यज्ञ का मन्त्रोंच्चारण वत्सल्य विद्धयपीठ के 9 ब्रमचारियों द्वारा सम्मपन्नकराया गया,,,

इसके पश्चात सम्मान समारोह का क्रम प्रारम्भ हुआ,, जिसमें मंचासीन अतिथियों में हनुमान प्रसाद गर्ग, गौरव गोयल, प्रवीन अग्रवाल, ओंकारनाथ विज, आनंद अग्रवाल डॉ उपेंद्र गर्ग, डॉ दीपक गुप्ता,एवं प्रख्यात कवि ओमपाल सिंह निडर,




रहे. जिनका भव्य सम्मान डॉ देवेन्द्र शास्त्री, ब्रजेश यादव व राजेश दुबे ने पीत पट्टीका पहनाकर किया। राम कथा का श्रवण हनुमंत शैली में स्वामी श्री प्रणवपुरी जी महाराज द्वारा किया गया,, उसकी स्मृतियों को ध्यान कर कर वक्ताओं नमें, शिव कुमार गुप्ता एडवोकेट, राजबर्धन प्रधानाचार्य, एवं अतिथियों ने बहुत ही प्रशंशनीय उदगरों से शास्त्री जी और उनके सहयोगियों की तारीफ की,,,कार्यक्रम के अंतिम दौर में कवि ओमपाल सिंह निडर ने कई ऐसे प्रसंग सुनाये,, जिन्हें सुनकर श्रोताओं का मन प्रफुल्लित रहा,, उनका सबसे यादगार गीत सौगंध राम की खाते हैं,, हम मंदिर वही मनाएंगे,,,, विशेष तालियों का हकदार रहा,,, कार्यक्रम का सफल संचालन भगवानदास शंखवार ने किया, और सभी एक वार फिर से आभार डॉ देवेन्द्र शास्त्री ने व्यक्त किया!

# संसदों के लिए जवाबदेह एआई विकसित करने में मानवों का संस्थागत ज्ञान का केंद्रीय महत्व है: राज्यसभा उपसभापति श्री हरिवंश

श्री हरिवंश ने कहा, संयम के बिना नवाचार जोखिम भरा होता है जबकि नवाचार के बिना संयम से ठहराव हो सकता है उपसभापति ने कहा कि संसद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता सच्चाई में आधारित होनी चाहिए, नैतिकता से पूर्ण होनी चाहिए, मानव निर्णय द्वारा मार्गदर्शित होनी चाहिए, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जवाबदेह होनी चाहिए राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने संसदीय व्यवस्थाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आकार देने में इंसानों की संस्थागत ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री हरिवंश ने बल देकर कहा कि अगर एआई को संसदों में लाना है, तो इसे उत्तरदायी, संदर्भपूर्ण एवं विश्वसनीय होना चाहिए। उन्होंने ये टिप्पणियां नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन में संसद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपनाने पर आयोजित एक कार्यशाला में की। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय संसद के कुशल कामकाज के लिए विकसित की जा रही विभिन्न डिजिटल एवं एआई उपकरणों की सूची भी प्रस्तुत की।

उपसभापति ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास के लिए हाइब्रिड दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए कहा, जब कोई व्यक्ति किसी नए संगठन में जाता है तो वह अपने साथ दो आवश्यक गुण लेकर जाता है जिसमें पहला कौशल और दूसरा ज्ञान है। कौशल अर्जित किया जा सकता है, स्थानांतरित किए जा सकता है या आउटसोर्स किया जा सकता है लेकिन ज्ञान प्रासंगिक होता है और संस्था में गहराई से समाहित होता है। संसदीय ज्ञान अद्वितीय होता है क्योंकि यह दशकों से चचाओं, निर्णयों, परंपराओं एवं संवैधानिक प्रथाओं से निर्मित होता है। यही सिद्धांत कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर भी समान रूप से लागू होता है। उन्होंने आगे कहा कि संसदों के लिए जवाबदेह एआई विकसित करने में मनुष्यों का संस्थागत ज्ञान का केंद्रीय महत्व है। उन्होंने आगे कहा, मानवीय निगरानी एवं मध्यवर्तन की क्षमता व्यवस्था का अभिन्न अंग होना चाहिए। बिना संयम के नवाचार जोखिम भरा होता है जबकि नवाचार के बिना संयम से ठहराव हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए संसद को इन दोनों के बीच सावधानीपूर्वक एवं सोच-समझकर संतुलन स्थापित करना चाहिए।

संसद में पहले से चल रहे एआई के व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए, श्री हरिवंश ने व्यावसायिक दस्तावेजों के अनुवाद, संसदीय चचाओं का विश्लेषण एवं 22 भाषाओं में प्रश्नों को तैयार करने के लिए मॉडलों के उपयोग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, "हमने लगभग 48,000 शब्दों वाली एक संसदीय भाषा शब्दकोश विकसित की है जिसे विशेष रूप से संसदीय उपयोग के लिए डिजाइन किए गए एक कस्टम एआई मॉडल में एकीकृत किया गया है। इस कारण आंतरिक उपयोग कताओं में इसकी स्वीकार्यता बहुत बढ़ी है और इसकी सटीकता में सुधार हुआ है। मानव अनुवादक अभी भी पूर्ण नियंत्रण में हैं जबकि एआई एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है।" हालांकि, उन्होंने कहा कि विधायी संदर्भ में "संसद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता सत्य पर आधारित होनी चाहिए, नैतिकता से पूर्ण होनी चाहिए, मानवीय निर्णय द्वारा निर्देशित होनी चाहिए एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जवाबदेह होनी चाहिए।"

अपने भाषण को समाप्त करते हुए उन्होंने राष्ट्रमंडल देशों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग में ज्यादा संसदीय सहयोग का आह्वान किया। भारत द्वारा चौथी बार दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी की जा रही है, इससे पहले भारत में यह सम्मेलन 1971, 1986 और 2010 में आयोजित हुआ था। इससे पहले सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में संसद के सेंट्रल हॉल (संविधान सदन) में किया गया।

# कोयला मंत्रालय ने दामोदर घाटी निगम के साथ तीन वाणिज्यिक कोयला खंडों के विकास और उत्पादन समझौतों पर हस्ताक्षर किए, भारत के ऊर्जा सुरक्षा और रोजगार लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में इससे मदद मिलेगी

कोयला मंत्रालय ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुदृढ़ बनाने और आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दामोदर घाटी निगम-डीवीसी के साथ तीन वाणिज्यिक कोयला खंडों - धुलिया नॉर्थ, मंदाकिनी बी और पीरपैंती बरहट में कोयला खान के विकास और उत्पादन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 13वें दौर में इन खंडो की नीलामी हुई थी।

इन समझौतों का क्रियान्वयन कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण है। तीनों कोयला खंडों का अन्वेषण हो चुका है और इनकी संयुक्त उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 49 मिलियन टन है, जो देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताएं पूरी करने में अहम योगदान देगा।

इन परियोजनाओं से सालाना लगभग 4,621 करोड़ रुपये का राजस्व और लगभग 7,350 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश आकर्षित होगा। इससे आर्थिक गतिविधियों और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इन कोयला खंडों के विकास से ऊर्जा उपलब्धता बढ़ने के साथ ही सामाजिक-आर्थिक लाभ की संभावना है। अनुमान है कि इन तीन परियोजनाओं से लगभग 66,248 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे जिससे कोयला उत्पादन क्षेत्रों में आजीविका सृजन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

कोयला मंत्रालय पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और निवेशक-हितैषी नीलामी ढांचे द्वारा कोयले का घरेलू उत्पादन बढ़ाने को दृढ़ संकल्पित है।

# एक दिवसीय सोन नद महोत्सव का बड़ेम में शानदार उद्घाटन

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) गुरुवार मकर संक्रांति के दिन एक दिवसीय सोन नद महोत्सव का शानदार उद्घाटन नबीनगर प्रखंड के बड़ेम स्थित सूर्य राघव मंदिर के प्रांगण मे किया गया। बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय सोन नद महोत्सव का उद्घाटन कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र के विधायक ललन भुईयां, रफीगंज विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद सिंह, एडीएम जय प्रकाश नारायण,वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव,सदर एसडीओ संतन कुमार, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शी,जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राय,प्रमुख लव सिंह,बीडीओ अरुण सिंह, सूर्य राघव मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष संजीव सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं आगंतुक अतिथियों का स्वागत पौधा एवं अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सोन नद के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया गया कि यह नदी पांच राज्यों से होकर बिहार में पटना के समीप गंगा नदी में मिलता है ।संबोधन के दौरान एसडीएम संतन कुमार ने कहा महोत्सव का उद्देश्य लोगो में जागरूकता का प्रयास करना है ।नदियों को बचाने और इसे प्रदूषण मुक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नदियों को प्रदूषित नहीं करें। धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ अरुण सिंह किया। उद्घाटन सत्र के बाद शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मुख्य कलाकार आर्यन बाबू ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर लोगो को खूब झुमाया वहीं मुख्य कलाकार में सविता पांडेय और करीना पांडे दोनों बहनों ने छठ गीत से शुरूआत कर कई भक्ति गीत गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर बड़ेम थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी दल बल के साथ मौजूद रहे ।मौके पर जिला पार्षद हरि राम, बीपीआरओ मुकेश कुमार, एमओ श्रीराम मिश्रा,बीईओ राजनारायण राय,शिक्षक धनंजय सिंह, मनीष सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, परिचारी सुनील कुमार,संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या मे दर्शक एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सोन नद महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग का चिकित्सा शिविर: 60 से अधिक मरीजों का हुआ उपचार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बड़ेम में आयोजित सोन नद महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग ने एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें 60 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। डॉ जितेंद्र कुमार मिश्रा, सुमन कुमारी सीएचओ, और प्रियंका कुमारी एएनएम की देखरेख में मरीजों को दवाइयां दी गई और आवश्यक निर्देश और उचित सलाह दी गई ।चिकित्सक डॉ जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि शिविर में आए सभी मरीजों का स्वास्थ जांच किया गया और उचित सलाह देते हुए आवश्यक दवाइयां दी गई। वहीं मरीजों ने बताया कि चिकित्सा शिविर में मामूली रोग का उपचार हुआ और उन्हें दवाइयां मिली ।लोगो ने इस तरह के चिकित्सा शिविर के आयोजन पर खुशी जाहिर की।

# बिधुत कार्यालयों में लगेगी जनता दरबार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज स्थित बिजली बिभाग के कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के दो दिनों बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं की समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को बिजली बिभाग के पालीगंज एसडीओ बिपिन बिहारी लाल ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं के शिकायतों को त्वरित निष्पादन करने के लिए हर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 12 बजे दोपहर से 1:30 बजे दोपहर तक तथा प्रत्येक शुक्रवार को 3 बजे दोपहर से 4:30 बजे शाम तक जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के बिहटा स्थित बिधुत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के निदेर्शानुसार जनता दरबार का आयोजन सभी बिधुत कार्यालयों में किया जाएगा। वही पालीगंज एसडीओ ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि बिजली से सम्बंधित सभी प्रकार के अपनी समस्याओं का समाधान शिविर में आकर करवाएं।



# एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के कजराइन गांव के समीप सोन दियारा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर 2000 लीटर जावा महुआ घोल



को नष्ट किया है, वहीं मौके पर एक शराब भट्टी और दारू बनाने की सामग्री को जप्त कर नष्ट किया गया है। इस कार्रवाई में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है । थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है, जिसमें पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को आने की भनक लगते ही शराब तस्कर और निमार्ता भाग निकले।इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष एवं पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे। पुलिस की इस कारवाई से अवैध शराब निमार्ता और तस्करों में हड़कंप व्याप्त है।

# दानापुर में नाले से मिला लापता युवक का शव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित पुलिस कॉलोनी के पास नाले से जब शव मिला, तब आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान मनेर थाना क्षेत्र के मौलिनगर निवासी जितेंद्र राय के रूप में हुई, जो बीते दस दिनों से लापता थे। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घटना की जानकारी उस समय सामने आई, जब स्थानीय लोगों ने गोला रोड के पास नाले में एक शव पड़ा देखा। इसकी सूचना तुरंत डायल-112 पर दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और दानापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। नाले में शव फंसा होने के कारण उसे बाहर निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आसपास मौजूद लोगों की मदद से आखिरकार शव को नाले से बाहर निकाला गया। शव बाहर निकलने के बाद मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उसकी पहचान की। इसके बाद पुलिस को परिजनों का संपर्क नंबर उपलब्ध कराया गया। पुलिस ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। कुछ ही देर में यह साफ हो गया कि मृतक मनेर थाना क्षेत्र के मौलिनगर गांव निवासी जितेंद्र राय हैं, जो 10 जनवरी से लापता थे। जैसे ही यह खबर फैली, परिजनों में मातम छा गया। मृतक के साले सुशील कुमार ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र राय 10 जनवरी को अपनी मां के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए अपने घर से निकले थे। उनका घर मनेर थाना क्षेत्र के मौलिनगर गांव में है। श्राद्धकर्म के बाद उन्हें दानापुर के गोसाई टोला स्थित अपने ससुराल जाना था। वे घर से इसी उद्देश्य से निकले थे, लेकिन ससुराल नहीं पहुंचे। जब काफी देर तक उनका कोई पता नहीं चला और मोबाइल फोन भी बंद मिला, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब जितेंद्र राय का कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने मनेर थाना में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजन लगातार अपने स्तर से भी तलाश कर रहे थे, लेकिन दस दिनों तक कोई जानकारी सामने नहीं आई। इसी बीच नाले से शव मिलने की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। जब पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाने की तैयारी की, तो मौके पर पहुंचे परिजनों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि जब तक परिवार के अन्य सदस्य घटनास्थल पर नहीं पहुंच जाते, तब तक शव को नहीं ले जाने दिया जाएगा। इस दौरान कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। लगभग एक घंटे के इंतजार के बाद मृतक की पत्नी और अन्य परिजन मनेर से घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बिहार टीम ने जीता राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में तीसरा स्थान, नबीनगर की बेटियों ने लहराया परचम

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार)हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में बिहार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसी मजबूत टीमों ने हिस्सा लिया था ।बिहार टीम में पटना, खगड़िया, गया और औरंगाबाद के खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड की पिंकी कुमारी, कुमकुम कुमारी, अमोली कुमारी, खुशी कुमारी और सुहाना कुमारी ने अपने उत्कृष्ट खेल से राज्य और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। टीम के कोच विवेक कुमार और टीम मैनेजर संतोष मिश्रा ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल बेहतर संसाधन, नियमित प्रशिक्षण और निरंतर परिश्रम की। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ियों को समय पर उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं ।बिहार राज सुपर स्पीड खो-खो संघ के सचिव योगेंद्र भूषण ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए कहा कि औरंगाबाद जिले की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और जिले में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देगी।

# पटना पुलिस ने किया 50 लीटर देशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ईचीपुर गांव से पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 लीटर देशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुमार और राम कुमार के रूप में हुई है। रोहित कुमार खैनीय गांव का निवासी है, जबकि राम कुमार देवरिया गांव का रहने वाला है। दोनों आरोपी भगवानगंज थाना क्षेत्र, जिला पटना के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर देवरिया गांव में हर वर्ष एक बड़े मेले का आयोजन किया जाता है। इसी मेले की भीड़ और अवसर का फायदा उठाकर दोनों आरोपी अवैध शराब बिक्री की योजना बना रहे थे।आरोपियों ने ईचीपुर रोड को अपना ठिकाना बनाया था और गुप्त रूप से देशी शराब की बिक्री कर रहे थे, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके ।इसी दौरान दुल्हिन बाजार थाना प्रभारी सोनू कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ईचीपुर रोड पर दो युवक अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की, जहां से 50 लीटर देशी शराब बरामद की गई और दोनों युवकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में दुल्हिन बाजार थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि, मकर संक्रांति और मेलों के दौरान शराब तस्करी की आशंका को देखते हुए लगातार निगरानी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब कारोबार पर पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई जारी रहेगी ।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है ।क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# स्वास्थ्य कारणों से ओनेक्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने दिया इस्तीफा, विद्यालय में उदासी का माहौल

**पंकज कुमार पाठक,**
**दैनिक समाज जागरण**



बरही। स्थानीय बरही स्थित ओनेक्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शिव कुमार पाठक ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से स्वैच्छिक इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बीते सप्ताह विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार को लिखित आवेदन सौंपते हुए कार्यमुक्त किए जाने का अनुरोध किया।

श्री पाठक के अचानक लिए गए इस निर्णय से विद्यालय परिवार में उदासी और भावुकता का माहौल व्याप्त है। शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उनके स्नेहिल व्यवहार और कुशल नेतृत्व को याद कर रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान श्री पाठक ने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया, बल्कि अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिव कुमार पाठक के नेतृत्व में ओनेक्स पब्लिक स्कूल ने उल्लेखनीय प्रगति की है और विद्यालय को एक नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि श्री पाठक की कमी निश्चित रूप से खलेगी, किंतु उनके स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए प्रबंधन ने उनके निर्णय का सम्मान किया है,बेशक वे फिलहाल कार्य करने में सक्षम न हो लेकिन वे हमेशा विद्यालय से जुड़े रहेंगे,उनके मार्गदर्शन में ही विद्यालय रहेगा।

विद्यालय परिवार ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

# तेज रफ्तार बुलेट ने राहगीर को मारी टक्कर, एसआई की मौत, तीन गंभीर घायल

**पंकज कुमार पाठक,दैनिक समाज जागरण**

पदमा: ओपी के निकट एक होटल के पास चाय पीकर सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज गति से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



मृतक की पहचान पदमा स्थित जैप-7 में कार्यरत एसआई अनिल पासवान (58 वर्ष) पिता अनेसा राम के रूप में की गई है। वे बड़कागांव, रकसिया थाना विक्रमगंज, जिला रोहतास के रहने वाले थे। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां एवं एक पुत्र छोड़ गए हैं।

इस दुर्घटना में बुलेट मोटरसाइकिल के चालक सहित उस पर सवार दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है।

# दक्षिण छनटिला में महामाया दुर्गा क्लब का टी-10 नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट 16 जनवरी को

**श्रीभूमि संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुल्लभछड़ा के पासवर्ती दक्षिण छनटिला में महामाया दुर्गा क्लब द्वारा टी-10 नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट (7A साइड) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 16 जनवरी को स्थानीय खेल मैदान में आयोजित होगी।

टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में दुल्लभछड़ा के समाजसेवी दीपन सिन्हा एवं




संपादक रणधीर यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। क्लब पदाधिकारियों के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।

क्लब की ओर से बताया गया है कि इच्छुक खिलाड़ी खेल संचालन समिति के अध्यक्ष एवं संपादक से संपर्क कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। टूनार्मेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7,000 रुपये तथा द्वितीय स्थान पाने वाली टीम को 4,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 1,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

खेल संचालन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और नव पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करें।

# ग्रामीणों को ठेंगा दिखा चेकनाका के समीप स्थित एक मकान में धड़ल्ले से बिक रहा है गांजा

- चेकनाका के समीप पूरी तरह गांजा बिक्री पर रोक लेकिन समीप स्थित आवास पर बिक रहा है गांजा।
- ग्रामीणों के विरोध करने पर गाली गलौज करने पर उतर आते है गांजा बिक्री करने वाले परिवार।



**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड सात मिल चौक स्थित फॉरेस्ट चेकनाका के समीप खुलेआम बिक रहे गांजा बिक्री पर रोक बावजूद चेकनाका के समीप स्थित मथुरा प्रजापति के आवास पर धड़ल्ले से गांजे की बिक्री जोरो पर है ग्रामीणों के द्वारा मना करने के पर गाली गलौज करने पर उतर आया गांजा बिक्री करने वाला परिवार। जिससे ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से गांजा बिक्री पर रोक लगाने की अपील की है ।बताते है चार दिनों से चेकनाका के समीप गांजे बिक्री पर ग्रामीणों के द्वारा पूरी तरह से रोक लगाई गई है जिसके बावजूद चेकनाका की आड़ में कुर्सी लगाकर मथुरा प्रजापति के घरवालों के द्वारा खुले आम बिक्री की जा रही है।

# इत्तेहाद मिल्लत कांफ्रेंस को लेकर जनसंपर्क तेज, 18 जनवरी को जमशेदपुर के आम बागान मैदान में होगा ऐतिहासिक आयोजन

**दैनिक समाज जागरण।**
**संवादाता परमवीर पात्रों**



पूर्वी सिंहभूम:18 जनवरी को प्रस्तावित इत्तेहाद मिल्लत कांफ्रेंस को ऐतिहासिक और सफल बनाने के उद्देश्य से आज व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस क्रम में घाटशिला, मुसाबनी, गालूडीह, पोटका, हल्दीपोखर, मकदमपुर और बमामाईनस सहित कई क्षेत्रों में समाज के ज़िम्मेदार लोगों, बुद्धिजीवियों और स्थानीय कार्यकताओं से मुलाकात की गई।

इस अभियान का नेतृत्व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी काशिफ रजा ने किया। उनके साथ फैयाज आलम सहित कई गणमान्य सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। काशिफ रजा ने कहा कि इत्तेहाद मिल्लत कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी एकता, भाईचारे और सामाजिक न्याय को मजबूत करना है। उन्होंने सभी वर्गों से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह कांफ्रेंस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक मजबूती और एकजुटता का संदेश है।

जनसंपर्क के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में हुई बैठकों में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जनभागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय ज़िम्मेदारों ने भरोसा दिलाया कि वे अपने-अपने इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों को कार्यक्रम से जोड़ेंगे और कांफ्रेंस को सफल बनाने में हर संभव सहयोग करेंगे।

काशिफ रजा ने यह भी स्पष्ट किया कि इत्तेहाद मिल्लत कांफ्रेंस 18 जनवरी को जमशेदपुर के आम बागान मैदान में आयोजित की जाएगी, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक मंच पर एकत्र होकर एकता और सौहार्द का संदेश देंगे।

बैठकें पूरी तरह सकारात्मक माहौल में संपन्न हुईं। सभी क्षेत्रों से उत्साहजनक समर्थन देखने को मिला और यह विश्वास जताया गया कि जमशेदपुर के आम बागान मैदान में होने वाली यह कांफ्रेंस ऐतिहासिक रूप से सफल होगी।

# 29 वर्ष की उम्र में सुखविंदर ने किया अपना 75वां रक्तदान, ब्लड बैंक ने किया सम्मानित

**अभय कुमार मिश्रा,समाज जागरण,**
**ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 15 जनवरी 2026: रक्तदान के क्षेत्र में मिसाल पेश करते हुए जुगसलाई के रहने वाले व वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी संस्था के सक्रिय सदस्य सुखविंदर सिंह सग्गू ने मात्र 29 वर्ष की उम्र में गुरुवार को अपना 75वां रक्तदान बिष्टुपुर ब्लड बैंक में किया। इस उपलब्धि में उनके द्वारा 25 बार रक्तदान एवं 50 बार प्लेटलेट्स दान शामिल हैं, जो उन्हें एक असाधारण रक्तदाता बनाता है। इस विशेष अवसर पर बिष्टुपुर ब्लड बैंक के हेड संजय चौधरी एवं डॉ. एल. बी. सिंह ने उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। दोनों ने सुखविंदर सिंह सग्गू के इस निःस्वार्थ सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं और उनके प्रयासों से अनेक ज़िंदगियां बचाई जा सकती हैं। सम्मान प्राप्त करते हुए सुखविंदर सिंह सग्गू ने कहा कि रक्तदान करना उनका सामाजिक कर्तव्य है और वे आगे भी निरंतर रक्तदान करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर रक्तदान करें और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

# खैर एवं सागौन की लकड़ी की तस्करी पर वन विभाग की कार्यवाही शहडोल।

**दैनिक समाज जागरण।**

जिले में वन विभाग ने अवैध खैर और सागौन लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। उत्तर वन मंडल अंतर्गत तीन अलग-अलग स्थानों पर छापामार अभियान चलाकर लाखों रुपये की कीमती लकड़ी, चेन-सॉ मशीन और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

वन परिक्षेत्र बुढ़ार के ग्राम बुगरा में राम प्रवेश यादव के बाड़ी परिसर से 104 नग सागौन लकड़ी (3.109 घनमीटर) बरामद की गई। वहीं ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के कोलमी वार्ड में अशोक कुमार अवस्थी के निवास से सागौन के छिलन, 13 चेन-सॉ और बैटरी चालित मशीन जब्त की गई। ग्राम पटदई में सुनील अवस्थी के ढाबा परिसर से 130 नग सागौन लकड़ी (2.079 घनमीटर) पकड़ी गई।

वन विभाग के अनुसार खैर लकड़ी की बढ़ती मांग के चलते अब इसके छिलके और जड़ों की भी अवैध तस्करी की जा रही है। डीएफओ श्रद्धा पेंद्रे ने स्पष्ट किया है कि जंगल संपदा की लूट किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तस्करी नेटवर्क पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।